श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 121, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 18

पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 17

## एक नजर

### पांच-पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामद

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों ने पांच-पांच किलोग्राम के दो 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के इरागांव थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि एक दल जब इरागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो, तमोरा और किलेनार गांव के करीब था तभी उन्हें नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाए जाने की सूचना मिली।

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने जनवरी 2020 में कई मौकों पर पीड़िता का यौन शोषण करने वाले कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा सुनाई और एक हजार का जुर्माना भी लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक गरीब मजदूर को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि राजू गोंड ने कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब दो माह पूर्व खदान लगाई थी। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19.22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

# बजट पर चर्चा : कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहबरानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को 'अग्निपथ' योजना को खत्म करना चाहिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया कि सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे? सैलजा ने बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता के प्रावधान का हवाला देते हुए कहा कि क्या सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी हुई? कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी सहूलियत के हिसाब से सरकार स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट का नाम नहीं लेती है।

## कांग्रेस ने कहा-बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी, अन्य राज्यों की अनदेखी

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है, सत्ता बचाने के लोभ में देश के अन्य राज्यों की उपेक्षा है, उनके साथ पक्षपात है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को कहा था कि 27 जुलाई को नीति आयोग की होने वाली बैठक का कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बहिष्कार करेंगे।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी। बजट में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और ओड़िशा सहित कई राज्यों को कुछ नहीं मिला।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

# काठमांडू में हादसा, विमान में लगी आग, 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश, पायलट गंभीर

**काठमांडू, एजेंसी**

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- घायल पायलट अस्पताल में भर्ती मृतकों में यमन का एक नागरिक



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसे में एक विदेशी समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा उसका पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान एन9एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था जब पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसा हुआ। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के खोज व बचाव केंद्र ने एक बयान में बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। हादसे के बाद दमकल की गाड़ियों और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।

मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के 17 कर्मचारियों के रूप में की गई है जिनमें नेपाल की एक महिला और यमन का एक नागरिक शामिल है। पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार हो रहा है। प्राधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में से 15 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की एक स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद काठमांडू हवाई अड्डे पर सेवाएं थोड़ी देर के लिए रोक दी गईं लेकिन बाद में उन्हें बहाल कर दिया गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के अनुसार, कंपनी नेपाल में पांच पर्यटक स्थलों के लिए विमानों का संचालन करती है। उसके बेड़े में तीन बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान शामिल हैं। हाल के वर्षों में खराब हवाई सुरक्षा रिकॉर्ड के लिए नेपाल की आलोचना की गई है, लेकिन इन दुर्घटना की वजहों में मानवीय भूल के अलावा आंशिक रूप से अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां भी शामिल हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन निकाय के अनुसार, अगस्त 1955 में पहली दुर्घटना के बाद से देश में हवाई दुर्घटनाओं में 914 लोग मारे गए हैं। पिछले साल जनवरी में, यति एयरलाइंस का एक विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच भारतीयों सहित सभी 72 लोग मारे गए थे। दुर्घटना का कारण मानवीय भूल बताया गया।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

# कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक जवान शहीद मार गिराया आतंकी

**श्रीनगर, एजेंसी**



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- हिमाचल के ऊना के रहने वाले दिलवर खान शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और हिमाचल प्रदेश के ऊना निवासी सेना के जवान दिलवर खान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

**पटना, एजेंसी**

**अंकुश**

- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को कड़ी सजा का प्रावधान
- पांच साल तक की जेल और लगेगा 10 लाख रुपये जुर्माना

बिहार विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया।

बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किए गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**पटना।** नीट-यूजी 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया।

# एएमयू कैंपस में दो कर्मियों को गोली मारी, 2 गिरफ्तार

**संवाददाता, अलीगढ़**

- तालिब गैंग पर आरोप, 13 साल की किशोरी के पीछे पड़ा है गैंग
- पूर्व से चल रही है मुकदमेबाजी अब समझौते का बना रहे दबाव

**अमृत विचार :** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) कैंपस में बुधवार की सुबह कुछ लोगों ने दो कर्मचारियों को गोली मार दी। घायल अवस्था में दोनों को जेएनयू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनों आपस में भाई हैं। सुरक्षाकर्मियों ने दो हमलावरों को पकड़ पुलिस को सौंप दिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

एएमयू के प्रॉक्टर प्रोफेसर मो. वसीम अली ने बताया कि रजिस्ट्रार ऑफिस के कर्मचारी नदीम और कलीम कैंपस में ऑफिस जा रहे थे। तभी उन्हें गोली मार दी गई। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। कुलपति प्रो. नाईमा खातून भी घायलों से मिलने पहुंचीं। नदीम के पेट और कलीम के सिर में गोली लगी है। परिजनों ने बताया कि उनका तालिब गैंग से विवाद चल रहा है। यह गैंग उनकी 13 साल की बेटी के पीछे पड़ा है। नदीम ने पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। यह गैंग मुकदमा खत्म करने के लिए धमका रहा था। एसएसपी संजीव सुमन का कहना है कि जांच चल रही है।

# शंभू बॉर्डर पर बनाएं यथास्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की सरकार को दिया निर्देश
- किसानों की मांगों पर विचार को समिति बनाने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनरत किसानों की मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत करने को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया और कहा कि किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास की कमी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि आपको किसानों से बातचीत करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आएंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं और उनके नेक इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। न्यायालय ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उचित निर्देश दिए जाएं। तब तक शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने दें। शीर्ष अदालत, हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह में अवरोधक हटाने के लिए कहा था, जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

### एमएसपी की गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है।

# बच्चों से भरी स्कूली बसों को दो घंटे तक रोका, निरीक्षक-एआरटीओ निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट**

- रास्ते से बसों को पकड़कर पुलिस लाइन ले गए थे
- बस चेकिंग के नाम पर गर्मी और उमस से बेहाल रहे बच्चे

**अमृत विचार :** चेकिंग के नाम पर स्कूली बच्चों से भरी दो बसों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और अन्य विभागीय कर्मी पुलिस लाइन ले गए। दो घंटे तक बच्चे भीषण उमस व गर्मी में बैठे रहे। अभिभावकों ने इसकी जानकारी शासन तक पहुंचाई। ट्वीट के जरिये जानकारी होने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जांच रिपोर्ट तलब की। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र को निलंबित कर दिया गया। बाद में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया।

मामला मंगलवार का है। जिले के एक स्कूल के बच्चों की पूर्वान्ह लगभग 11 बजे छुट्टी हुई तो बच्चों को लेकर दो बसें कर्वी तक पहुंच गईं। इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और विभागीय कर्मचारी बच्चों से भरी दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन पहुंच गए। दोनों वाहनों को फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल कराया गया और लगभग एक बजे छोड़ा गया। करीब दो घंटे तक बसों को पुलिस लाइन में खड़ा रखा गया। इस दौरान बच्चे गर्मी-उमस से बेहाल रहे। किसी अभिभावक ने लखनऊ के एक परिचित पत्रकार को इसकी जानकारी दे दी तो उन्होंने इसे ट्वीट कर दिया। मामला शासन तक पहुंच गया। जांच के बाद निलंबन की गाज संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र पर गिरी। उनपर समय से वाहनों की जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र न देने का आरोप है।

**पारिवारिक लाभ योजना** — नया पोर्टल बनकर तैयार, बनाई जा रही है एसओपी, किस जिले में कितने आवेदन लंबित, पोर्टल से चलेगा पता

# 45 दिन के भीतर करना होगा आवेदन का निस्तारण

**राजीव शुक्ला, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए अब लाभार्थियों को वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

आवेदन के 45 दिनों के भीतर अगर सब कुछ सही पाया गया तो योजना का पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तरह समाज कल्याण विभाग अब पारिवारिक लाभ योजना की भी एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में आवेदन निस्तारण की समय सीमा तय की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पारिवारिक लाभ योजना का नया पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। अब इस योजना के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में आवेदन सही पाए जाने के बाद उसे पोर्टल पर फीड कर दिया जाएगा। पोर्टल पर फीड होने से लाभार्थी भी अपने आवेदन की स्थिति को जान सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर यह भी प्रदर्शित होगा कि प्रदेश में किस जिले के कितने आवेदन लंबित हैं, कितने आवेदन निरस्त किए गए और कितने आवेदनों में लाभार्थी के खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

### क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को एक साथ तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती है। शर्त यह है कि मुखिया की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

### आवेदन करने की अवधि भी तय

एसओपी में आवेदन करने की समय सीमा भी तय की जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी वजह से अगर लाभार्थी 45 दिनों में आवेदन नहीं कर पाता, तो उसे आवेदन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को समाज कल्याण निदेशालय से अग्रसारित करेंगे। निदेशालय से अनुमति मिलने के बाद ही आवेदन किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं कर पाएंगे आवेदन

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि पिछले दिनों विभाग ने इस योजना में लंबित आवेदनों की जांच कराई। जांच में एक ही लाभार्थी के छह-छह, सात-सात आवेदन पाए गए। बताया कि ऑनलाइन आवेदन होने से लाभार्थी एक बार ही आवेदन कर सकेगा। पहला आवेदन जांच के बाद निरस्त किए जाने पर भी दोबारा आवेदन नहीं होगा। आवेदन के समय लाभार्थी की ओर से जैसे ही अपने आधार और बैंक खाते का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। बाकी जानकारी आवेदन में अपने आप फीड होती जाएगी। खास बात यह है कि मुखिया का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ऑटो फेच हो जाएगा।

**एक नजर**

### मंडल के जिलों में आज भी बारिश के आसार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल के सभी जिलों में गुरुवार को भी बारिश के आसार हैं। मुरादाबाद में बुधवार शाम बारिश हुई। इससे शहर में कई जगहों पर जलभराव हो गया। बारिश के चलते अमरोहा के गजरौला और मुरादाबाद की कई नदियों में उफान है। लोगों को बाढ़ डर सता रहा है। संभल और रामपुर में मौसम में बदलाव है।

### 30 जुलाई से शुरू होगा सावन मास महोत्सव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री हरि विराट संकीर्तन सम्मेलन समिति का सावन मास महोत्सव 30 जुलाई को व्हाइट हाउस बुद्धि विहार में होगा। इसमें संगीतबद्ध भजन माला एवं रसमय संकीर्तन होगा। यह जानकारी देते हुए पंकज मेहरोत्रा ने बताया कार्यक्रम सायं 7 .30 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। इसका आरंभ आचार्य डा. जगदीश प्रसाद कोठारी करेंगे। संगीतबद्ध भजन माला की प्रस्तुति करने दिल्ली से भजन रस वाहक महावीर शर्मा आ रहे हैं।

# रुश्दा ने रुपाली को 15-0 अंकों के अंतर से हराया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



दमखम दिखातीं छात्राएं।

**अमृत विचार:** 40 किग्रा भार वर्ग में राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की रुश्दा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किला की खिलाड़ी रुपाली को 15-0 अंकों के अंतर से हरा दिया। राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज की मीत ने प्रीत को हराया। मंडलीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किला में जनपदीय बालिका कुराश प्रतियोगिता में छात्राओं ने दमखम दिखाया। राजकीय रजा इंटर कॉलेज के पीटीआई व जनपदीय खेल समिति के सचिव सलीम यूसुफ जैदी ने सर्वप्रथम छात्राओं को खेल के नियमों की जानकारी दी। वीडियो के माध्यम से खेल को समझाया। मंडलीय प्रतियोगिता के लिए वजन वर्ग के अनुसार खिलाड़ियों का चयन किया गया। 40 किलो वर्ग में राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की रुश्दा, 44 किलोवर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किला की मिन्नी चयनित हुईं। 55 किलोवर्ग में खुर्शीद कॉलेज की मीत, 58 किलोवर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारीकुआं की तमन्ना का चयन हुआ। 60 किलोवर्ग में भी खारीकुआं की इंशा, अंडर- 19 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किला की मीना का चयन हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रतिभा सिंह, खेल प्रभारी सविता सक्सेना आदि रहे।

## जनहानि और क्षतिग्रस्त मकानों से प्रभावित लोगों को अब तक 37.91 लाख रुपये की मिली आर्थिक सहायता

# दैवीय आपदा से हुईं आठ जनहानियां, प्रत्येक पीड़ित को मिले चार लाख

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि पिछले दिनों दैवीय आपदा के दौरान हुई जनहानि में तत्काल प्रभाव से सत्यापन की कार्रवाई कराई गई। सत्यापन प्रक्रिया के बाद आठ जनहानियों से प्रभावित परिवारों को राज्य आपदा मोचक निधि से चार लाख प्रति जनहानि के अनुसार करीब 32 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली है।

जिलाधिकारी ने बताया कि छह जुलाई को शहर में मिस्टनगंज की रहने वाली सीमा रस्तोगी (62) पर दीवार गिर गई थी। मलबे में दबने से महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पुत्र कमल रस्तोगी को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई है। आठ जुलाई को स्वार तहसील क्षेत्र में हरनगला की आठ वर्ष की रेखा की डूबने से मौत हो गई थी। उसकी मां धनवती को चार लाख रुपये की मदद मिली है। नौ जुलाई को गांव नानकार रानी निवासी अस्सान उर्फ हस्सान (18) की नदी में डूबने से मौत हुई थी। उनकी मां रेहाना बेगम को चार लाख रुपये का चेक दिया गया है। 17 जुलाई को बिलासपुर में मोहल्ला बाजार कलां निवासी 30 वर्षीय प्रदीप कुमार की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। उसकी पत्नी अनीता को चार लाख रुपये का चेक मिला है। 16 जुलाई को बिलासपुर के गांव पजइया निवासी राज (11) की नदी डूबने से हुई मृत्यु के बाद उनके पिता हरि सिंह को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने दिलाई थी। 22 जुलाई को तहसील सदर क्षेत्र के गांव बहपुरी निवासी मोहम्मद अयान (10) की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। उसकी मां शबाना को चार लाख रुपये का चेक मिला। 22 जुलाई को तहसील मिलक क्षेत्र के गांव जालिफ नगला निवासी अयान (18) की नदी में डूबने से हुई मृत्यु के बाद उसकी मां निशा को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। 22 जुलाई को तहसील मिलक के गांव जालिफ नगला निवासी 19 वर्षीय राजा की नदी में डूबने से मौत हुई थी। उसकी मां रुखसाना को भी चार लाख की आर्थिक सहायता भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू के माध्यम से प्रदान की जा चुकी है।

### मकान क्षतिग्रस्त होने पर पीड़ितों की मदद

जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ दिनों पहले भारी बारिश के दौरान जिन व्यक्तियों के पक्के और कच्चे मकान आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे, उनका भी सर्वे कराकर सहायता धनराशि दी जा चुकी है। इसमें गांव जौलपुर निवासी कैलाश, गांव देवरी बुजुर्ग निवासी कल्यान राम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। इनमें से प्रत्येक को 1,20,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। तहसील सदर में एक और तहसील बिलासपुर में पांच सहित कुल छह आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पक्के मकानों के स्वामियों को 6500 रुपये प्रति मकान की दर से 39000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है।

### प्रभावित क्षेत्र में सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में 28, स्वार में 19, टांडा में तीन, मिलक में 10, बिलासपुर में सात और शाहबाद में 11 सहित कुल 78 कच्चे मकानों के बारे में अतिवृष्टि के कारण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि हुई थी। इन भवन स्वामियों को चार हजार रुपये प्रति मकान की दर से 3 .12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। अब तक तहसील सदर में कुल 10,38,500 रुपये, तहसील स्वार में 8,76,000 रुपये, तहसील टांडा में 12,000 रुपये, तहसील मिलक में 9,60,000 रुपये, तहसील बिलासपुर में 8,60,500 रुपये और तहसील शाहबाद में 44,000 रुपये सहित जनपद में कुल 37,91,000 रुपये की आर्थिक सहायता जनहानि और कच्चे-पक्के मकानों के पीड़ित परिवारों को दी गई है। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों को अतिवृष्टि या बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# किसान के घर में 25 लाख की चोरी

## कुमराला बहादरपुर गांव में हुई वारदात, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)**



घर में परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गजरौला शहर व ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। मंगलवार रात चोरों ने किसान के घर से साढ़े पांच लाख रुपये की नकदी समेत सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह होने पर चोरी का पता चला तो किसान के परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

क्षेत्र के गांव कुमराला बहादरपुर में स्व. वचन सिंह के तीन पुत्र मनवीर सिंह, विनोद व नीटू एक ही घर में रहते हैं। इनका चीनी मिल में ट्रांसपोर्ट का काम है और वहीं खेती करते हैं। मंगलवार रात मनवीर व विनोद फार्म पर सो रहे थे, जबकि नीटू, उसकी पत्नी रविता, बहन सिम्पल, माता ओमवती व अन्य परिजन घर के आंगन में सो रहे थे। रात किसी समय दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने एक कमरे का ताला तोड़कर यहां रखी सेफ अलमारी से आभूषण चोरी कर लिए। फिर चोर दूसरे कमरे में पहुंचे। यहां सेफ में साढ़े पांच लाख रुपये की नकदी और नीटू की पत्नी के आभूषण चुरा लिए। वारदात को अंजाम देकर चोर फरार हो गए। सुबह चार बजे परिवार के सदस्य की नींद खुली तो ताला टूटा व दरवाजा खुला देखा। इससे चोरी का पता चला। इसके बाद परिवार वाले जाग गए। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। नीटू ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो माह में हुईं कई बड़ी वारदातें, नहीं हुआ खुलासा

18 जुलाई को क्षेत्र के गांव लिसड़ी बुजुर्ग में तीन घरों से चारों ने सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। चौथे घर में वारदात को अंजाम देने वाले चोर जाग होने पर फरार हो गए थे। एक जुलाई को गांव शकूराबाद में घर की दीवार फांदकर अंदर घुसने के बाद सोने के जेवर व पांच हजार रुपये की नकदी समेत सवा लाख रुपये का सामना चोरी कर लिया था। नौ जून को गांव सलेमपुर गोसाईं में किसान के घर के कमरे की दीवार में नकब लगाकर चोरों ने सोने चांदी के जेवर व 10 हजार रुपये की नकदी समेत एक लाख रुपये का सामान चुराया था। दो जून को गांव मोहरका पट्टी में दो किसानों के घरों से चारों ने सोने-चांदी और नकदी समेत सात लाख रुपये का सामना चोरी कर किया था।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में लग रहे स्वास्थ्य शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत बुधवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य कैंप लगाए गए। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र प्रभावित गांवों में अभियान चलाकर स्वास्थ्य कैंप लगाए जा रहे हैं। हर रोज डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवा भी दे रहा है। यहां जो भी गंभीर रोगी मिल रहे हैं, उन्हें उनकी स्थिति के हिसाब से सीएचसी पर या फिर जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भी मूंढापांडे, पाकबड़ा, बिलारी, ठाकुरद्वारा, भोजपुर और कुंदरकी सीएचसी क्षेत्र के गांवों में स्वास्थ्य कैंप लगाए गए हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य कैंप के दौरान देखने में आ रहा है कि फीवर के रोगी बढ़े हैं। पेट दर्द, डायरिया के भी रोगी मिल रहे हैं। उधर, कुंदरकी सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि उनके यहां इमरतपुर-उधौ, जटपुरा, रतनुपरा, शिवरावली गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है।

# कई ट्रैकों पर पानी भरने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित, तीन पैसेंजर रद

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **मुरादाबाद यार्ड में पानी घुसने से फेल हुआ होम सिग्नल**
- **मालदा टाउन समेत चार ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया गया**

**अमृत विचार:** देर रात में हुई तेज बारिश से मुरादाबाद और अन्य जगह रेल ट्रैकों पर पानी भरने से बुधवार को ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ। बारिश के चलते मुरादाबाद-बरेली समेत तीन पैसेंजर ट्रेनों को रद करना पड़ा। जबकि मालदा टाउन समेत चार ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया गया। चंदौसी-ऋषिकेश पैसेंजर कुंदरकी में रद होकर चंदौसी से चलाई गई।

मंगलवार देर रात हुई तेज बारिश से रेलवे की सिग्नलिंग प्रणाली को ध्वस्त हो गई। रेल लाइनों पर पानी भरने से मंडल में तीन पैसेंजर ट्रेनों को रद करना पड़ा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-बरेली (04366-65), मुरादाबाद-संभल हातिम सराय (04325-26) और मुरादाबाद-गाजियाबाद मेमू (04335-36) को रद करना पड़ा। सिग्नल फेल होने से माडल टाउन से नई दिल्ली और गरीब नवाज एक्सप्रेस को बदले मार्ग चनहेटी-चंदौसी-हरदुआगंज-अलीगढ़ होकर गाजियाबाद भेजा गया। कई एक्सप्रेस ट्रेनें बुधवार को मुरादाबाद नहीं आई। इसके अलावा चंदौसी-ऋषिकेश पैसेंजर को कुंदरकी में शार्ट टर्मिनेट कर वापस चंदौसी से चलाया गया। वापसी में यह ट्रेन ऋषिकेश से रद की गई। वहीं दूसरी ओर मुरादाबाद यार्ड में पानी भरने से होम सिग्नल फेल हो गया।

बारिश का असर मुरादाबाद-लखनऊ रेल यातायात पर पड़ा। रात और तड़के पहुंचने वाली ट्रेनें घंटों लेट हो गई। दिल्ली जा रही पदमावत एक्सप्रेस समेत लगभग 40 ट्रेनें प्रभावित हुई है। बारिश के कारण मुरादाबाद यार्ड डूबा तो अप डाउन लाइन पर रेल संचालन थम गया। कपूर कंपनी पुल के पास यार्ड में पानी भरा तो मुरादाबाद सिग्नल सिस्टम फेल हो गया। यही हाल रामपुर और मूंढापांडे में रहा। दिल्ली जा रही पद्मावत एक्सप्रेस रामपुर में पौने पांच बजे से पौने छह बजे तक खड़ी रही। यह ट्रेन पांच घंटे लेट है। इसी तरह महामना तीन घंटे, लोहित एक्सप्रेस पौने सात घंटे, सत्याग्रह सवा तीन घंटे, देहरादून काठगोदाम चार घंटे, हरिहर एक्सप्रेस 3.40 घंटे, लखनऊ मेल व एसी एक्सप्रेस तीन घंटे से अधिक रामपुर मुरादाबाद और सहारनपुर रेल खंडों में रुकीं रहीं। इनके अलावा पंजाब मेल, किसान, जननायक, दौराई टनकपुर स्पेशल, मुजफ्फरनगर सप्तक्रांति, शहीद, चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ समेत तमाम ट्रेनें प्रभावित हुईं।

# युवती से छेड़खाने के मामले में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, मैनाठेर**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र निवासी एक युवती को आम के बाग में बुलाकर गांव के पांच लोगों ने छेड़खानी की। पीड़िता ने घटना की शिकायत डीआईजी से की थी। जिनके आदेश पर मैनाठेर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने डीआईजी को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पिता का गांव के अनस, आशिफ व दो अन्य लोगो के साझे में आम का बाग है। आरोप है कि पीड़िता के फोन पर अनस का फोन आया कि बाग में आकर साझे के आम बांट कर ले जाओ। पीड़िता अपने भाई के साथ बाग में पहुंच गई। वहां पर मौजूद अनस, आसिफ, नूरे, मुजस्सिम आदि ने पीड़िता के भाई को कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए भेज दिया। इस दौरान आरोपियों ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। आरोप लगाया कि आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े भी फाड़ दिए। इस दौरान पीड़िता बेहोश हो गई। इस मामले में पुलिस ने मिनजार, अनस, आसिफ, कार्रर, नूरे, मुजस्सिम आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रंजिश को लेकर मारपीट तीन पर हुई कार्रवाई

**भोजपुर, अमृत विचार :** बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना निवासी मोहम्मद याकूब ने थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तीन दिन पूर्व पड़ोस के दिलशाद, ममसाद, अनस आए और पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अवर अभियंता और चार लाइनमैन तलब

**रामपुर, अमृत विचार:** बिजली चेकिंग के दौरान घर में घुसकर महिलाओं को पीटने के मामले में कोर्ट ने विद्युत निगम के जेई और चार लाइन मैन को तलब किया है। अब इस मामले में 16 अगस्त को सुनवाई होगी।

स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण के अनुसार, एक जुलाई 2019 को जेई सुरेंद्र कुमार, लाइनमैन मोहम्मद उबैद, राहुल कुमार, यूसुफ और रूप सिंह चेकिंग के दौरान उसके घर में घुस गए थे। महिला ने विरोध किया था तो अश्लील हरकतें की थीं। महिला की मां को जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। परिजनों ने ग्रामीण को घटना के बारे में जानकारी दी थी। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई थी। पीड़ित ने अधिवक्ता वसीम अहमद के माध्यम से कोर्ट में शिकायती पत्र दाखिल कर दिया था। इस मामले में कोर्ट ने सभी आरोपियों को तलब किया है।

# भाजपा की बात करने पर ग्रामीण को पीटने के मामले में कार्रवाई

**संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)**

- **मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, बंदार का मामला**

**अमृत विचार:** भाजपा की बात करने पर गांव के ही दो लोगों ने ग्रामीण की पिटाई की थी। इस मामले में मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बंदार निवासी मुनेंद्र सिंह की पत्नी सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने दुर्वेश व जगमोहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता के मुताबिक, 27 जून को उसका पति मुनेंद्र दुकान से घर आ रहा था। रास्ते में प्रधान के समर्थक दुर्वेश और जगमोहन ने मुनेंद्र को अपने पास बुलाया। जहां चुनाव की बातें चल रही थीं। बातचीत के दौरान मुनेंद्र ने कहा कि हम तो भाजपा के साथ हैं। इस बात पर दोनों लोगों ने उसके साथा हाथापाई शुरू कर दी। कहा कि भाजपा के साथ नहीं अखिलेश के साथ रहो। सूचना के बाद महिला व उसकी सास मुनेंद्र को बचाकर ले आए। आरोपी फिर भी नहीं माने और वे घर तक आ गए। दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए। आरोप है कि जगमोहन के हाथ में तमंचा था। इसे देखकर मुनेंद्र जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी पत्नी को मारा पीटा। घटना के बाद महिला थाने गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

बाद में महिला गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर स्थित मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय पहुंची। जहां घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। अब मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उनका राशन भी बंद करा दिया है। उसने आरोपियों से अपनी जान को खतरा भी बताया है।

## युवक पर किशोरी को अगवा करने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र की किशोरी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के युवक के साथ कही चली गई। किशोरी के परिजनों ने युवक पर बहला फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी व युवक की तलाश करना शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 16 वर्षीय किशोरी कक्षा नौ पढ़ती है। युवक का आरोप है कि थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला निवासी राजा बाबू उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ कही ले गएया है। आरोप है कि उस समय आरोपी राजा बाबू व उसके साथियों ने धमकी दी थी कि अगर कोई कार्रवाई की तो हम तेरे लड़के को जान से मार देंगे। इसलिए पीड़िता ने कोई शिकायत नहीं की थी, लेकिन अब आरोपी राजा बाबू उसकी बेटी को अपने साथ ले गया है।

# लिपिक की नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये ठगे

**संवाददाता,बहजोई (संभल)**

- **एसपी के आदेश पर दो नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में परचून दुकानदार के बेटे की पुलिस में लिपिक की नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लोगों ने पांच लाख रुपये ठग लिए। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद व तीन अज्ञात सहित पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बहजोई के गांव मचखेड़ा के यशवीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में इंद्रलोक कालोनी में परचून की दुकान करते थे। वहीं पर रह रहे बहजोई के ही विश्नोई उर्फ़ नितिन ने बेटे की पुलिस में लिपिक के पद नौकरी लगवाने के लिए परीक्षा का एडमिट कार्ड ले लिया। उसके बाद पिता पुत्र को दिल्ली में बुला लिया। जहां सीजेएम कांप्लेक्स में पहुंचकर दो लोगों से मिलवाया। वहीं पर मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव आदिलपुर रहटा के मोनू चौधरी उर्फ इनासिफ से मुलाकात हुई। बताया गया कि नौकरी लगने के लिए 16 लाख रुपए खर्च होंगे। यशवीर ने 16 लाख देने में असमर्थता जताई तो इन लोगों ने मार्कशीट देने से इन्कार कर दिया। बाद में मोनू चौधरी ने 10 लाख रुपए में नौकरी लगवाने का वादा कर अपने घर पर 2.95 लाख मंगा लिए जबकि पांच हजार रुपए ऑनलाइन मोबाइल नंबर पर भी ट्रांसफर कर लिए। बाद में दो लाख रुपए भी ले लिए। कहा कि पांच लाख रुपए नौकरी लग जाने के बाद दे देना, लेकिन नौकरी नहीं लगी। एसपी के आदेश के बाद बहजोई पुलिस ने विश्नोई उर्फ़ नितिन निवासी बहजोई के अलावा मोनू चौधरी और तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। कोतवाल योगेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

**उपलब्धि** माइनस 9 डिग्री सेल्सियस में 20,616 ऊंचाई पर लहराया तिरंगा, कई पर्वतों पर हासिल की सफलता

# विपिन ने कांग यासते-2 पर लहराया राष्ट्रीय ध्वज

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



कांग यासते-2 पर्वत पर तिरंगा लिए मौजूद विपिन सैनी। ● अमृत विचार

- **मऊ के रहने वाले हैं विपिन सैनी 2010 में की करियर की शुरुआत**

**अमृत विचार:** पर्वतारोही विपिन सैनी ने एक बार फिर महानगर का नाम देश में रोशन किया है। उन्होंने माइनस 09 डिग्री सेल्सियस में 20,616 ऊंचाई वाले कांग यासते-2 पर्वत पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। वह इससे पहले भी कई पर्वतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा चुके हैं।

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2010 में की थी। मऊ निवासी विपिन सैनी की पत्नी राखी सैनी ने बताया कि उनके करियर की शुरुआत 2010 में स्काउटिंग से हुई। मारखा वैली लेह लद्दाख स्थित कांग यासते-2 पर्वत पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की शुरुआत उन्होंने 16 जुलाई से शुरू की। उन्होंने 24 जुलाई को पर्वत पर तिरंगा फहराकर अपनी यात्रा पूरी की। इस दौरान उन्हें विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ा। पर्वत की ऊंचाई 20,616 फिट थी। इसपर -9 डिग्री ठंड उनकी यात्रा को और कठिन बना रही थी। लेकिन, उन्होंने हौसला नहीं हारा और पर्वत पर तिरंगा लहराकर सभी को गर्व का अहसास कराया।

बता दे कि इससे पहले भी विपिन ने विभिन्न पर्वतों पर तिरंगा लहराकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की है। उन्होंने पर्वतारोहण में मास्टर डिग्री हासिल की है। 2011 में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स, 2016 एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स, 2016 में लेह की चोटी स्टॉक कांगड़ी, 2018 मास्टर डिग्री, 2018 में अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो, 2019 में माउंट अंगदुरी हिमाचल प्रदेश, 2020 में पातालसू हिमाचल प्रदेश, 2020 में केदारकांठा ट्रेक उत्तराखंड, 2021 में फ्रेंडशिप चोटी हिमाचल प्रदेश और 2022 में चंगला पास साइकल द्वारा लेह लद्दाख की यात्रा की। साथ ही अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो फतह कर पूरी दुनिया में महानगर का नाम रोशन किया है। इतना ही नहीं वह राज्यपाल बीएल जोशी द्वारा राज्य पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से महानगर के पर्वतरोहियों में खुशी है। क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार समेत अन्य ने उन्हें बधाई दी।

## चेस्ट-टीबी और संचारी वार्ड में बढ़ाए गए बेड

**मुरादाबाद, अमृत विचर :** जिला अस्पताल में भर्ती रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। स्थिति ये आ गई है जिला अस्पताल प्रशासन को अतिरिक्त बेड बढ़ाने पर पड़ रहे हैं।

दूसरे तल पर स्थित चेस्ट-टीबी वार्ड में 37 बेड थे। यहां दो बेड और बढ़ाए गए हैं। इस वार्ड में बुधवार सुबह कुल 38 रोगी भर्ती थे। इसमें 29 रोगी टीबी के और 9 रोगी बुखार के थे। दोपहर को रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉ. प्रवीन शाह ने टीबी के तीन और बुखार के सात रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होने से उन्हें छुट्टी दे दी है। जबकि, दो रोगी स्वास्थ्य लाभ न होने से किसी अन्य अस्पताल में चले गए हैं। टीबी के एक रोगी को रेफर किया गय है। इसके बाद दोपहर दो बजे तक वार्ड में टीबी के 23 और बुखार के दो रोगी भर्ती थे। इसी तरह संचारी एवं फीवर वार्ड में सुबह कुल 42 रोगी भर्ती थे। इसमें कई बेड पर दो-दो रोगी शिफ्ट किए गए थे।

# भगवान राम को अपशब्द कहने पर अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर एक अधिवक्ता पर भगवान राम को अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित की शिकायत पर मझोला थाना पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार निवासी विजेंद्र सिंह ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती 19 अप्रैल 2024 को अपने साथी शरद वर्मा, सुरेश पाल, अरविंद मोहन के साथ रात में टहल रहा था। इसी बीच उसके मोबाइल पर चौधरी नीरेश अरुण एडवोकेट निवासी शिवपुरी बदायूं व हाल निवासी विकास नगर थाना चंदौसी का फोन आया। फोन आने पर विजेंद्र सिंह ने अधिवक्ता नीरेश अरुण को राम-राम कहा तो आरोपी नीरेश अरुण भड़क गया और उसने गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दी। आरोपी ने कहा कि वह भगवान राम को नहीं मानता और मैं केवल बाबा साहब को मानता हूं। इसलिए मैं जय भीम कहता हूं। इतना ही नहीं अधिवक्ता नीरेश अरुण ने उसे काफी देर तक गालियां दी और भगवान राम को लेकर भी अपशब्द कहे। विजेंद्र का कहना है कि आरोपी नीरेश ने समाज में साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की नीयत से हिंदू धर्म की आस्था के प्रतीक भगवान राम को अपमानित करते हुए अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने पर हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले मुझे व करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दो लोगों को जारी किए गए दिव्यांग प्रमाणपत्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिव्यांग मेडिकल बोर्ड बुधवार को टाउन हाल के पास स्थित गुलजारीमल धर्मशाला में शिविर लगाया गया। जहां कई आवेदकों में दिव्यांगता का मूल्यांकन किया गया। इसमें केवल दो आवेदक ही पात्र मिले हैं, जिनका दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

मेडिकल बोर्ड के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकिशोर ने बताया कि जिन आवेदकों में 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता होती है, उन्हें ही दिव्यांग प्रमाणपत्र देने के लिए मेडिकल बोर्ड संस्तुति करता है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला में कानपुर से एक टीम आई थी। इस टीम के सदस्यों ने दिव्यांगों को जरूरी उपकरण देने के लिए चिह्नित किया है। उन्होंने बताया कि अब गुरुवार को कंपनी बाग में सेनानी भवन में दिव्यांगों के लिए शिविर लगाया जाएगा। जबकि, दिव्यांग मेडिकल बोर्ड मूंढापांडे में बीआरसी पर शिविर लगाएगा।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:32 | सूर्यास्त 07:11

श्री माधव आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
healthy Eye is the main source of your strength.

डॉ. उपमा अवस्थी
एम.एस ऑफ्थैल्मोलॉजी जी.एस.वी.एम. कानपुर पूर्व फेलो इन फेको (श्रॉफ आई, दिल्ली) पूर्व फेलो इन विट्रियो-रेटीना (दिल्ली) पूर्व विट्रियो रेटीना कंसलटेन्ट सी.एल. गुप्ता, मुरादाबाद यू.पी.एम.सी. रजि. नं. 56677
ओ.पी.डी.समय
सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक श्री माधव आई सेन्टर
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बालाजी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

### एक नजर

**बेकाबू वाहन ने तोड़े स्मार्ट सिटी के कैमरे व पोल**

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली रोड पर 22 जुलाई की रात में एक बेकाबू वाहन ने सिटी सर्विलांस को लगाए गए पोल में टक्कर मार दी। जिससे कैमरे व पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में स्मार्ट सिटी के फील्ड इंचार्ज प्रवीण चौधरी ने वाहन संख्या के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल की तरह अच्छे से विकसित किया जाए: डीएम

## केंद्रों पर मानक के अनुसार कराएं बच्चों का वजन और लंबाई की नाप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक हुई। इसमें पोषण ट्रेकर पर आधार कार्ड व मोबाइल सत्यापन कराने की समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर मानक के अनुसार बच्चों की लंबाई नाप और वजन कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल की तरह अच्छे से विकसित करने के लिए कहा।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य अधिकारी।

- **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित**

जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) को हर केंद्र के अनुसार बच्चों की नापजोख संबंधी डेटा की रिपोर्ट बनाकर देने का निर्देश दिया। टेक होम राशन वितरण में भगतपुर टांडा, बिलारी और कुंदरकी की स्थिति खराब होने पर सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बर्तनों की उपलब्धता की जानकारी ली। सैम एवं मैम बच्चों की रिपोर्टिंग एवं मानीटरिंग के बारे में जानकारी ली। कहा कि ऐसे बच्चों के लिए दवा की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी और सीडीपीओ आपसी समन्वय के साथ सैम एवं मैम बच्चों की मानीटरिंग करें। आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प पर भी चर्चा कर 18 सूचकांकों के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, बीएसए और सीडीपीओ को आपसी समन्वय के साथ केंद्रों के कायाकल्प सूचकांक को पूरा कराने का निर्देश दिया।

केंद्रों पर बच्चों की गतिविधियों संबंधी पाठ्यक्रम को ठीक से अमल में लाने और उनकी गतिविधियों व रुचियों को संवारने का कार्य करने पर जोर दिया। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल की तरह अच्छे से विकसित किया जाए। रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं खाने की भी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसीएमओ, डीपीआरओ, बीएसए, डीएसओ के अलावा सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीडीपीओ आदि मौजूद रहे।

## खाना खाकर बिगड़ी युवक की हालत, पत्नी पर जहर देने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने अपनी पत्नी पर खाने में जहर देने का आरोप लगाया है।

बुधवार को जयंतीपुर टीचर कालोनी निवासी फारुख को पड़ोसियों ने जहर खाई हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फारुख ने बताया कि उसकी पत्नी ने खाने में जहर मिला कर दिया है। वह साप्ताहिक बाजारों में मसाले का फड़ लगाने का काम करता है। छह महीने पहले उसकी शादी चक्कर की मिलक निवासी युवती के साथ हुई थी। तीन महीने से वह परिवार से अलग किराए के मकान में रह रहा था, जहां रविवार रात उसकी पत्नी ने मां-बाप से मिलने जाने पर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की। जिसकी शिकायत उसने मझोला पुलिस से की थी। बुधवार सुबह में साप्ताहिक बाजार लगाने जा रहा था। पत्नी द्वारा दिया खाना खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। मैंने पत्नी से पूछा कि खाने में कुछ मिलाया है तो वह हंसने लगी। पड़ोसियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलेगी तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# निजी टेलीकॉम कंपनी के वरिष्ठ मैनेजर पर छेड़खानी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### शिकायत

- **महिला कर्मचारी ने लगाया था आरोप, रिपोर्ट दर्ज**
- **पीड़िता ने एसएसपी से की थी आरोपी की शिकायत**

**अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र के अंतर्गत निजी टेलीकॉम कंपनी में काम करने वाली युवती ने मैनेजर पर छेड़छाड़ और अभद्रता का आरोप लगाते हुए एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। उनके आदेश पर पुलिस ने आरोपी मैनेजर व उसके साथियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि डेढ़ साल से वह थाना गलशहीद के गांधीनगर स्थित निजी टेलीकाम कंपनी के कार्यालय में सीआरओ के पद पर कार्यरत है। उसके कार्यालय का सीनियर मैनेजर उस पर और अन्य महिला कर्मचारियों पर बुरी नजर रखता है। गलत कमेंट और इशारे करता है। पीड़िता के अनुसार मैनेजर द्वारा स्टाफ को हर माह की पहली और दूसरी तारीख को छोटी सी गेट टू गेदर पार्टी दी जाती है। पीड़िता ने बताया कि एक मई रात लगभग आठ बजे स्टेशन रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में उसने पार्टी दी थी, जहां पीड़िता, उसके मैनेजर अन्य साथी कर्मचारी और सीनियर मैनेजर बैठे थे। आरोप है कि उसी दौरान आरोपी सीनियर मैनेजर ने उससे अभद्रता की। घटना का विरोध करने पर आरोपी सीनियर मैनेजर गुस्सा हो गया। पीड़िता के अनुसार 16 मई को आरोपी सीनियर मैनेजर ने उसे और उसके सहकर्मी को अपने केबिन में बुलाया। वहां उसने पीड़िता के साथ अभद्रता करते हुए उल्टा सीधा कहा।

आरोपी ने धमकी दी कि तुम रिजाइन कर दो वरना मैं तुम्हारी नौकरी खा जाऊंगा। कंपनी के अधिकारियों से शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी ने गलशहीद एसएचओ को जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी मैनेजर अनूप मित्तल व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फोन पर ऑर्डर देकर ठगने वाले पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गलशहीद थाना पुलिस ने फोन पर ऑर्डर देकर बैट्रियां ठगने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच बैट्रियां बरामद की हैं। पकड़े गए दोनों आरोपी अमरोहा के रहने वाले है। इस मामले का खुलासा एसपी सिटी ने प्रेसवार्ता में किया।

बुधवार को पुलिस लाइन में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि गलशहीद थाने में गांधी नगर निवासी सुमित चावला ने 20 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका बैट्रियां बेचने का व्यापार है। फोन पर एक व्यक्ति ने छह बैट्रियों का ऑर्डर दिया था। ठग ने ठेले वाले से पांच बैट्रियां एक स्थान पर उतरवा लीं और एक बैट्री दूसरे स्थान पर उतारने के बाद पैसे देने के लिए कहा था। इसके बाद ठग मोबाइल बंद कर फरार हो गए थे। गलशहीद थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने पुलिस टीम के साथ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल के जरिए अमरोहा के चौकी वासुदेव निवासी अरशद और अमरोहा के मोहल्ला बाजार रज्जाक निवासी जमाल सरदार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पांच बैट्रियां बरामद की गई हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह फोन पर ऑर्डर देकर बैट्रियां ठग लेते हैं और उन्हें दिल्ली राजस्थान में बेच देते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया है।


पुलिस लाइन सभागार में धोखाधड़ी का खुलासा करते एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया।

### कार्रवाई

- **आरोपी राजस्थान व दिल्ली में बेच देते थे बैट्रियां**
- **अमरोहा के रहने वाले हैं पकड़े गए दोनों आरोपी**

## विद्यार्थियों को एक हजार से ज्यादा पुस्तकें बांटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सोशल फाउंडेशन सामाजिक संगठन ने बुधवार को हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तक वितरित कीं। लक्ष्य बुक बैंक के तत्वावधान में 25000 पुस्तक वितरण अभियान के तहत विद्यालय में 1000 से अधिक पुस्तक वितरित की गईं।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी राजेश रस्तोगी ने लक्ष्य बुक बैंक के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल के इन कार्यों की सराहना की। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में अंत्योदय की भावना को बल प्रदान करते हैं। डॉ. अनुज अग्रवाल ने बताया कि उनके फाउंडेशन द्वारा गत वर्षों से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह, डॉ. जगदीश, देवेंद्र जटराना, कविता सचदेवा, सलोनी जैन, जग्गू बोहरा, अनुष्का अग्रवाल, देव अग्रवाल, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संचालिका समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लैक्मे अकादमी की संचालिका समेत तीन लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाना पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अकादमी की दो छात्राओं व एक छात्र ने तहरीर देकर संचालिका पर भेदभाव समेत अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न हो, इसलिए अकादमी को सील भी कर दिया।

यह रिपोर्ट अकादमी में ट्रेनिंग करने वाली तान्या चौधरी, स्वाति पाल व जतिन कुमार सैनी की ओर से दर्ज कराई गई है। जिसमें अकादमी की संचालिका रक्षनंदा खान, उनके पति शहनवाज खान व एक अन्य को नामजद किया है। एसएसपी का कहना है कि पूरे मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

महानगर के कांठ रोड स्थित लैक्मे अकादमी में मेकअप समेत कई कोर्स सिखाए जाते हैं। छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि अकादमी में कलावा, सिंदूर, मंगलसूत्र पहनकर जाने पर उत्पीड़न किया जाता है। हिंदू बच्चों का ब्रेन वाश किया जाता है। अकादमी में खुलेआम नमाज पढ़ी जाती है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि अकादमी की संचालिका मुस्लिम लड़कों के साथ रहने के लिए प्रेरित करती हैं। कहती हैं कि मैं भी पहले हिंदू थी। शादी करके एक मुस्लिम के साथ रह रही हूं। अकादमी में नकली प्रोडक्ट भी रखे जाने की बात कही। तान्या ने पुलिस को बताया कि नकली प्रोडक्ट के कारण चेहरे पर एलर्जी हो गई थी। काफी इलाज कराने के बाद ठीक हो सकी। आरोप लगाया कि हिंदू छात्र-छात्राएं विरोध करती हैं तो उन्हें बीच में ही निकाल दिया जाता है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों ने फीस वापसी के साथ ही परिजनों की जान की सुरक्षा भी किए जाने की मांग पुलिस से की। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही अकादमी को सील कर दिया गया है। विवेचना की जा रही है। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

### बजरंग दल ने किया था प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को अकादमी के अंदर हिंदू विद्यार्थियों के साथ भेदभाव को लेकर बजरंग दल ने प्रदर्शन किया था। अकादमी की संचालिका व अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। जिसके बाद ही पुलिस हरकत में आई। एसएसपी के निर्देश पर सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

- **दो छात्राओं व एक छात्र ने लगाया था मुस्लिम लड़कों के साथ रहने को उकसाने का आरोप**

### सहूलियत

**नया मुरादाबाद स्थित एसोसिएशन के भवन में एक साल के लिए किराए पर दिए जाएंगे स्टॉल, 14 स्टॉल तैयार**

# एमएचईए की पहल पर निर्यातक महानगर में ही बेच सकेंगे उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की पहल पर अब निर्यातक महानगर में ही हैंडीक्राफ्टस उत्पाद की बिक्री कर सकेंगे। जल्द ही नोएडा में लगने वाली एक्सपो मार्ट की तर्ज पर नया मुरादाबाद में कैश एंड कैरी मार्ट शुरू होने जा रहा है। एमएचईए के भवन में निर्यातकों के लिए नौ-नौ मीटर के स्टाल तैयार कराए जा रहे है। जिन्हें एक साल के लिए किराए पर दिया जाएगा। जिसके बाद देशी व विदेशी ग्राहक मुरादाबाद आकर निर्यातकों के उत्पाद देखकर उनकी खरीदारी कर सकेंगे

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा नया मुरादाबाद स्थित एसोसिएशन के भवन में महानगर के निर्यातकों के लिए नौ-नौ मीटर के स्टाल तैयार कराए जा रहे है। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदुर्रहमान व महासचिव अवधेश अग्रवाल ने दी है। जिसके तहत निर्यातकों को अपने उत्पाद की मार्केटिंग करने के लिए 50 स्टाल तैयार किए जाएंगे। अभी फिलहाल 14 स्टाल बनकर तैयार भी हो गए है। बताया गया कि एसोसिएशन के सदस्य निर्यातकों को ही मार्केटिंग की सहूलियत के लिए स्टाल दिए जाएंगे। स्टॉल पर निर्यातक अपना उत्पाद सीधे खरीदार को बेच सकेंगे साथ ही फैक्ट्री विजिट के लिए मुरादाबाद आने वाले विदेशी ग्राहक उत्पादों को देखकर अपने ऑर्डर भी दे सकेंगे। यह स्टाल एक साल के लिए निर्यातकों को किराए पर दिए जाएंगे। जिसकी कीमत दो लाख रुपये होगी।


एमएचआईए भवन में निर्यातकों के लिए इस तरह बनेंगे स्टॉल।

> एसोसिएशन के भवन में अभी फिलहाल 14 स्टॉल तैयार कराए जा रहे हैं। उनका डिजाइन भी तैयार हो गया है। भवन में निर्यातकों को मार्केटिंग की सुविधा देने के लिए 50 स्टाल तैयार कराए जाएंगे और उन सभी को किराए पर दिया जाएगा। निर्यातक अपने उत्पाद की मार्केटिंग व आर्डर ले सकेंगे।
>
> – **नवेदुर्रहमान**, अध्यक्ष, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन



> एसोसिएशन के सदस्य निर्यातकों को ही मार्केटिंग की सहूलियत के लिए स्टॉल देंगे। एक साल के लिए स्टॉल की कीमत दो लाख रुपये तय की गई है। एमएचईए भवन के पास में स्थित पांच सितारा होटल पर ठहरने वाले सभी लोग स्टॉलों की विजिट करके खरीदारी कर सकेंगे। निर्यातकों को पसंदीदा हैंडीक्राफ्ट उत्पाद खरीदने की सुविधा होने की जानकारी देने के लिए बोर्ड लगेंगे।
>
> – **अवधेश अग्रवाल**, महासचिव, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन



## पेंशन के लाभार्थी अपने खाते का कराएं केवाईसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहें जिन लाभार्थियों द्वारा अपनी बैंक में केवाईसी/डीबीटी नहीं कराया गया है वह अपने बैंक में जाकर खाते की केवाईसी /डीबीटी अवश्य करा लें, तभी उनकी पेंशन मिलेगी।

मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, नगर निगम के पार्षद और नगर पंचायतों के वार्ड सदस्य भी अपनी ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगर पंचायतों के समस्त लाभार्थियों को सूचित कर दें कि लाभार्थी अपनी बैंक शाखा में जाकर अपने खाते की केवाईसी /डीबीटी पूर्ण करा लें। क्योंकि शासन के निर्देश के अनुसार पेंशन की धनराशि खाते की केवाईसी /डीबीटी कराने के बाद ही लाभार्थियों के खाते में भेजी जाएगी।


छापेमारी में मिले खाद्य सामग्री के नमूने सील करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

# पनीर, टोमैटो सॉस के नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने महानगर के एक मार्ट में छापेमारी कर खाद्य पदार्थ सामग्री विक्रेता के स्टोर से पनीर, काजू और टोमैटो सॉस के नमूने लिए।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि बुध बाजार के साईं काम्प्लेक्स में चेकिंग के दौरान पनीर, टोमैटो सॉस और काजू के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जहां से रिपोर्ट मिलने के बाद यदि नमूने मानक पर खरे नहीं उतरे तो संबंधित दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसडी सच्चन आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज



- पं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन अपराह्न 3 :30 बजे।
- एसएस चिल्ड्रन एकेडमी के स्थापना दिवस पर विद्यालय सभागार में युवा संसद का आयोजन सुबह 9 :30 बजे।
- लालबाग काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## एक नजर

### टाउनहॉल क्षेत्र की आपूर्ति आज रहेगी प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टाउनहॉल बिजलीघर के फीडर कटरानाज पर गुरुवार को मरम्मत कार्य होना है। एसडीओ नागेंद्र कुमार ने बताया कि आरएमयू चार्जिंग और केबल लूपिंग के लिए सुबह चार बजे से सात बजे तक काम होगा, जिसकी वजह से श्याम आइसक्रीम क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहेगी।

### कांठ सीएचसी गर्भवती महिलाओं को टीटीएम के टीकाकरण करने के मामले में सबसे कमजोर

# गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण में स्वास्थ्यकर्मी बेपरवाह

**नियमित टीकाकरण**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम गति नहीं पकड़ पा रहा है। इसमें कुछ तो स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही है और कुछ ऐसे भी परिवार हैं, जो टीकाकरण में विश्वास नहीं जताते हैं। यही कारण है कि प्रति महीने के लिए निश्चित कम से कम 8 प्रतिशत लाभार्थियों को टीकाकरण होने का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को शामिल किया गया है। देखा जा रहा है कि चालू वित्त वर्ष के तीन महीने (अप्रैल से जून) में कुल 17.50 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को टीटीएम के टीके लगाए जा सके हैं। इसी तरह जन्म से एक वर्ष तक के 19.42 प्रतिशत बच्चों को बीसीजी का टीका लगाया जा सका है। स्पष्ट है कि टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्यकर्मी लक्ष्य के मुताबिक सफल होते नहीं दिख रहे हैं। हालांकि इस मामले में सीएमओ स्तर से संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को लिखापढ़ी भी हो रही है। चेतावनी भी जारी की जा रही है। गर्भवती महिलाओं को टीटीएम का टीकाकरण करने के मामले में कांठ सीएचसी सबसे कमजोर है। यहां पिछले तीन महीने में कुल 1401, यानी 14.2 प्रतिशत महिलाओं को टीकाकरण किया गया है। यही हाल कुंदरकी सीएचसी का है। यहां 1865 महिलाओं (14.38 प्रतिशत) का टीकाकरण हुआ है। देखा जाए तो ठाकुरद्वारा सीएचसी भी गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के मामले में कोई बेहतर नहीं है। यहां कुल 1299 गर्भवती (14.73 प्रतिशत) महिलाओं को टीका लगाया जा सका है। अर्बन क्षेत्र में 6,312 गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा सका है। जबकि, अर्बन क्षेत्र में 33,815 में गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण करने का लक्ष्य था। वहीं, जन्म से एक वर्ष तक के 93,853 बच्चों को टीका लगाया जाने का लक्ष्य है। इसमें तीन महीने में केवल 18,225 बच्चों को बीसीजी का टीका लगाया गया है।

बच्चों के ओपीवी-3 (ओरल पोलियो) के टीकाकरण के मामले में भी प्रगति बहुत ही कमजोर है। ऐसे ही पूर्ण प्रतिरक्षण (खसरा-मीजिल्स) का टीकाकरण की प्रगति काफी खराब है। 19.75 प्रतिशत बच्चों को मीजल्स का टीका लगाया गया है। पैंटावेलेंट-3 का टीका 17,540 बच्चों को लगा है, जो लक्ष्य से 18.69 प्रतिशत प्रगति है।

| बच्चों की उम्र के हिसाब से ऐसे लगते हैं टीके |
|---|
| बीसीजी का टीका जन्म से एक वर्ष के बीच लगता है। |
| ओपीवी-3 का टीका जन्म से पांच वर्ष के बीच लगता है। |
| मीजल्स का टीका जन्म के नौ माह से 5 वर्ष के बीच लगता है। |
| पैंटावेलेंट-3 का टीका तीन से साढ़े तीन वर्ष के बीच लगता है। |

### टीकाकरण में जोन-7 व 4 में सबसे अधिक दिक्कत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिटी कम्युनिटी प्रोग्राम मैनेजर (सीसीपीएम) लोकेश शर्मा ने बताया कि जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों के जानलेवा बीमारियों से बचाव वाले टीकाकरण का अभियान चल रहा है। टीका बच्चों में काली खांसी, गलाघोटू, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, टीबी, दस्त आदि जानलेवा बीमारियों से बचाव करते हैं। शहरी टीकाकरण में मामले में पिछली बार मुरादाबाद 66 प्रतिशत था। लेकिन, इस बार काफी अच्छी प्रगति रही है। टीकाकरण मामले में जोन-7 व 4 में अधिक दिक्कत आ रही है। जोन-7 में रहमतनगर, मियां कॉलोनी, शिवनगर और जामा मस्जिद के आसपास क्षेत्र में रहने वाले परिवार बच्चों के टीकाकरण को जल्दी तैयार नहीं हो रहे हैं। इसी तरह जोन-4 के वारसी नगर और बरबालान मुहल्लों में दिक्कत आ रही है। इन दोनों जोन में टीकाकरण 70 प्रतिशत से भी कम है। दरअसल, इन मुहल्लों के परिवार जब आशा के समझाने पर भी अपने बच्चों के टीकाकरण को राजी नहीं होते हैं तो स्वास्थ्य कर्मियों की टीम भेजी गई। टीम के समझाने पर कुछ ने टीकाकरण कराया।

> नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति काफी बेहतर है। इसमें कोई लापरवाही नहीं हो रही है। टीकाकरण के मामले में मुरादाबाद 42वें स्थान पर है।
> – डॉ. संजीव बेलवाल, डिप्टी सीएमओ

# टीम ने भदौरा में ध्वस्त कराया अवैध निर्माण

### भदौरा में नगर निगम की 8746 वर्गमीटर भूमि पर 150 लोगों ने किया था कब्जा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कटघर थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने बुधवार को कटघर थाने के भदौरा में एक दिन पूर्व अपने स्वामित्व में ली गई भूमि पर किए अवैध निर्माण व अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। लोगों के विरोध के बीच चले बुलडोजर से सभी के खोखे, दुकानें जमींदोज कर दी गईं। कटघर थाने के भदौरा में निगम की बेशकीमती 8746 वर्गमीटर की भूमि पर अवैध कब्जा कर लोगों ने निर्माण कराया था। इसकी कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी ड्रोन कैमरे से कराई गई।

मंगलवार को अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम ने स्थानीय थाने की पुलिस के साथ कटघर थाने के पश्चिम राजस्व ग्राम भदौरा में पहुंचकर नगर निगम की भूमि पर 4.64 एकड़ में से 8746 वर्गमीटर पर अनधिकृत रूप से लगभग 150 व्यक्तियों के द्वारा टिनशेड, खोखा, पक्की दुकान बनवा कर किए कब्जे को चिह्नित कर अपना बोर्ड लगा दिया था। उन्हें यहां से अपना कब्जा हटाने का आदेश दिया था। इस जमीन की कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक है। बुधवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह आदि अन्य अधिकारियों व पुलिस बल और नगर निगम के प्रवर्तन दल के साथ पहुंचे। उन्होंने सभी को वहां से हटने की चेतावनी पहले ही दे दी थी। इसके बाद जेसीबी से वहां बने खोखे, दुकानें, टिनशेड तोड़कर जमींदोज कर दिया। नोकझोंक के बावजूद टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी हुई। कार्रवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार, मुख्य अभियंता दिनेश सचान, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही और स्थानीय थाने के पुलिस कर्मी और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। वहीं कटघर थाने के आसपास भी अतिक्रमण ध्वस्त कराया गया।

- पूरी प्रक्रिया की ड्रोन कैमरे से कराई वीडियोग्राफी

### मड पंप से कराई जलनिकासी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने जाहिद नगर करूला में मड पंप लगाकर जलनिकासी कराई। बुद्धि विहार में बंद मैनहोल को खुलवाकर जल निकासी कराई।

# नेतृत्व क्षमता विकसित करने को छात्र संघ चुनाव कराना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभाविप की केजीके कालेज इकाई के अध्यक्ष ने लिखा पत्र

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा छात्र संघ चुनाव पर लगाई गई रोक को हटाने और छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केजीके कालेज की इकाई के अध्यक्ष संदीप कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।



संदीप कुमार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष संदीप कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि छात्र संघ चुनाव पर रोक छात्र राजनीति के क्रियान्वयन में बाधक है। युवा हमारे देश का भविष्य हैं और युवाओं में राजनीतिक क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए नियमित रूप से छात्र संघ चुनाव कराए जाना प्रदेश के युवाओं के लिए नितांत आवश्यक है। छात्र संघ चुनाव देश की राजनीति, नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। छात्र संघ चुनाव राजनीति की प्रथम सीढ़ी है जो नवीन राजनीतिक पीढ़ी को तैयार करती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ राज्य स्तर पर अधिकतम नेतृत्वकर्ता छात्र संघ राजनीति से निकले हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बड़ी संख्या में ऐसे सदस्य हैं, जिन्होंने छात्र राजनीति के मंच से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। छात्र संघ चुनाव में युवा राजनीतिक मूल्यों को सीखता है। युवा दूसरों के अधिकारों के लिए लड़ना सीखता है, जहां पहली बार जन सेवा की भावना अंगड़ाई लेती है। छात्र संघ चुनाव वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का आधार स्तम्भ है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राष्ट्र निर्माण में राष्ट्र के नीति निर्माण में राष्ट्र की लोक कल्याणकारी अवधारणा के सहकारीकरण में सहयोग के लिए स्वच्छ पारदर्शी और नियमित चुनाव कराए जाने की मांग की।



भाकियू एकता शक्ति के बैनर तले पाकबड़ा बिजलीघर पर धरना देते किसान।

## पाकबड़ा बिजलीघर पर किसानों का धरना

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने बिजलीघर पर धरना दिया। इस दौरान किसानों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर जेई एवं एसडीओ मौके पर पहुंचे। जिन्हें ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया गया।

बुधवार को कैलसा रोड पर स्थित बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों का कहना था कि कनेक्शन देने के बाद मीटर नहीं लगाए गए जिससे किसान परेशान हैं। हंगामा बढ़ता देख पाकबड़ा जेई टीएन भास्कर मौके पर पहुंचे। उसके बाद चौधरपुर एसडीओ अजय कुमार भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान डॉ. मतीन खां, उवैस खां, शाहरुख चौधरी, इब्ने हसन सिद्दीकी, अकबर अली, नसीम, मुस्तकीम, फहीम, नवाज आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई बिलारी में रोजगार मेला आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय व राजकीय आईटीआई बिलारी द्वारा राजकीय आईटीआई बिलारी के परिसर में 25 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नानटेक्निकल पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थी का पंजीकरण rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रुप से होना चाहिए। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि अभ्यर्थी अपना सम्पूर्ण बायो डाटा दो प्रतियों में (हस्तलिखित अथवा टंकित), समस्त मूल प्रमाणपत्र (छायाप्रति दो सेट में) व दो रंगीन फोटो सहित रोजगार मेले में बने पंजीयन काउन्टर पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं छात्राएं व अतिथि।

**अमृत विचार:** महागनर के कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी की स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. बबीता अग्रवाल ने की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विगत 30 वर्ष की स्मृतियों को संजोया और उपलब्धियों की जानकारी दी।

बुधवार को आयोजित समारोह में पूरे विद्यालय को रंगोली से सजाया गया। सुबह की सभा का विशेष आकर्षण विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल द्वारा रचित नया विद्यालय गीत स्टैंडिंग इन हॉल्स ऑफ एसएससीए विद्यालय को समर्पित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें कक्षा 12 के छात्र आदित्य निर्माणिया ने कविता, आयुष गुर्जर ने भाषण की प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य तथा बुराई पर अच्छाई की विजय की प्रतीक स्वरूप शेक्सपियर के नाटक मैक बेथ का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान विद्यालय से जुड़ी स्मृतियां और भावनाएं विषय पर विद्यालय के सभागार में एक कला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यालय के कलाकारों द्वारा विगत 30 वर्षों की यादों को अपनी कला के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एसएस चिल्ड्रन एकेडमी सिविल लाइंस की निर्देशिका डॉ. साधना अग्रवाल व प्रधानाचार्या डॉ. मृदुल अग्रवाल उपस्थिति रही। इस मौके पर विद्यालय निर्देशक सुनील अग्रवाल, शैक्षणिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल, अर्चना शर्मा, अनन्या मित्तल व ईशिता चौधरी शामिल रहे।

**मनमानी** दुकानों, गोदामों में छापेमारी कर जुर्माना वसूले जाने के बाद भी मनमानी कर रहे दुकानदार

# रोक के बाद भी जारी है पॉलीथिन का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नगर निगम की ओर से कार्रवाई और जागरूकता के प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही सफलता

**अमृत विचार:** जागरूकता व रोक के बाद भी प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व उससे बनी सामग्री का प्रयोग व बिक्री जारी है। लोग अपनी सेहत के प्रति जागरूक नहीं हो रहे हैं। तो तंत्र भी प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन के प्रयोग को पूर्ण रूप से बंद नहीं कर पा रहा है। इससे लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच रहा है।

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग और बिक्री पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया है। मंत्रालय ने जिन सामग्री को प्रतिबंधित सूची में डाला है उनके बगैर जीवन बिताने की आदत डालने में ही भलाई है। यहीं नहीं जन स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए यह ठीक है। सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री में बच्चों और बड़े दोनों से जुड़ी दिनचर्या के सामान हैं। रोजमर्रा के अलावा पार्टी, त्योहार में भी इन सामग्रियों का बहुतायत में प्रयोग होता है। लेकिन, आमजन को अपनी जिंदगी के लिए खतरा बन रहे इन सामानों से तौबा करना ही श्रेयष्कर होगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह ने बताया कि ऐसे दुकानों व गोदामों पर छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक व उससे बनी सामग्री जब्त की जा रही है।

### इन सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री पर लगा है प्रतिबंध

प्लास्टिक कैरी बैग, प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स, गुब्बारे के लिए प्लास्टिक स्टिक, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टीक, प्लास्टिक के झंडे, थर्माकोल (पॉलिस्ट्रीन), प्लास्टिक के कप, प्लेट, गिलास, कांटा, चम्मच, प्लास्टिक के चाकू, स्ट्रॉ, प्लास्टिक ट्रे, मिठाई के डिब्बों को रैप या पैक करने वाली फिल्म, इन्विटेशन कार्ड, सिगरेट के पैकेट और 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्टिरर (चीनी आदि मिलाने वाली चीज) की बाजार में बिक्री और प्रयोग प्रतिबंधित की गई है।

### 16 जुलाई को निगम की टीम ने जब्त की थी 550 किलोग्राम पॉलीथिन

नगर निगम की टीम ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में 16 जुलाई को महानगर के गुरहट्टी चौराहा, आदर्श नगर क्षेत्र में दुकानों और गोदामों पर छापेमारी की। यहां प्रतिबंधित पॉलीथिन बिक्री करने वालों की दुकान से 550 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। जिसे टीम ने जब्त करने के साथ ही ऐसा कारोबार करने वालों को कड़ी चेतावनी दी थी। चालान कर 15,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला था।

### इस तरह पाएं विकल्प

- घर से थैला ले जाएं।
- कागज के लिफाफे में मिलेगा सामान।
- अपनी गाड़ी में या अपने पास हमेशा थैला रखें।



एमआईटी सभागार में कार्यकारिणी बैठक में विचार रखते वक्ता। ● अमृत विचार

## संस्कारित कर बच्चों का भविष्य संवारें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय संस्कृति रक्षा अभियान समिति की कार्यकारिणी बैठक बुधवार को एमआईटी कालेज में हुई। इसमें भारत में राष्ट्रधर्म को सशक्त करके भारतीयों में राष्ट्रीयता को आधार बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं देशभक्ति गीत से हुआ। सुधीर गुप्ता एडवोकेट, आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी और अनिल सिक्का ने कहा कि सामाजिक एकता, भारतीय संस्कृति के इतिहास का वास्तविक वर्णन, शस्त्र एवं शास्त्रों का प्रशिक्षण, राष्ट्रविरोधी एवं समाज विरोधी गतिविधियों को रोकना, समान नागरिक संहिता, जनसंख्या कानून के प्रति जनजागरण किया जाएगा। बैठक में राजेश रस्तोगी, करनवीर सिंह, राजेश भारतीय, अनिल अग्रवाल जोनी, संजीव गुप्ता, अभिनव वर्मा, अनिल अग्रवाल, वाईपी गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, अरविंद चौधरी, सतेंद्र रस्तोगी, राजीव शर्मा, धवल दीक्षित, अक्षलेंद्र सारस्वत, सीताराम शर्मा मौजूद रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### एक नजर

#### नालों के खुले मैनहोल से हो सकता है हादसा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में रामलीला मार्ग पर दोनों ओर नालों के खुले मैनहोल हादसों का सबब बन सकते हैं। इन होल से नगर पंचायत प्रशासन द्वारा लगाए गए लोहे के जाल चोरी हो गए हैं। खुले मैनहोल में रात गिरकर बाइक सवार व अन्य लोग घायल हो रहे हैं। नगर में पेट्रोल पंप तिराहा से प्राथमिक विद्यालय माननगर तक सड़क और नालों का निर्माण कराया गया था। वहीं दोनों ओर के नालों को बंद कराकर बीच-बीच में मैनहोल खुलवाए थे।

#### 45 दिव्यांगों का चिह्नांकन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरण से पूर्व पात्रों के चिह्नांकन को बुधवार को कानपुर की कंपनी एलिम्को ने जीएमडी रोड पर एक धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया। जिसमें जिलेभर से करीब 45 दिव्यांगों का चिह्नांकन हुआ। शिविर एलिम्को कंपनी की ओर से लगाया गया। गुरुवार को सेनानी भवन प्रागंण में चिह्नांकन शिविर लगेगा, जिसके बाद पात्र दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, कान की मशीन आदि विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित होंगे।

# ढेला नदी में किशोर की डूबकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- चार दोस्तों के साथ नदी पर नहाने गया था किशोर

**अमृत विचार :** चार दोस्तों के साथ ढेला नदी में नहाने गए चार किशोर डूब गए। वहां पर मौजूद लोगों ने तीन किशोरों को नदी से बाहर निकाल लिया जबकि एक किशोर की डूब कर मौत हो गई।


मृतक शशांक की फाइल फोटो।

क्षेत्र के गांव लालावाला पीपल साना निवासी हेमराज सिंह सुरजन नगर स्थित गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं। फिलहाल वह उत्तराखंड के काशीपुर स्थित आकांक्षा मार्बल के निकट मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। बुधवार की दोपहर बाद उनका पुत्र शशांक (11) जो कक्षा 6 का छात्र है, मोहल्ले के तीन-चार दोस्तों के साथ साइकिल लेकर घूमने चला गया। इसी दौरान हाईवे मार्ग स्थित ढेला नदी के किनारे पहुंचकर चारों साथी नदी में नहाने लगे। चारों किशोर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। लोगों ने नदी में कूद कर तीन किशोरों को बचा लिया और बेहोशी की हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्होंने होश में आने पर अपने नाम कार्तिक, नोनी व मनु बताया। एक किशोर ने बताया कि उनका एक साथी शशांक भी था। जिस पर पुलिस ने निजी गोताखोरों को साथ ले जाकर ढेला नदी में शशांक की तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश के बाद देर शाम शशांक का शव ढेला नदी से बाहर निकाला। उधर परिजनों ने शशांक की तलाश शुरू कर दी। बुधवार की देर रात्रि जानकारी मिलने पर पुलिस से संपर्क साधा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया।

## जिला अस्पताल रोजाना पहुंच रहे औसतन 1300 से 1400 मरीज, मौसम में बदलाव से बढ़ रहे रोगी

# ओपीडी में बढ़ रही रोगियों की भीड़, दूर-दूराज से आ रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इसमें अधिकांश रोगी संक्रामक रोग वाले ही हैं। ऐसे में जाहिर है कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का असर जिले में कोई खास नहीं है। उधर, बारिश और मौसम में बदलाव होने से संक्रामक रोगों ने तेजी पकड़ ली है।

ओपीडी में पर्चा और दवा काउंटर पर लंबी लाइन लग रही है। डॉक्टरों के कक्षों में रोगियों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में डॉक्टर और उनके पैरामेडिकल स्टॉफ की भी परेशानी बढ़ी है। इस समय जिला अस्पताल में लगभग हर रोज 1300-1400 से अधिक रोगी आ रहे हैं। इनमें बुखार, डायरिया, उल्टी-दस्त, खांसी, जुकाम के रोगियों की बहुतायत है। बच्चों में भी जुकाम, बुखार, खांसी-सर्दी की समस्या देखने को मिल रही है। मौसम के लगातार उतार-चढ़ाव से लगभग हर घर में कोई न कोई बीमार है। जिससे जिला अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिक में मरीजों को भीड़ लगी है। डॉक्टरों का कहना है कि मानसून शुरू होते ही कभी ठंडक तो कभी गर्मी और उमस का सामना लोग कर रहे है। इसका असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा असर है। रात में उमस की वजह से लोग खुले में आसमान के नीचे सोते हैं, जो जुकाम-बुखार जैसी बीमारी का मुख्य कारण है। डॉक्टर बता रहे हैं कि सर्दी-खांसी, बुखार, पेट दर्द, गले में खरास के रोगी बहुत आ रहे हैं। इसी तरह रोजाना 80 से ज्यादा मरीज सांस की समस्या वाले अस्पताल में पहुंच रहे हैं। इन्हें चिकित्सक ठंडी चीज से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र ने बताया कि 15 प्रतिशत रोगियों की संख्या बढ़ी है। हर रोज वायरल फीवर के औसतन 25-30 के रोगी आ रहे हैं। डायरिया के 15-20 प्रतिशत रोगी आ रहे हैं। वीपी, शुगर और हार्ट के रोगी बहुत आ रहे हैं। अगस्त-सितंबर में वायरल-डेंगू भी पांव पसारेगा तो रोगियों की संख्या में और अधिक इजाफा होगा।


जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए लगी कतार। ● अमृत विचार

#### इमरजेंसी कक्ष में भी आ रहे सौ से अधिक रोगी

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि लगभग हर रोज 13-1400 रोगी ओपीडी में आ रहे हैं। 22 जुलाई को 1396 रोगी आए थे। इनमें बुखार के 26 और डायरिया एवं उल्टी-दस्त के 15 थे। इसी तरह मंगलवार, 23 जलाई को कुल 1327 और 24 जुलाई को 1357 रोगी आए। इनमें बुखार के 47 और डायरिया एवं उल्टी-दस्त के 36 हैं।

#### रोगियों की भीड़ में कुंदरकी-बिलारी के अधिक लोग

जिला अस्पताल में कुंदरकी और बिलारी सीएचसी क्षेत्र के रोगियों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। इस बात को जिला अस्पताल के डॉ. एनके मिश्र भी स्वीकारते हैं। लेकिन, कुंदरकी सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ भरतिया का कहना है कि उनके अस्पताल की ओपीडी में हर रोज औसतन 200-250 रोगी आ रहे हैं। इनमें इंफेक्शन और 50-60 रोगी वायरल बुखार के होते हैं। वैसे हम इनकी डेंगू-मलेरिया, टाइफाइड आदि की जांचें भी कर रहे हैं, जो अभी तक निगेटिव ही आई हैं। अब कुंदरकी क्षेत्र के रोगी जिला अस्पताल क्यों पहुंच रहे हैं, इसका कारण स्पष्ट करना मुश्किल है पर काफी रोगी ऐसे होते हैं जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। रतनपुर कलां सीएचसी-पीएचसी में भी रोज करीब 80-90 रोगी आ रहे हैं।

# थोड़ी देर की बारिश में स्मार्ट सिटी की सड़कों पर भरा नाले का पानी

## नगर निगम की जलनिकासी व्यवस्था की खुली पोल, मानसून की बारिश में महानगर हो गया था जलमग्न, लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को बुधवार की शाम अचानक हुई बारिश से फौरी तौर पर राहत मिल गई। लेकिन नगर निगम की जलनिकासी की लचर व्यवस्था व नाला सफाई में लापरवाही लोगों पर भारी पड़ी। थोड़ी देर की बारिश में महानगर की सड़कों पर नाले व बारिश का पानी भर गया। गंदे पानी के बीच से होकर जाने वालों को संक्रामक बीमारी की आशंका सताने लगी।


कांशीराम नगर की सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार


बारिश के दौरान आशियाना में सड़क पर बहता नाले का पानी। ● अमृत विचार

- कांशीराम नगर, आशियाना हनुमान नगर, झब्बू का नाला मोहल्ले के लोगों को हुई परेशानी

मानसून ब्रेक व धूप निकलने से लोग गर्मी व उमस से बेहाल थे। मंगलवार की देर रात थोड़ी बारिश तो हुई लेकिन बुधवार को सुबह फिर धूप निकलने से गर्मी व उमस बढ़ गई। शाम को 6 बजे के करीब अचानक तेज बारिश शुरू हुई। थोड़ी देर की बारिश में महानगर की सड़कों पर नाले का पानी बहने लगा। कांशीराम नगर, आशियाना फेज एक की सड़कों पर पानी भरने से लोगों को बारिश से राहत कम आफत का अहसास हुआ। नाले के गंदे पानी के बीच वाहनों के अलावा पैदल भी लोगों को जाना पड़ा। गंदगी से लोगों को संक्रामक बीमारी का अंदेशा भी सताने लगा। थोड़ी देर के बारिश में नगर निगम के नाला-नाली की तलीझाड़ सफाई और कूड़ा उठान की पोल खुल गई। पानी के बीच सड़क पर पड़ा कूड़ा भी बहने लगा। जिसे देख कर लोगों ने नगर निगम की लचर व्यवस्था को कोसा। वहीं महानगर के मोहल्ला रामतलैया हनुमान नगर, सूर्यनगर, विकास नगर में बारिश के चलते लोगों के घरों में पानी भर गया।

कॉलोनियों में रहने वाले हजारों लोगों को इससे असुविधा हुई। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी नगर निगम प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। लाइनपार विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता देशराज शर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र के तीनों मोहल्ले में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। नालों पर अतिक्रमण है। ढक्का की पुलिया बंद है। पानी भरने से लोगों को परेशानी होती है। कई बार नगर आयुक्त व विधायक से इसके लिए गुहार लगाई लेकिन किसी को फर्क नहीं पड़ता है। वहीं महानगर के झब्बू के नाला रोड पर बारिश का पानी भरने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।


बारिश से सड़क पर हुए जलभराव में इस तरह से जाता बाइक सवार। ● अमृत विचार


झब्बू का नाला रोड पर बारिश से हुए जलभराव के बीच अठखेलियां करते बच्चे।

# झमाझम बारिश ने दिलाई उमस भरी गर्मी से राहत, बिजली ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंगलवार रात झमाझम बारिश के बीच बिजली ने लोगों को खूब रुलाया। तहसील स्कूल बिजली घर से जुड़े इलाके में करीब 3 घंटे बिजली गुल रही। तो लाइनपार, हिमगिरी समेत मझोला में भी बिजली ने लोगों को खूब परेशान किया। आए दिन कहीं न कहीं लोकल फाल्ट होने की वजह से बिजली गुल रहती है। बिजली विभाग के महानगर में 24 घंटे बिजली देने के दावे विफल हो रहे हैं।

मंगलवार रात 11.30 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। लेकिन, बारिश के बीच आधे महानगर की बिजली गुल रही। तहसील स्कूल से जुड़े इलाकों में तीन घंटे बिजली गुल रही। तंबाकू महोल्ला, ठठेरा मोहल्ला, मंडी चौक, कोहना मुगलपुरा, दिनदार पुरा, चौकी हसन खां, हिमगिरी, लाइनपार, बुद्धि बिहार समेत अन्य मोहल्लों में मंगलवार रात घंटों बिजली गुल रही। लाइनपार निवासी रोहित ने बताया कि रात करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई। वहीं हिमगिरी निवासी अनिकेत ने बताया कि यह रोज घंटों बिजली गुल रहती है। बुधवार दिन में भी बिजली की आवाजाही रही। एसडीओ लाइनपार प्रणव ने बताया कि बारिश की वजह से रामलीला ग्राउंड के पास तारों में फाल्ट हो गया था। जिसे शिकायत मिलने पर तुरंत ठीक करा दिया गया था।

# पार्टी कार्यालयों का कराया जाए जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** महानगर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडे ने जिला व महानगर कार्यालयों का निरीक्षण किया। कांग्रेसियों के साथ बैठक कर उन्होंने जिला व महानगर कार्यालयों का जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए।

बुधवार को महानगर के गुरहट्टी स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय व चौमुखापुल महानगर कार्यालय पर पहुंचे प्रदेश कोषाध्यक्ष ने कांग्रेसियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने दोनों ही भवनों का मुआयना भी किया। निरीक्षण के बाद दोनों कार्यालयों के भवनों का सिरे से जीर्णोद्धार व सुधार कराए जाने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यालय केवल भवन ही नहीं, कार्यकर्ताओं की आस्था के केंद्र भी है। तमाम बड़े नेताओं के संस्मरण एवं बड़े बड़े आंदोलन की यादें इनसे जुड़ी हुई हैं। उन्होंने जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा को दोनों भवनों की पैमाइश कराते हुए एस्टीमेट प्रदेश कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। जिससे कि बजट आवंटन कराया जा सके। इस दौरान जिला प्रभारी मिथुन त्यागी, पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सारस्वत सोनी, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अनूप दुबे, विवेक गुप्ता, अफजल साबरी, मोहम्मद अब्बासव, अरशद परवेज एडवोकेट व राजेन्द्र वाल्मीकि शामिल रहे।


कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडे। ● अमृत विचार

## बारिश के बाद भी दिन में तापमान 35.5 डिग्री

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मंगलवार की रात और शाम को हुई बारिश से गर्मी से राहत मिली। 138 मिलीमीटर बारिश हुई। लेकिन अभी मानसून के फिर से सक्रिय होने पर मूसलाधार बारिश का संयोग नहीं बन रहा है। इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा।

बुधवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28.4 डिग्री रहा। आर्द्रता 78 प्रतिशत रही। हालांकि दिन में तेज धूप होने से लोग गर्मी से बेहाल रहे। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी दोबारा मानसून पूरी तरह मैदानी क्षेत्रों में सक्रिय नहीं हो रहा है। छिटपुट बारिश का क्रम चलेगा। मुरादाबाद में बुधवार को 138 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। 9.2 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण दिशा से हवा चली।

# एडिशनल कमिश्नर से मिले टैक्स बार के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गुफरान माजिद, महासचिव शाहवेज मलिक कार्यकारिणी सदस्यों व अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा व जीएसटी में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 अनुपमा गोयल से मिले। उनके मांग की कि विभाग में अनाधिकृत प्रतिनिधित्व की संलिप्तता को रोका जाए।


एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 को पत्र सौंपते ज़ोनल टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दें कि विभाग में केवल वही व्यक्ति अधिकारी के समक्ष किसी व्यापारी की ओर से उपस्थित हो सकता है जो सक्षम हो। इसमें व्यापारी के स्वयं की उपस्थिति, फर्म के वैतनिक कर्मचारी या अपने किसी रक्त सम्बन्धी को अपनी फर्म की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी लिख कर लेने वालों को ही पक्ष रखने का अवसर मिले।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि किसी अधिवक्ता को वकालतनामा साइन करके उपस्थित होने का अधिकार दें या अपनी ओर से अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट को उपस्थित होने का अधिकार मिले। इसके साथ ही विभाग द्वारा नियुक्त जीएसटी प्रैक्टिशनर को अपनी ओर से नियुक्त करके उपस्थित होने का अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति विभाग में किसी व्यापारी की ओर से उपस्थित होता है तो वह असंवैधानिक होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल कमिश्नर ग्रेड एक को यह भी बताया कि जीएसटी विभाग द्वारा फेक इनवॉइस के नाम पर जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापारियों द्वारा यदि किसी व्यापारी से कोई माल खरीदा गया है तो वह केवल उसी व्यापारी को जानता है जिससे उसने माल की खरीद की है लेकिन, जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारी की खरीद की जांच के नाम पर व्यापारिक चेन बनाकर उसकी जांच की जा रही है।

वैट अधिनियम के अन्तर्गत विभाग द्वारा सत्यापन के कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। इस कारण वैट के अन्तर्गत 2017-18 तक के रिफण्ड अभी तक रुके हुए हैं जिनका तेज़ी से निस्तारण किया जाना जरूरी है। जीएसटी राज्य कर कार्यालय में मैनुअल डाक प्राप्त करने के लिए सुविधा होने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष गुफ़रान माजिद व महासचिव के अलावा पूर्व अध्यक्ष आरिफ अली, विपिन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

**राहत** | बजट में युवाओं के कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपये आवंटित होने से खुशी

# बजट से महानगर के युवाओं को जगी रोजगार की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। इस दौरान सरकार ने देश के विभिन्न सेक्टरों को गति देने के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। बजट में युवाओं की देश के विकास में भागीदारी बढ़ाने के लिए कई योजनाओं को शुरू करने की बात कही गई है। महानगर के युवाओं में बजट को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है।

केंद्रीय बजट 2024 में युवाओं के लिए रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें एजुकेशन लोन में छूट मिली है। युवाओं का कहना है कि जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें 10 लाख रुपये से ज्यादा का एजुकेशन लोन मिलेगा। लोन का 3 प्रतिशत तक पैसा सरकार देगी। टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। साथ ही सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू करेगी। इस योजना में 5000 रुपये प्रतिमाह मानदेय और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। वहीं पहली नौकरी ज्वाइन करने वाले युवाओं के लिए एक लाख रुपये से कम सैलरी होने पर ईपीएफओ में 15 हजार रुपये की मदद तीन किस्तों में दी जाएगी। मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की गई।

- बजट में रोजगार सृजन के लिए की गई घोषणाओं पर युवाओं की मिलीजुली प्रतिक्रिया


वर्तमान में देश में करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं। ऐसे में उनको रोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए यह बजट बहुत अच्छा है। इसमें युवाओं का खास ध्यान रखा गया है। युवाओं को इससे एक नई दिशा मिलेगी।
-वैशाली सिंह


बजट में प्रावधान किया गया है कि पहली बार नौकरी करने वाले लोगों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। इसमें एक महीने के वेतन का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण 15 हजार रुपये तक तीन किस्तों के रूप में दिया जाएगा। यह एक अच्छा कदम है।
-कृष्णकांत शर्मा


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए घोषणा की है कि सरकार युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक का लोन भी प्रदान करेगी। केंद्र सरकार का यह कदम युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।
-शिखा दिवाकर


युवाओं को दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण व संविदा नौकरी की घोषणा लोकलुभावन है। युवाओं को एक दो साल का प्रशिक्षण दिलाकर इस तरह नौकरी के सपने दिखाए जा रहे हैं। इस आधी अधूरी नौकरी में क्या आरक्षण मिलेगा यह बड़ा सवाल है।
-सुरेंद्र लोधी

# भगवा ध्वज के साथ तिरंगा की बढ़ी मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सावन माह आते ही भगवा ध्वज की मांग बढ़ गई है। साथ ही तिरंगा भी खूब बिक रहा है। सावन माह में कांवड़ लेकर जाने वाले कांवड़ियों में इस बार भगवा ध्वज लगाने का क्रेज बढ़ा है। अब आने वाले सोमवार को जलाभिषेक की धूम रहने की उम्मीद है।

सावन माह में कांवड़िये हरिद्वार व बृजघाट से गंगा जल लाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। पहले सोमवार पर महानगर के मंदिरों भी श्रद्धालुओं की खूब भीड़ देखने को मिली। अब मौका सावन के दूसरे सोमवार पर जलाभिषेक करने का है। दूसरे सोमवार के लिए कांवड़ियों ने गंगा जल लेने के लिए बृजघाट और हरिद्वार जाना शुरू कर दिया है। इनकी कांवड़ों पर भगवा ध्वज लगाने के लिए काशीपुर तिराहे से गांगन दिल्ली रोड तक ध्वजों के बाजार सज गए हैं। इनमें भी हनुमान जी और शिव की आकृति छपे ध्वजों की अधिक मांग है। दिल्ली रोड पर ध्वज बेच रहे रामप्रसाद सिंह ने बताया कांवड़ियों में कांवड़ पर केसरिया ध्वज लगाकर चलने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। वहीं राकेश ने बताया कि कांवड़िये केसरिया ध्वज के साथ तिरंगे भी खूब खरीद रहे हैं। चौधरी चरण सिंह चौक के पास ध्वज बेच रही संतोष ने बताया झंडे छोटे से बड़े कई साइज में बिक रहे हैं। डंडी सहित इस साइज के अनुसार 35 से 250 रुपये तक बिक रहे हैं। हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे कांवड़ियां अंकित ने कहा कि भगवा ध्वज लगाने से आस्था दो गुना हो जाती है। साथ ही यात्रा मंगलमय हो जाती है। वहीं अन्य कांवड़ियां विक्की ने कहा कि हमारी आस्था भगवा ध्वज में है।


चौधरी चरण सिंह चौक पर भगवा झंडा पसंद करता युवक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### डिप्टी एसपी ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर डिप्टी एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गों से पैदल फ्लैग मार्च किया गया। बुधवार को डिप्टी एसपी के नेतृत्व में कावड़ यात्रा, श्रावण मास व अपराध नियंत्रण आदि को लेकर कोतवाली चौराहा, बुधबाजार, पुरानी घास मंडी रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेंद्र सिंह, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेन्द्र सिंह, आसिफ खान, स्वाति चौधरी, सन्नी कुमार, गुलशन कुमार, शुभम कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### महादेव के जयकारों के साथ हो रहीं कांवड़ियों की वापसी

**कांठ, अमृत विचार :** महादेव के जयकारों के साथ देवनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल ला रहे कांवड़ियों की लगातार वापसी हो रही है। इसके साथ ही सावन के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए भी कांवड़िये हरिद्वार जा रहे हैं। बुधवार को कांवड़ियों की अधिक संख्या देखने को मिली। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भर कर पैदल आते हैं। सावन का एक सोमवार बीत चुका है। अब दूसरे सोमवार को भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये पवित्र गंगाजल ला रहे हैं। इस सप्ताह बड़ी तादाद में कांवड़ियों की वापसी की उम्मीद जताई जा रही है।

### पार्क में अश्लीलता की सूचना पर पहुंची पुलिस

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के समरसता पार्क में युवक-युवतियों के रंगरेलियां मनाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख युवक मौके से फरार हो गए। वहीं युवतियों को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। बुधवार दोपहर को पार्क में दो युवक व युवतियां रंगरेलियां मना रहे थे। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस की गाड़ी के सायरन की आवाज सुनकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने दोनों छात्राओं से नाम पता पूछने के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां यहां रोजाना ही देखने को मिलती हैं। उन्होंने पुलिस से पार्क में गस्त बढ़ाने की मांग की।

# गोवंश की हत्या से हिंदू संगठनों में रोष

## मंदिर की भूमि पर मिले अवशेष, लोगों ने की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

- प्रधान समेत तीन के खिलाफ दी गई तहरीर
- पुलिस ने अवशेष दबाकर जांच के बाद दिया कार्रवाई का आश्वासन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मंदिर की भूमि पर समाधि की सीढ़ियों पर गोवंश का वध करने की सूचना पर हिंदू संगठनों व स्थानीय लोगों में रोष फैल गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबवा दिया है। वहीं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने ग्राम प्रधान समेत दो-तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली के ग्राम भायपुर में शिव मंदिर की आबादी से बाहर करीब 20 बीघा भूमि है। इस पर बाबा कमलानंद की समाधि बनी है। बुधवार की सुबह किसानों ने समाधि के पास गोवंश मृत अवस्था में पड़ा देखा। किसानों की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पाकर बजरंग दल समेत हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस बीच पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार व कोतवाल प्रभारी राजीव चौधरी समेत पुलिस मौके पर पहुंच गए और हंगामा कर रहे लोगों को किसी तरह समझाकर शांत किया। पुलिस ने गोवंशीय पशु के शव का चिकित्सीय परीक्षण के बाद जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दबवा दिया। इस बीच ग्राम प्रधान उस्मान अली और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का कहना था कि ग्राम प्रधान ने गोशाला नहीं बनवाई जबकि प्रधान ने तर्क दिया कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ही विकास कार्य करते हैं। गोशाला की योजना आएगी तो अवश्य बनवाएंगे। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने ग्राम प्रधान को मौके से घर भेज दिया। इसके बाद रामूवाला गणेश निवासी बजरंग दल जिला सहमंत्री पंकज गुप्ता और जिला प्रमुख विधि प्रकोष्ठ साजन शर्मा ने कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने घटना में बब्बू पुत्र झबरा और उसके दामाद के साथ अज्ञात लोगों की संलिप्तता जताई है। साथ ही ग्राम प्रधान उस्मान अली को इस मामले में शामिल बताया है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान शिव मंदिर के पुजारी हरपाल सिंह, महावीर सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र पाल सिंह, पं. रितेश कुमार, सुशील कुमार, पदम सिंह, देवेंद्र सिंह, सुभम राजपूत, मोहित मीणा, राकेश चौहान, प्रियांशू चौहान, अभिषेक कुमार, अमन मीणा आदि मौजूद थे। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि ग्राम भायपुर में प्रतिबंधित पशु का शव मिलने की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पशु का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। कोतवाली में तहरीर दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



ग्राम भायपुर में मौके पर मौजूद पुलिस व हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### चोहरा चेतरामपुर के जंगल में दिखा तेंदुआ

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम चोहरा चेतरामपुर में गुरुवार की सुबह एक किसान अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में पेड़ के नीचे बैठे तेंदुए को देखते ही किसान के होश उड़ गए। वह शोर मचाते हुए पास के भट्ठे पर भाग गया।

ग्राम चोहरा चेतरामपुर का किसान शकील हुसैन अपने खेत पर धान की फसल में पानी देखने के लिए जा रहा था। गांव से ही कुछ दूरी पर उसे एक पेड़ के नीचे तेंदुआ बैठा हुआ दिखाई दिया। उसको देखते ही किसान चिल्लाते हुए भट्ठे की तरफ भाग गया। वहां से दो आदमियों को लेकर किसान वापस आया तो उन्होंने तेंदुए को वहीं पेड़ के नीचे बैठे देखा। किसान दूसरे रास्ते से गांव में पहुंचे। वहीं गांव के ही रफीक ने वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर तेंदुए की सूचना दी। खबर लिखे जाने तक कोई भी वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा था। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। जिससे लोगों को राहत मिल सके।

## सार-संक्षेप



महादलित परिसंघ की बैठक में नियुक्ति पत्र सौंपते प्रदेश प्रभारी। ● अमृत विचार

### संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कोरियान वाल्मीकि बस्ती में महादलित परिसंघ राष्ट्रीय की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश प्रभारी मदनपाल ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बुधवार को मोहल्ला कोरियान वाल्मीकि बस्ती में महादलित परिसंघ राष्ट्रीय की बैठक में प्रदेश प्रभारी मदनपाल ने कहा कि देश में वाल्मीकि समाज को वह अधिकार और सम्मान अभी तक प्राप्त नहीं हुए जिसका वह हकदार है। जबकि समाज को स्वस्थ बनाने एवं अन्य सामाजिक कार्यों में समाज की बढ़-चढ़कर भागीदारी रहती है। वहीं राजेंद्र सहदेव ने कहा कि महादलित परिसंघ में सभी वाल्मीकि बंधु बढ़ चढ़कर भागीदारी करें। बिलारी में संगठन के विस्तार के लिए गजराम वाल्मीकि को तहसील बिलारी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान आजाद राव रत्नाकर, संजीव वाल्मीकि, नीरज प्रेमी, कपिल राज वाल्मीकि, राजकुमार, संजीव टांक आदि मौजूद रहे।



एसडीएम विनय कुमार सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने समस्याओं के समाधान की मांग की

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को व्यापारियों की समस्याओं की जानकारी देकर समाधान की मांग की। बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह का अभिनंदन किया। व्यापारियों ने एसडीएम को नगर से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान एसडीएम ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान केके गुप्ता, देवेश कुमार शर्मा सभासद, श्रीकांत गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सुनील आर्य, महेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते अरविंद चौधरी (गुरुजी)। ● अमृत विचार

### बहेड़ी में हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम बहेड़ी ब्रह्मानंद में श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा श्री हनुमान चालीसा की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी (गुरुजी) ने बताया कि ग्राम बहेड़ी ब्रह्मानंद में मंगलवार शाम को श्रीराधा कृष्ण मंदिर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया। उन्हें श्री हनुमान बाबा का पटका पहनाकर व सम्मान धनराशि देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मास्टर राजवीर बिश्नोई, महेश बिश्नोई, सुधीर बिश्नोई, सौरभ बिश्नोई, उदय चौधरी, विपिन चौधरी, कविंद्र चौधरी, विकास चौधरी मोहित चौधरी व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### गोबर डालने गई महिला के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत घूरे पर गोबर डालने गई महिला के साथ गांव के ही दो दबंग भाइयों ने छेड़छाड़ की। साथ ही शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने ससुर के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। महिला के अनुसार वह बुधवार की सुबह गांव के बाहर घूरे पर पशुओं का गोबर डालने के लिए गई थी। आरोप है कि पहले से ही घात लगाकर वहां पर बैठे गांव के ही दो दबंग सगे भाइयों ने महिला को बुरी नीयत से पकड़ लिया और उसके साथ अश्लीलता करने लगे। जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। फिलहाल महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धान रोपाई के रुपये मांगने पर पीटा

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर खास में धान रोपाई की रकम मांगने पर महिला से मारपीट की गई। रुस्तमपुर खास निवासी पिंकी पत्नी बृजेश ने दी तहरीर में बताया कि वह शारीरिक रूप से विकलांग है। 21 जुलाई को शाम 6 बजे वह अपने बेटे के साथ धान रोपाई करने के पैसे मांगने रिंकू के घर गई तो रिंकू के अलावा उसके भाई अनु व उसके पिता लेखराज ने पैसे नहीं दिए और मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर दी गई तहरीर पर रिंकू, अनु व लेखराज के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



सीएचसी कांठ में उमड़ी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

# बदलते मौसम में बढ़े बुखार जुकाम व चर्म रोग के मरीज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** कभी छांव और कभी चिलचिलाती धूप के बीच बदलते मौसम से बुखार, जुकाम व चर्म रोगी बढ़ रहे हैं। अस्पताल में पहले से दोगुना बुखार के रोगी पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सक लोगों को बदलते मौसम में बचाव की सलाह दे रहे हैं।

हर क्षण मौसम बदल रहा है। इससे संचारी रोग भी बढ़े हैं। इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी चिकित्सकों के यहां भी पहले से दोगुना बुखार के रोगी पहुंच रहे हैं। खांसी, जुकाम, बुखार के साथ गले की समस्या से ग्रस्त रोगी भी बढ़े हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव कुमार चौधरी का कहना है कि बार-बार मौसम बदल रहा है। मौसम बदलने के कारण ही बुखार, जुकाम व खांसी के रोगी बढ़े हैं। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि घर से बाहर निकलें तो पूरे कपड़े पहनें, तेज धूप में सिर को कपड़े से ढकें।

# चार से दिन से फुंका पड़ा है जवाहर नवोदय विद्यालय का ट्रांसफार्मर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला का चार दिन पूर्व विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिससे हॉस्टल में रह रहे छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त शिक्षकों व कर्मचारियों का गर्मी से बुरा हाल है। वैकल्पिक व्यवस्था न होने से कुछ छात्र-छात्राओं ने अपने घर जाने की तैयारी कर ली है। वहीं इस संबंध में प्राचार्य संतोष गौड ने बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे दी है। जो एक-दो दिन में ट्रांसफार्मर बदलने की बात कह रहे हैं।

प्राचार्य ने बताया कि 21 जुलाई को अधिकारियों को ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दे दी गई थी। साथ ही उनसे अनुरोध किया गया था कि वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाए ताकि विद्यालय के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को गर्मी से राहत मिल सके। इस संबंध में जिलाधिकारी को भी बताया गया था। उन्होंने नया ट्रांसफार्मर खरीदने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राचार्य ने बताया कि उप जिलाधिकारी मीनू अरोड़ा ने मामला संज्ञान में आने पर विद्युत विभाग के एसडीओ को वैकल्पिक व्यवस्था कर तत्काल दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए हैं।

### 13 घंटे बाद नगर में सुचारू हुई विद्युत आपूर्ति

**कांठ, अमृत विचार :** अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों को 13 घंटे तक बिजली का संकट झेलना पड़ा। फाल्ट सही होने के बाद आपूर्ति सुचारू हुई। नगर में मंगलवार को रात्रि में लगभग 12 बजे तेज हवा के बाद बारिश शुरू हुई। जिसके बाद दो बजे के करीब बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। जो बुधवार को दिन में करीब तीन बजे ही सुचारू हो पाई। 13 घंटे तक लोगों को बिजली का संकट झेलना पड़ा। बिजली उपभोक्ता मोहल्ला फकीर गंज निवासी राकेश कुमार का कहना है कि इतनी लंबी अवधि तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों को गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीछे से ही आपूर्ति नहीं आ रही है। जेई अनिल कुमार ने बताया कि बिजली घर के पास ही फॉल्ट था जिससे सही करा दिया गया है।

# डायट प्रशिक्षुओं को दिलाई निपुण शपथ

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत शिक्षकों के मध्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। डायट प्रशिक्षुओं को निपुण शपथ दिलाई गई।

डायट में चल रहे शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत एफएलएन के संबंध में प्रशिक्षुओं को नवाचारी शिक्षण पद्धतियों और शिक्षण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य व सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह ने डीएलएड प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप भविष्य में अच्छे शिक्षक बनेंगे, इसलिए आपको वर्तमान में निपुण लक्ष्य एफएलएन एवं विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत एवं अम्बरीष कुमार ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रवक्ता डॉ. अनिल यादव, शीतल कुमार, डॉ. टीना वर्मा, अंशु गुप्ता, डॉ. नेहा इकबाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. लोकेंद्र कुमार ने भी प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। शिक्षण सप्ताह प्रभारी डॉ. अनिल कुमार यादव ने प्रशिक्षुओं को निपुण शपथ भी दिलाई। वहीं डीएलएड पुशिक्षुओं में लवकुश, अमन मंसूरी, विन्देश्वर प्रजापति, युवराज देवल, प्रदीप धारीवाल, शिल्पी विश्नोई, महिमा चौधरी, सुमेना, तनु चौहान, रूकइया परवीन, सोनिका, मोहित कुमार सागर, चित्रा भारती, गरिमा सिंह शरद विश्नोई, अभिषेक कुमार, गुड्डू कुमार, आदि मौजूद रहे।



डायट में शपथ लेते प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

### रोडवेज बस के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने हादसे के आरोपी रोडवेज के चालक के खिलाफ मृतक किशोर के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही आरोपी ड्राइवर का चालान कर दिया है।

गौरतलब है कि मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर चक फाजलपुर संपर्क मार्ग के सामने थाना कुंदरकी के समीप एक तेज रफ्तार रोडवेज ने छोटा हाथी को टक्कर मार दी थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। जिसमें अनुज (16) पुत्र पुरन की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने होरी लाल पुत्र कडडे राम निवासी कस्बा सिरौली तहसील आंवला जिला बरेली की शिकायत पर आरोपी ड्राइवर राजवीर सिंह पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना चनपा जिला हाथरस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसका चालान कर दिया है।



लाभार्थियों को उपहार भेंट करते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ भरतिया।

# सास, बेटा व बहू सम्मेलन में दी स्वास्थ्य की जानकारी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** रतनपुर कलां गांव के सरकारी अस्पताल में सास बेटा बहू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें गांव की गर्भवती महिलाएं व नई बहुएं सम्मिलित हुईं। जहां उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गईं। साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। वहीं सभी नई बहुओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ भरतिया द्वारा किया गया। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवल किशोर ने लाभार्थियों को उपयोगी जानकारी दी। जिले से डीसीपीएम चंद्रशेखर एवं परिवार कल्याण मैनेजर दीपक ने कार्यक्रम में भाग लिया व जानकारी साझा की। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरुण, डॉ. नेहा, फार्मासिस्ट त्रिवेंद्र चौहान, एएनएम सावित्री सैनी, सीएचओ पूजा, अनुराधा व मंजू आदि उपस्थित रहे।

**आक्रोश** — क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर विभिन्न संगठनों में रोष, धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू भानू ने एसडीएम से की वार्ता

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक तहसील में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी अजय मिश्र को सौंपा गया।

बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता राजपाल सिंह चौहान एवं प्रदेश सचिव विमल चौहान ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। राशन वितरण हो रहा है परंतु उपभोक्ताओं के कार्ड नहीं बन रहे हैं। उन्होंने लोगों के राशन कार्ड बनवाने व ग्राम मुख्तियारपुर नवादा एवं जमानिया में टूटे नलों को बनवाने, मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटवाने आदि की मांग की गई। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने एसडीएम अजय मिश्र को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। बैठक में सोमपाल सिंह, हर ज्ञान सिंह, रवि कुमार, सोनू सैनी, पंकज कुमार, वीर सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

**एसडीओ से वार्ता के बाद भाकियू अराजनैतिक धरना रदः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल की एसडीएओ से वार्ता के बाद गुरुवार को होने वाला अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन रद कर दिया गया है। क्षेत्र की विधुत समस्याओं को लेकर आज से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाना था। लेकिन समस्याओं का समाधान कराने के लिए एसडीओ ने लिखित पत्र दिया है। जिस पर सभी पदाधिकारियों से विचार-विमर्श करके धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। पदाधिकारियों का कहना है कि अगर समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। इस दौरान मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई जीतू, कुलवीर सिंह, हाजी इमरान, प्रदीप कुमार वर्मा, नितिन विश्नोई, राजेन्द्र सिंह, गुड्डू घोसी, मंगल सिंह, मोहम्मद एहसान, पारूल चौहान, मोनू विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने की किसानों के साथ बैठक

**छजलैट, अमृत विचार :** रेलवे विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की ग्राम मौढ़ा तेहिया में क्षेत्र के किसानों के साथ बैठक हुई। जिसमें रेलवे विभाग द्वारा बनाए जाने वाले कंटेनर डिपो के लिए किसानों से भूमि खरीदने की बात की गई। इस अवसर पर एसडीएम अजय मिश्र ने कहा कि क्षेत्र के किसान रेलवे विभाग का कंटेनर डिपो बनवाने के लिए अपनी भूमि का अधिग्रहण करवाएंगे तो उन्हें सर्कि ल रेट के हिसाब से मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग द्वारा जो कंटेनर डिपो बनाया जाएगा इससे क्षेत्र का विकास होगा और जनता को इसका लाभ मिलेगा। इसलिए सभी किसान इसमें सहयोग करें जिन किसानों की भूमि कंटेनर डिपो के आसपास आ रही है। वह किसान अपनी जमीनों का अधिग्रहण कर रेलवे विभाग को दें। रेलवे विभाग उन्हें सरकारी सर्किल रेट के हिसाब से जो बनता है वह मुआवजा देगा। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, सब रजिस्टार रेलवे विभाग के अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते तराई किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### समस्याओं का समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन : दानिश पाशा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** तराई किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दानिश पाशा ने किसानों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों की समस्याओं के समाधान करने की मांग की गई। चेतावनी दी कि समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने जो वादे किसानो से किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान महफूज रजा, अब्बास अली, कादिर चौधरी, राइसूल हसन, मुनाजिर हुसैन, अमीर हुसैन, अहमद हुसैन शारुख अली, सुरेश, संजय, नईम, फुरकान आदि मौजूद रहे।

# केस वापसी को धमका रहे नामजद, शिकायत की

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** केस वापसी न लेने पर आरोपी खुलेआम धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं सरेआम पेट पर लात मारी गईं। इससे पीड़िता का गर्भपात हो गया।

बुधवार को पीड़िता ने डीआईजी से गुहार लगाई। डीआईजी ने नागफनी पुलिस को तत्काल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। पीड़िता सबा परवीन पत्नी फैजान व पुत्री फुरकान खां मुगलपुरा टेल वाली मस्जिद की रहने वाली है। मई में ससुरालियों ने दहेज की खातिर पीड़िता से मारपीट की। यही नहीं पेट पर लात-घूसे मारने से पीड़िता का गर्भपात भी हो गया। हजारों रुपये इलाज में फूंक दिए। तब जाकर तबीयत में सुधार हुआ। पीड़िता ने डीआईजी मुनिराज जी को बताया कि पति फैजान, सास नसरीन, ननद उरूसा व देवर मुल्ला यूसुफ के खिलाफ नागफनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस मुल्ला यूसुफ का नाम निकलवाने को धमका रही है। कहीं न्याय नहीं मिला तो डीआईजी से गुहार लगाई है।

### दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवती को युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। युवती के पिता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी युवती के पिता ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि 24 जुलाई की सुबह मुकेश और विजय अपने साथ मेरी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गए हैं। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### दो पैन कार्ड मामले में 27 जुलाई को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में बुधवार को कोर्ट में गवाह न आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 27 जुलाई की तारीख लगाई है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में वर्ष 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि बुधवार को गवाह के नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई।

### डिवाइडर से टकराई पिकअप चालक समेत दो लोग घायल

धमोरा, अमृत विचार : शहजादनगर थाना क्षेत्र में एक्सल टूटने से पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए। बरेली जनपद से चालक राम कृपाल पिकअप में कास्टिक भरकर रामपुर के शहजादनगर थाना क्षेत्र में एक मेंथौल फैक्ट्री में आ रहा था। इस बीच एक्सल टूटने से पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। इससे चालक और परिचालक वीरेंद्र घायल हो गए।

### देवरानी और उसकी पुत्रवधू ने जेठानी को पीटा, जख्मी

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के बिजारखाता में पुत्र से कहासुनी कर रही महिला को देवरानी और उसकी पुत्रवधू ने पीट कर चोटिल कर दिया। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार शाम बिजारखाता निवासी जाफरीन पत्नी गुलफाम दरवाजे पर अपने पुत्र से कहासुनी कर रही थी। इस दौरान उसकी देवरानी जमील और उसकी पुत्रवधू रशीदा ने मारपीट की। उसके हाथ को काटकर जख्मी कर दिया। पीड़िता जाफरीन ने पुलिस चौकी पहुंचकर देवरानी और उसकी पुत्रवधू समेत पति इसहाक के खिलाफ तहरीर दी।

### प्रधानाचार्य से मारपीट करने का आरोप

बिलासपुर, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर ओझा के प्रधानाचार्य जोगिन्दर पाल ने बताया कि मंगलवार को उनके साथ मारपीट की गई। पूर्व में उनका विवाद विद्यालय में पढ़ाने वाले एक शिक्षक से हो गया था। उस समय भी शिक्षक ने उनके साथ मारपीट की थी। शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था। उसे जेल भी जाना पड़ा था। वह शिक्षक उनसे रंजिश रखता है। अब शिक्षक की तैनाती बलिया के किसी विद्यालय में हुई है। लेकिन, उसने वहां अभी तक ज्वाइन नहीं किया।

# सलमान ने दीपक को 3-2 से दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कुराश प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सनातन धर्म इंटर कॉलेज में बुधवार को अंडर-19, अंडर-17 और अंडर-14 बालक वर्ग कुराश प्रतियोगिता हुई। इसका आरंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजबाला शर्मा ने प्रतियोगी छात्रों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रतियोगिता में जिले के अनेक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

पहला मुकाबला सनातन धर्म इंटर कॉलेज के दीपक कुमार और सलमान के बीच 40 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ। सलमान ने दीपक को 3-2 अंकों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला अंडर-17 बालक वर्ग 50 किलो भार वर्ग में सुंदरलाल इंटर कॉलेज के तनिष्क व रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज के असीम के बीच हुआ। इस एक तरफा मुकाबले में असीम ने 6-1 अंक के अंतर से तनिष्क को हराया। अंडर-17 में 55 किलो भार वर्ग में प्रिंस और अंशु के बीच हुआ। अंशु ने प्रिंस को 7-3 से हराया। तीसरा मुकाबला अंडर-17 का 60 किलोग्राम भार वर्ग में सुंदरलाल इंटर कॉलेज के ही अदनान शाह व मोहम्मद फहद के बीच हुआ। अदनान ने फहद को 6-1 से शिकस्त दी। अंतिम मुकाबला अंडर-17 का 65 किलोग्राम भार वर्ग में विष्णु व फरदीन के बीच हुआ। विष्णु ने फरदीन को 5-1 से हराया। अंडर-19 के 60 किलोग्राम भार वर्ग में साहिब मियां विजयी रहे। प्रतियोगिता में सनातन धर्म इंटर कॉलेज के व्यायाम अध्यापक प्रभु दयाल ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, ओंमकार गंगवार, आरबीएल वर्मा, अखिलेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### 19 दिन में 11, 364 नए ग्राहक खरीद चुके हैं सिम, 28 लाख 41 हजार रुपये का लाभ

# बीएसएनएल की ओर बढ़ रहा ग्राहकों का रुझान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने पर ग्राहकों का रुझान बीएसएनएल की ओर बढ़ रहा है। जिले में ग्राहकों ने 19 दिन में बीएसएनएल के 11,364 सिम खरीदे हैं। जून में लगभग 2500 ग्राहकों ने सिम खरीदे थे। रिचार्ज महंगे होने पर नए ग्राहकों की संख्या चार गुना हो गई है। 19 दिनों में अन्य टेलीकॉम कंपनियों के उपभोक्ताओं ने अपने नंबर को बीएसएनएल में पोर्ट कराया है।

बताया गया कि एक जुलाई से जियो, एयरटेल, वीआई मोबाइल नेटवर्क कंपनियों ने अपने रिचार्ज महंगे कर दिए हैं। इसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक सत्यदेव शर्मा ने बताया कि ग्राहकों के लिए छोटे किफायती पैक हैं, ऐसे में अन्य निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने पर ग्राहक बीएसनएल के प्रति अग्रसर हो रहे हैं।

मुख्य प्रबंधक नई दिल्ली, मुख्य महाप्रबंधक मेरठ, महाप्रबंधक बरेली ने वर्चुअल के माध्यम से कहा है कि बीएसएनएल के रिचार्ज के दामों में वृद्धि नहीं होगी, जो दाम पहले से निर्धारित हैं, वही रहेंगे। बताया कि चार से 23 जुलाई तक 11,364 नए ग्राहकों ने सिम खरीदे हैं। जून में 184 ग्राहकों ने, 23 जुलाई तक 2,586 ग्राहकों ने अन्य कंपनियों के कनेक्शन बीएसएनएल में पोर्ट कराए हैं।

> चार से 23 जुलाई तक 11,364 नए ग्राहकों के कनेक्शन हुए हैं। भारत संचार निगम लिमिटेड के प्रति ग्राहकों का रुझान बढ़ रहा है। सिम लेने के लिए शहर समेत अलग-अलग क्षेत्रों में शिविर लगवाए जा रहे हैं। ग्राहकों को निरंतर सेवा दी जा रही है। जनपद में प्रीपेड, पोस्पेड 1,05,208 कनेक्शन है।
>
> **-सत्यदेव शर्मा,** सहायक महाप्रबंधक दूरसंचार विभाग



> तीन दिन पहले ही बीएसएनएल कनेक्शन लिया है। अभी तक नेटवर्क में कोई समस्या नहीं है। निजी कंपनियों ने टैरिफ के दाम बढ़ा दिए हैं। इसका असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है।
>
> **- मोहम्मद आफताब**



> पहले एयरटेल कंपनी का कनेक्शन था, लेकिन पिछले दिनों इसके दामों में वृद्धि होने पर सिम को बीएसएनएल में पोर्ट कराया है। इसमें नेटवर्क काफी बेहतर है, एक माह का रिचार्ज 250 रुपये में, दो जीबी डेटा, प्रतिदिन अनलिमिटेड कॉल है। अन्य कंपनियों के मुकाबले बीएसएनएल की सेवाए सस्ती है।
>
> **- अमित शर्मा**

### शहर में लगवाए जा रहे शिविर

बीएसएनएल का कनेक्शन लेने के लिए कार्यालय में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। ऐसे में बीएसएनएल के अधिकारियों की ओर से शहर में शिविर लगवाए जा रहे हैं। किला, तारामंडल, बिलासपुर गेट, रोडवेज, शाहबाद गेट के अलावा स्वार-टांडा, बिलासपुर, मिलक, शाहबाद समेत अन्य क्षेत्रों में कैंप लगवाए जा रहे हैं। इससे सिम लेने में ग्राहकों को परेशानी न हो।

# खंदक में पलटा कंबाइन हार्वेस्टर, नीचे दबने से हेल्पर की मौत, चालक घायल

### स्वार-रामपुर मार्ग पर सोनकपुर के पास हुआ हादसा, धान काटने जा रहे थे दोनों

संवाददाता, स्वार (रामपुर)



**अमृत विचार:** कंबाइन हार्वेस्टर पलटने से उसके नीचे दबकर हेल्पर की मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंची अजीमनगर पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया है।

कोतवाली के गांव समोदिया का मझरा निवासी चालक सुशील पुत्र रामौतार धान काटने वाली कंबाइन हार्वेस्टर चलाता है। जबकि गांव का ही 20 वर्षीय अमित पुत्र महेंद्र कंबाइन हार्वेस्टर पर हेल्पर था। बुधवार सुबह नौ बजे चालक सुशील, हेल्पर अमित कंबाइन हार्वेस्टर से किसान की धान की फसल काटने जा रहे थे। जैसे ही स्वार-रामपुर मार्ग स्थित गांव सोनकपुर के पास गत्ता फैक्ट्री के सामने कंबाइन हार्वेस्टर पहुंची। तभी कंबाइन हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे खंदक में पलट गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण व राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने परिजनों व पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद परिजन व थाना अजीमनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों की मदद से कंबाइन हार्वेस्टर के नीचे दबे हेल्पर अमित को बाहर निकाला, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घायल चालक सुशील को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हेल्पर का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अमित की अभी शादी नहीं हुई थी। यह दो भाइयों में मझला का था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार



पलटा पड़ा कंबाइन हार्वेस्टर।

### हादसे के बाद लगे जाम में फंसे वाहन सवार

कंबाइन हार्वेस्टर पलटने के बाद सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। वाहन जाम में फंस गई। पुलिस ने जाम खुलवाया। इस दौरान काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

## जिला अस्पताल में अब किडनी रोगियों की भी होगी ओपीडी

**रामपुर, अमृत विचार:** किडनी रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। अब जिला अस्पताल में उनकी ओपीडी होगी। मुरादाबाद से एक निजी चिकित्सक यूनिट में रोगियों का उपचार करेंगी। सप्ताह में एक बार रजिस्ट्रेशन से लेकर बीमारी के बारे में बताएंगी।

अगर किसी को डॉयलिसिस करानी होती है तो उसे निजी चिकित्सक के यहां जाकर बीमारी के बारे में बताना होता है। अस्पताल प्रशासन ने पिछले दिनों शहर विधायक आकाश सक्सेना से यह समस्या बताई थी। शहर विधायक ने निजी चिकित्सक डॉ. वंदना प्रसाद को रोगियों के लिए शासन को लिखा। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि रोगियों की डायलिसिस होती है लेकिन यहां चिकित्सक नहीं होने पर काफी समस्या होती है। डॉ. वंदना प्रसाद शनिवार को रोगियों की ओपीडी करेंगी। यह सुविधा होने से रोगियों को सहूलियत होगी। रोगी पर्चा बनवाकर आधार कार्ड के जरिए डायलिसिस करा सकते हैं।

# फाजलपुर में फिर भिड़े दो पक्ष हमले में भाई और बहन घायल

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में चौथी बार धारदार हथियार व लाठी डंडे चले। इससे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर में बालिका के नामकरण के मौके पर पर डीजे बज रहा था। रविवार रात डीजे पर डांस को लेकर बंटी व बाबू आपस में भिड़ गए थे। गाली-गलौज कर मारपीट की थी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग धारदार हथियार व लाठी डंडे लेकर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इससे अफरा-तफरी मच गई थी। दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया था। सोमवार को पुनः दोनों पक्षों में धारदार हथियार व लाठी डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के विमलेश, पप्पू, राजकली, शीला घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इससे नाराज बाबू पक्ष के लोगों ने बुधवार को दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला कर दिया। इसमें राजेश व रामवती घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घायल राजेश की तहरीर पर बाबू, देवीदास, बंटी, कमल, गुलजारी, शंकर, झाझन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात है।

### कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में वारंटी गिरफ्तार

धमोरा, अमृत विचार : शहजादनगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया। गांव कमोरा निवासी आशिक ने कई वर्ष पहले ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायलय में दाखिल किया। आरोपी ने न्यायालय से जमानत करा ली थी। आरोपी जमानत पर था। लेकिन, न्यायालय में तारीख पर हाजिर न होने के कारण गैर जमानती वारंट जारी कर दिए गए थे। अब पुलिस ने आरोपी वारंटी को पकड़ लिया।

# गोशाला से गायब मिले 36 गोवंश

संवाददाता, मसवासी



गोशाला में कर्मियों को निर्देश देते नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल व वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा ने बुधवार को कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गोशाला में 36 गोवंश गायब मिले। सूचना के बाद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महेश कौशिक, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा और कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। गायब गोवंश की जांच की जा रही है।

नगर में दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर कान्हा गोशाला है। बुधवार दोपहर नगर पंचायत अध्यक्ष व वरिष्ठ लिपिक गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि उपस्थिति पंजिका के मुताबिक, 28 जून तक गोशाला में 293 गोवंश थे। लेकिन, अब 257 गोवंश हैं।

> गोवंश की उपस्थिति पंजिका अपडेट करने की जिम्मेदारी केयर टेकर सौरभ की है। मामले में केयर टेकर की भूमिका संदिग्ध है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोशाला को राजनीति का अखाड़ा बनाकर अन्य कार्यों के लिए दबाव डालते हैं। उकके संरक्षण में कुछ सभासद साप्ताहिक बाजार से अवैध वसूली कर रहे थे। इसे रोक दिया गया। इससे वह नाराज हो गए।
>
> **-मनोज कुमार मिश्रा,** ईओ

- **छह गोवंश मरणासन्न मिले, मौके पर पहुंचे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी**

मौके पर छह गोवंश की हालत मरणासन्न है। जगह-जगह गोबर के ढेर लगे मिले। जलभराव में मच्छर पनप रहे हैं। गोवंश के लिए चारे की उचित व्यवस्था नहीं है। इसके लिए पंचायत अध्यक्ष ने ईओ और सीवीओ को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से की है।



कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

# इको क्लब फॉर मिशन लाइफ की अध्यक्ष चुनी गईं शाजिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने बताया कि इको क्लब का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण का महत्व बताना है। विद्यार्थियों को न्यूनतम अपशिष्ट उत्पादन के लिए आदतें और जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। बताया कि इको क्लब फॉर मिशन लाइफ की अध्यक्ष शाजिया को बनाया गया है।

कॉलेज में बुधवार को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का पुनर्गठन किया गया। क्लब की संरिक्षका प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल, प्रभारी शमीम खान, सहायक अफीफा खान ने नेतृत्व में हुए चुनाव में क्लब की अध्यक्ष कक्षा-12 की शाजिया चुनी गईं। कक्षा 9 से 12 तक की विभिन्न छात्राएं सदस्य चुनी गईं। क्लब की गतिविधियों के माध्यम से तर्क कौशल विकसित करना है।

# सभासद के घर के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर



भाजपा सभासद के घर के बाहर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राशन का वितरण न करने व अभद्र व्यवहार से नाराज महिलाओं ने भाजपा सभासद के घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम की गैर मौजूदगी में उनके अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

बुधवार दोपहर नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 की रहने वाली महिलाएं एकत्रित होकर भाजपा सभासद अनम बी के आवास पर पहुंचीं। यहां वे धरना देकर हंगामा करने लगीं। उनका कहना था कि उनके मोहल्ले का डीलर उन्हें नियमानुसार राशन का वितरण नहीं कर रहा है। आरोप है कि डीलर उन्हें चार या साढ़े चार किलोग्राम राशन दे रहा है। आरोप है कि जब लोग इसका विरोध करते हैं तो डीलर महिलाओं से अभद्रता व मारपीट पर उतारू हो जाता है। कार्ड से नाम कटवाने तक की धमकी देता है। इस दौरान सभासद व उनके पति मोहम्मद नवेद ने सभी को आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद सभासद के पति के नेतृत्व में वे एसडीएम हिमांशु उपाध्याय से मिलने पहुंचीं। लेकिन उनकी गैरजूदगी में उनके अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन पर तस्लीम जहां, शमा, शमशादी, राजदा, सुहाना, बेबी, बतूल, मुसतर, रहमत जहां, फरीदा, सरीना, अहमदी, फरमीना, कैसर व गुलनाज आदि के हस्ताक्षर हैं।

- **डीलर पर राशन कम देने का लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन**
- **राशनकार्ड से नाम कटवाने की धमकी देता है डीलर**

## बाजार में पति को छोड़ महिला प्रेमी के साथ गई

**सैदनगर, अमृत विचार:** पति के साथ शहर में खरीदारी के लिए गई महिला प्रेमी के साथ फरार हो गई। मार्केट के गेट पर पति उसका इंतजार करता रहा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के दौकपुरी टांडा गांव का है। गांव निवासी एक युवक की शादी 15 दिन पहले हुई थी। उसकी पत्नी खरीदारी की बात कह कर अपने उस के साथ रामपुर गई थी। शहर में मार्केट के गेट पर पति को छोड़ पत्नी सामान खरीदने की बात कह कर अंदर चली गई। इस बैद महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घंटों इंतजार के बाद वह नहीं लौटी तो पति को चिंता हुई। युवक ने दुकानों में जाकर उसे तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। शाम तक इंतजार करने के बाद युवक अपने घर लौट आया। उसने पत्नी के गायब होने की सूचना अपने परिजनों को दी। देर शाम पता चला कि वह अपने प्रेमी के साथ फरार हुई है।

**सुविधा** शासन से स्वीकृत किए गए 66 लाख रुपये, बच्चों को मिलेगी राहत

# 26 स्कूलों में होंगे बिजली के कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले के 26 सरकारी स्कूलों में जल्द ही विद्युत निगम बिजली के कनेक्शन देगा। इसके लिए शासन की ओर से 66 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है। इस समय इन स्कूलों में अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था है। कुछ समय पहले ही विद्युत निगम ने एस्टीमेट बनाकर भेजा था। इसे शासन ने स्वीकृत कर लिया है।

जिले में 1596 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इन स्कूलों में बिजली के कनेक्शन कराए जा रहे हैं। इससे बच्चों को सुविधा मिलेगी। जिन स्कूलों की खंभों से दूरी 40 मीटर होती है, उन स्कूलों का विद्युत निगम से बजट बनवाकर शासन को भेजा जाता है। इस दौरान सरकारी स्कूलों में जब तक के लिए अस्थायी रूप से बिजली की व्यवस्था की जाती है। पिछले दिनों बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 26 स्कूलों में बिजली कनेक्शन के लिए एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया था। बताया जा रहा है कि शासन से 66 लाख का बजट स्वीकृत हो चुका है।

जल्द ही पैसा मिलने पर स्कूलों में बिजली के कनेक्शन हो जाएंगे। सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन हो जाने से सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं को गर्मियों में काफी राहत मिलेगी।




टांडा के विद्यालय में पहुंची बिजली लाइन।

### सरकारी स्कूलों में होती रहती हैं गतिविधियां

सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की तर्ज पर गतिविधियां शिक्षक कराते रहते हैं। जिससे बच्चों का पढ़ाई में मन लग सके। पिछले दिनों स्कूलों में योगा से गतिविधियां कराई गई थीं। इसके अलावा बच्चों को काबिल बनाने के लिए प्रोजेक्टर पर पढ़ाया जा रहा है। बच्चों को खेलकूद में भी हिस्सा दिलवाया जाता हैं। स्कूलों में बाल संसद का गठन कराया जाता है।

> जिले के 26 सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत निगम से बजट बनवाकर भेजा गया था। यह 66 लाख रुपये का था। इसे शासन ने स्वीकृत कर लिया है। जल्द ही कनेक्शन हो जाएंगे।
>
> **-राहुल कुमार,** डीसी निर्माण

# कृषि भवन में हुआ कर्मचारियों का अधिवेशन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर



कृषि भवन में हुए अधिवेशन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कचहरी रोड स्थित कृषि भवन सभागार में बुधवार को सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का एक-दिवसीय अधिवेशन एवं द्विवार्षिक चुनाव हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परवेज अहमद खां, जिला मंत्री उमेश चंद्र यादव, संप्रेक्षक हरिद्वारी लाल को चुना गया है। चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह, मंडलीय संगठन मंत्री शिव ध्यान सिंह ने कार्यक्रम का आरंभ किया। प्रांतीय पर्यवेक्षक शिव ध्यान सिंह की देखरेख में चुनाव अधिकारी राम मोहन लाल सक्सेना ने चुनाव संपन्न कराया। अधिवेशन में शिक्षा विभाग, राजकीय प्रेस, विकास विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग, कैनाल एवं ट्यूबवेल, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, उद्यान विभाग, पंचायत राज विभाग, लेखपाल एवं संग्रह अमीन, आदि विभिन्न विभागों के सेवानिवृत कर्मचारी मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। एनपी सिंह, राममोहन चतुर्वेदी, उमेश चंद्र यादव, राम मोहन लाल सक्सेना, दिनेश कुमार सक्सेना, ओमवीर सिंह वैदिक, जसराज सिंह सागर, भगवान दास, परवेज अहमद खान, अजय सक्सेना, हरिद्वारी लाल ने विचार व्यक्त किए।

- **जिला अध्यक्ष नरेंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने परवेज**
- **सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव**



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

## एक नजर

### दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में हुआ सेमिनार

**रामपुर, अमृत विचार :** दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में एनसीसी कैडेट्स ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना व सीखो और कमाओ के तहत जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके अवस्थी ने योजना की जानकारी दी। कहा कि सभी को अपने कौशलों को विकसित करके उनका सही प्रयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कागज के लिफाफे बनाए। डॉ. केके शर्मा ने सभी का आभार जताया।

### निर्माणाधीन नाले को तोड़ने का आरोप

**बिलासपुर,अमृत विचार :** ग्राम पंचायत डोहरिया के प्रधान ने चार लोगों पर निर्माणाधीन नाले को तोड़कर उसका आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को बताया कि गांव में मनरेगा के माध्यम से नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। आधे नाले का निर्माण हो चुका है। लेकिन, गांव निवासी पांच व्यक्तियों ने उस नाले को तोड़कर फेंक दिया है। इससे ग्राम पंचायत निधि का नुकसान हुआ है। वे लोग रंजिश के चलते मारपीट पर उतारू हो गए। इसलिए इन पांचों व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उनसे धवस्त किए गए निर्माण कार्य के पैसे की रिकवरी कराई जाए।

# मुफ्त बिजली और 450 रुपये में मिले सिलेंडर

## आंबेडकर पार्क में हुई भाकियू भानू की पंचायत, नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार


पंचायत में किसानों को संबोधित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद।

**अमृत विचार:** आंबेडकर पार्क में बुधवार को भाकियू भानू की पंचायत हुई। इसमें राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसानों का शोषण नहीं रुका तो अधिकारियों के कार्यालयों में धरना दिया जाएगा। किसानों व मजदूरों का शोषण और अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत में कर्ज माफी, 300 यूनिट बिजली फ्री व 450 रुपये का गैस सिलेंडर देने की मांग उठाई।

भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत में किसान नेताओं ने कहा कि हरियाणा व पंजाब की तर्ज पर किसानों को एमएसपी दी जाए। 450 रुपये का गैस सिलेंडर यूपी में भी दिया जाए। महंगाई पर अंकुश लगाया जाए। रूद्र बिलास चीनी मिल का नवीनीकरण कराया जाए। इसके बाद किसान आंबेडकर पार्क से रैली लेकर नारेबाजी करते हुए जिला पंचायत के सामने से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद, किसानों का कर्ज माफ करो नारे लगाए। सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में सलीम वारसी, ठाकुर अमरपाल, रामनाथ मौर्य, अखिल खान, अकरम अली, हसीब वारसी, फरहत अली खान, अमरपाल सिंह, मुराद खान, राम रईस, हारून खान, शादाब खान, शराफत खान, विजय पाल, महबूब अली, शकील अहमद, मुजफ्फर खान आदि शामिल रहे।

### किसानों का उत्पीड़न कर रहा है विद्युत निगम : हसीब

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि किसान समस्याओं से जूझ रहे हैं। विद्युत निगम के अधिकारी किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर घर में पानी पहुंचाने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। प्रदेश कैंप के कार्यालय में बुधवार को भाकियू की पंचायत हुई। इसमें प्रदेश के महासचिव ने कहा कि उर्वरक के थोक विक्रेता, छोटे दुकानदारों से यूरिया, डीएपी, एनपीके को अधिक मूल्य पर बिकवा रहे हैं। नहरों में पानी न होने से किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। विद्युतापूर्ति नहीं दी जा रही है। किसानों को मुफ्त बिजली के नाम पर जटिल प्रक्रिया में फंसा दिया है। ऐसे में किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। कहा कि जल निगम हर घर में पानी पहुंचाने के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर रहा है। कुछ गांवों को छोड़ कर कहीं भी शुद्ध पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। सड़कें खोदकर ऐसे ही छोड़ दी गई हैं। सड़कों की मरम्मत न होने से बरसात में लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने समस्या को लेकर आंदोलन का एलान किया। पंचायत में राहत वली खान, पप्पू खान, सुरेंद्र सिंह, सुनील शर्मा, राजपाल चौधरी, उम्मीद खान, तसव्वुर खान, मोहम्मद तालिब, जुबैद आलम, राशिद चौधरी, छिद्दा नेता, गुलाम मोहम्मद, दानिश, जब्बार, साबिर अली, मोहम्मद अय्यूब, दीपचंद, इरफान खान, इदरीस खान आदि मौजूद रहे।

# 30 जुलाई से होगी बापू मॉल में 149 दुकानों की नीलामी, तैयारी हुई शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** 24 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से बना बापू मॉल जल्द ही गुलजार होगा। मॉल के प्रथम तल की 149 दुकानों की नीलामी 30, 31 जुलाई और एक अगस्त को पालिका के सभागार में होगी। दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को लेकर नगर पालिका अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रीमियम अधिक होने के कारण बापू मॉल की दुकानों की नीलामी तीन बार नहीं हो सकी है। पालिका अधिकारियों ने दुकानों का किराया कम कर दिया है।

सपा सरकार में तोपखाना गेट स्थित बापू मॉल का निर्माण नगर विकास विभाग की सवेरा योजना के तहत 24.86 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था। वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उद्घाटन किया था। मॉल में भूतल, प्रथम और द्वितीय तल पर 316 दुकानें, बड़े हॉल हैं। लेकिन नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की कोशिशों के बाद भी दुकानों का आवंटन नहीं हो सका है। इसमें अधिकतर दुकानें खाली हैं। दुकानों के आवंटन के लिए पालिका अधिकारियों ने किराये की दरों में संशोधन किया था। 60 रुपये स्कवायर फुट से घटाकर 30 रुपये स्कवायर फुट किया था। पालिका के सभागार में तीन चरणों में दुकानों की नीलामी में सिर्फ 6 दुकानों का आवंटन हुआ था। अब चौथी बार पालिका प्रशासन नीलामी कराएगा। इसके लिए शहर में ई-रिक्शा घुमाकर प्रचार किया जा रहा है। संपत्ति प्रभारी अफजल समीर ने बताया कि 149 दुकानों की नीलामी के लिए सूचना निकाली गई है। इसमें हॉल भी शामिल हैं।


तोपखाना गेट स्थित बापू मॉल।

> बापू मॉल के प्रथम तल की 149 दुकानों का आवंटन 30, 31 जुलाई और एक अगस्त को होगा। आवंटन के लिए तैयारी शुरू कर दी है। तीन दिन लगातार दुकानों का आवंटन होगा। –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद

## मायके गई महिला गायब, तहरीर दी

**बिलासपुर, अमृत विचार:** टेंपो से नगर पहुंची एक महिला लापता हो गई। दो दिन तक उसका पता न चलने पर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा तारन निवासी मेहंदी हसन की 45 वर्षीय पत्नी नन्हीं बेगम मंगलवार दोपहर अपने मायके जाने के लिए घर से निकली थीं। गांव से वह बिलासपुर-केमरी मार्ग पर पहुंची और यहां से टेंपो में बैठकर नगर स्थित मोहल्ला भट्टी टोला के लिए निकलीं। परिजनों ने बताया कि टेंपो में बैठने के बाद महिला लापता हो गई। देर शाम तक वह मायके नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसे तलाश करना शुरू कर दिया। बुधवार दोपहर परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने केमरी तिराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। टेंपो चालकों से भी पूछताछ की।


सैजनी नानकार में कूलर को चेक करते जिला मलेरिया अधिकारी। ● अमृत विचार

# कूलर-टंकियों की सफाई का सभी रखें विशेष ध्यान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बरसात में लोग घरों में कूलर व टंकियों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी घर-घर जाकर कूलर, टंकी और घरों में बर्तनों की जांच कर रही हैं। जहां मच्छर का लार्वा मिल रहा है, उसे नष्ट किया जा रहा है।

सैदनगर ब्लॉक क्षेत्र के गांव सैजनी नानकार में बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, फाइलेरिया निरीक्षक राहिना कौसर ने मॉनीटरिंग की। घर-घर जाकर लोगों से आशा के कार्यों की जानकारी ली। बुखार के रोगी, आईएलआई रोगी, क्षय रोग के लक्षण से ग्रसित व्यक्ति, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षण वाले व्यक्ति, कुपोषित बच्चों के बारे में बताया। जिला मलेरिया अधिकारी ने ग्रामीणों के घरों में रखे कूलर, फ्रिज की ट्रे चेक की।

# एनसीसी कैडेट्स को दी पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

● लाभार्थी को मिलेगी टूल किट के लिए 15000 रुपये की धनराशि

**अमृत विचार:** एनसीसी प्रभारी डॉ. बिजेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में कैडेट्स को जानकारी दी। इस योजना के अंतर्गत शुरुआत में 18 तरह के कारीगरों एवं शिल्पकारों को लाभ के लिए चुना जाता है। प्रशिक्षण अवधि के बाद लाभार्थी को 15000 रुपये की टूल किट के लिए राशि दी जाएगी।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एसएससीडी शेड्यूल के अंतर्गत सीखो और कमाओ प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें एनसीसी कैडेट्स को प्रभारी डॉ. साक्षी त्यागी ने कहा कि लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। लाभार्थी ने पांच वर्ष में पीएमईजीपी स्वनिधि एवं मुद्रा योजना के अंतर्गत लाभ न लिया हो। प्रशिक्षण अवधि के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन पारिश्रमिक दिया जाएगा। इसके बाद लाभार्थी को 15000 रुपये की टूल किट राशि दी जाएगी। योजना के लिए परिवार से केवल एक ही सदस्य आवेदन कर सकता है। डॉ. बिजेंद्र सिंह ने एनसीसी कैडेट्स से कहा कि विश्वकर्मा योजना से उनके आसपास रहने वाले कामगारों, शिल्पकारो एवं जरूरतमंद लोगों को जानकारी देने और लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ने भी एनसीसी कैडेट्स को पीएम विश्वकर्म योजना को समाज के जरूरतमंद लोगों को जोड़ने के लिए सकारात्मक पहल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मेले में 92 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पन्त ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की दो कंपनियों ने प्रतिभाग किया। पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड और वेलनेस एडवाइजर एवं मैनेजर पद के लिए 71, शिवशक्ति बॉयो टेक्नॉलोजी लिमिटेड ने सेल्स एक्जीक्यूटिव पद के लिए 21 अभ्यर्थियों का चयन किया है। मेले में 193 अभ्यर्थियों से 92 का चयन हुआ। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से तहसील टांडा स्थित महाराजा पृथ्वीराज चौहान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्राम सरकथल में बुधवार को रोजगार मेला लगाया गया। इसमें कॉलेज के प्रबंधक सुरेश सिंह चौहान व कंपनियों के एचआर ने अभ्यर्थियों की प्री-कैरियर काउंसलिंग की। कोषाध्यक्ष मदनपाल सिंह चौहान ने अभ्यर्थियों से कहा कि बेरोजगार को अपने अंदर स्किल पैदा करनी चाहिए।

# 128 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



परीक्षण शिविर में मौजूद बच्चे, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

● रोटरी क्लब के सदस्यों ने शिक्षा छोड़ चुके बच्चों का थामा हाथ

**अमृत विचार:** पुराना गंज स्थित सरस्वती मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 128 बच्चों का परीक्षण किया गया। इसमें पेट में कीड़े, आंखों की जांच, दांतों का परीक्षण किया गया।

बुधवार को रोटरी क्लब के पदाधिकारी सरस्वती मंदिर स्कूल में पहुंचे। ऐसे बच्चे जो माता पिता के अभाव में शिक्षा छोड़ चुके थे, उनका हाथ थाम लिया। रोटरी क्लब के मंडला अध्यक्ष नीरव निमेष अग्रवाल के आह्वान पर 128 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. हर्षिता पूठिया, डॉ. क्षमा अग्रवाल, साहनी लायन्स आई हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारद्वाज ने बच्चों की लंबाई, वजन, हीमोग्लोबिन की मात्रा का परीक्षण किया। शिक्षा में सहयोग देने वालों में प्रदीप बंसल,संजीव सिंघल,अमन अग्रवाल, शुभम सिंघल, जगदीश कपूर, एसपी रस्तोगी, जितेंद्र रस्तोगी, एसके विद्यार्थी, दिनेश खंडेलवाल, तीरथ सिंह, प्रखर अग्रवाल, सजल अग्रवाल, धीरेंद्र अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप बंसल और संचालन अमन अग्रवाल ने किया। कन्वीनर शुभम सिंघल रहे। अंत में स्कूल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, व्यवस्था प्रमुख हरिओम गुप्ता एवं स्टाफ का सहयोग करने वाले चिकित्सक सुशील गुप्ता का आभार जताया।

मौसम | आज भी बारिश के आसार, किसानों के चेहरे खिले

# बूंदाबांदी से मौसम सुहाना, गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


बूंदाबांदी के दौरान राहे रजा रोड का नजारा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को पूरा दिन आसमान में बादल मंडराते रहे। शाम सात बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। इससे मौसम सुहाना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। दक्षिण पश्चिम हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं।

सुबह से आसमान में छाए रहे। शाम को आसमान में बादल घिर आए और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बूंदाबांदी से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ एवं अरब सागर से चलने वाली दक्षिण पच्छिमी हवाओं के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहने, गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। कई दिन से भीषण गर्मी हो रही थी। मौसम का मिजाज बदलने और बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली थी। बुधवार को बादल छाए रहे। दोपहर में काली घटाएं भी घिरकर आईं लेकिन, बारिश नहीं होने से उमस काफी बढ़ गई। किसान होरी लाल ने बताया कि मेंथा, गन्ना, धान की फसलों के लिए बारिश की जरूरत है। बारिश होने से फसलों को काफी लाभ मिलेगा। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और आर्द्रता 76 प्रतिशत रही। मेरठ में कृषि विश्वविद्यालय में मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि गरज, चमक और तेज हवा के साथ हल्की व मध्यम बारिश शुरू हो गई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 32 से 38 और 22 से 28 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

## शहर में परिवार नियोजन के बारे में किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार:** शहरी क्षेत्र में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के तहत दो सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि वाहन शहर में परिवार नियोजन का प्रचार-प्रसार करेगा। परिवार नियोजन की सभी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े को लेकर गोष्ठी हुई। गोष्ठी में सभी एएनएम, आशाओं से पखवाड़े को सफल बनाने का आह्वान किया। डिप्टी सीएमओ डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में सारथी वाहनों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। गर्भ निरोधक के स्थायी, अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक पर एएनएम व आशा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करेंगी। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ.संतोष कुमार, प्रधान सहायक धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# हर समस्या में हिंदुओं के साथ है विश्व हिंदू महासंघ : देवकी नंदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवकी नंदन ने कहा कि ऐसे मौलाना से किसी भी हिंदू को घबराने की आवश्यकता नहीं है। विश्व हिंदू महासंघ का प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य हर समस्या में उनके साथ है।

आंबेडकर पार्क में बुधवार दोपहर विश्व हिंदू महासंघ की बैठक हुई। इसमें जिला संरक्षक मास्टर रोशन लाल ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा खुलेआम गरीब व कमजोर तबके के हिंदु लोगों को बहला-फुसलाकर प्रलोभन दिखा रहे हैं। वह धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का एलान कर देते हैं। जिला कार्यकारिणी के मार्ग दर्शक संतोष सिंह ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग अपने प्रतिष्ठानों पर हिंदू देवी-देवताओं के नाम रखकर अपना कारोबार चला रहे हैं। कोषाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने कहा कि कांवड़ मार्गों पर ठेलों, होटल एवं ढाबों पर संचालक और कर्मचारियों का नाम लिखने का प्रदेश सरकार का आदेश सही है। इस दौरान विष्णु सिंह रावत, धर्मपाल, उदल सिंह, सल्वेन्द्र कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### सड़कों की खोदाई कराकर भूला जल निगम


खोदने के बाद छोड़ी गई सड़क का हाल।

**मसवासी, अमृत विचार :** जल निगम की ओर से गांवों में सड़कों की खोदाई कर उन्हें छोड़ दिया गया है। कई माह बाद भी पाइप लाइन तक नहीं बिछाई गई। इसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। क्षेत्र के सेमरा लाड़पुर गांव और सेमरा रहमतगंज गांव में पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने को सड़कें खोदी गई थीं। लेकिन पाइपलाइन नहीं बिछाई गई। सड़कों में गड्ढे होने से बाइक सवार लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सेमरा रहमतगंज के ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र दिवाकर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम से की है। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने और मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है।



स्कूल में गतिविधियां करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### मुल्लाखेड़ा के विद्यालय में मनाया शिक्षा सप्ताह

**रामपुर, अमृत विचार :** मुल्लालाखेड़ा स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शिक्षा सप्ताह मनाया गया। टीएलएम के माध्यम से शिक्षा, एफएलएन गतिविधियां हुईं। साथ ही खेलों का आयोजन हुआ। कक्षा-एक में हर्डल रेस, कक्षा-दो में समय अवधि में स्टोन एकत्र करना सिखाया। कक्षा-तीन में क्लैप एंड गिव बाल, कक्षा-चार में बाल कैचिंग, कक्षा-पांच मे डार्ट गेम हुआ। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना का विकास होगा। इस दौरान श्रष्टि खोखर, प्रिया सिंह, गायत्री कमलेश आदि उपस्थित रहीं।

### सत्संग के बिना मनुष्य को प्राप्त नहीं होता विवेकः कौशिक


कथा सुनाते वाचक पवन कौशिक।

**रामपुर, अमृत विचार :** संत पवन कौशिक ने कहा कि सत्संग के बिना मनुष्य को बुद्धि और विवेक की प्राप्ति नहीं होती है। ऐसे में श्री शिवमहापुराण कथा सुनने से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। कृष्णा विहार कालोनी में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा का आरंभ तीसरे दिन पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने किया। संत पवन कौशिक ने प्रवचन किए। उन्होंने सती के जन्म की कथा सुनाई। कहा कि सत्संग की महिमा अपार है। कहा कि सति ने सत्संग नहीं किया। अंत में आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ।

### राजस्व टीम ने अवैध निर्माण को कराया ध्वस्त


अवैध निर्माण ध्वस्त कराते अधिकारी।

**टांडा, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह व राजस्व टीम ने गांव रतुआ नगला में भूखंड़ों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इससे आरोपियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी को जनता दर्शन के दौरान गांव रतुआ नंगला में गाटा संख्या 29/1 रकबा 1.676 हेक्टेयर पर अवैध प्लॉटिंग के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। डीएम ने एसडीएम को नियमानुसार कार्रवाई के लिए निर्देश दिए थ। उप जिलाधिकारी ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार अमित कुमार, राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### बिना मानक चलती मिलीं तीन निजी बसें सीज

**रामपुर, अमृत विचार :** बिना मानक पूरे किए सड़क पर दौड़ रही तीन निजी बसों को पीटीओ ने सीज कर दिया। जबकि चार स्कूली बसों का चालान काटा है। जिले में धड़ल्ले से निजी बसें दौड़ रही हैं। जिनके परिचालक जगह-जगह से सवारियां भरते हैं। जिससे कई बार हादसे हो चुके हैं। उसी को लेकर पीटीओ ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। हाईवे पर तीन निजी बसें बिना मानकों को पूरा किए चलती मिलीं। जिसके बाद पीटीओ होरीलाल ने बसों को सीज कर दिया। इसके अलावा मानक के अनुरुप नहीं चलने पर चार स्कूली बसों का चालान किया गया है।

### महिला को बुलाने आए ससुराल वालों को पीटा

**सैफनी, अमृत विचार :** भाई, मां और अन्य दो लोगों के साथ पत्नी को ससुराल से बुलाने आए युवक को महिला के मायके वालों ने मारा पीटा। इससे युवती का देवर घायल हो गया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है। मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दानिश ने बुधवार को थाने में तहरीर दी। उसका आरोप है कि उसकी शादी 27 फरवरी को सैफनी थाना क्षेत्र के गांव छतौनी के रहने वाले वहीद की पुत्री नजमुल से हुई थी। 20 दिन पहले उसके ससुर गांव के दो लोगों के साथ उसकी पत्नी को बुलाकर मायके लाए थे। दो दिन पूर्व दानिश अपनी पत्नी को बुलाने गया था। लेकिन, उसके सास-ससुर ने उसकी पत्नी को उसके साथ नहीं भेजा। परिवार के लोगों को साथ लाने को कहकर वापस भेज दिया। बुधवार को वह अपनी मां नसीम जहां, भाई नाजिम और गांव के प्रधान प्रेमपाल व लला टिकर गांव के ग्राम प्रधान मोहम्मद आरिफ सहित गांव के दो अन्य लोगों को अपने साथ लेकर ससुराल पहुंचा। आरोप है कि बातचीत के दौरान उसके ससुर परिवार से अलग किराये के मकान में रहने की शर्त रखने लगे। इस पर उसके भाई नाजिम ने एतराज जताया। इस बात पर दानिश के साले आलिम, चचेरे साले आसिफ और गांव के मेहंदी एवं एक अन्य व्यक्ति ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे नाजिम घायल हो गया। दूसरी ओर युवती के पिता वहीद ने भी दानिश, बेटी की सास, ननद व देवर के खिलाफ दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।


बैठक में आशाओं को जानकारी देते सीएमएस डॉ. अनवर सादात।

### सिजेरियन केस के मरीज को न किया जाए रेफर

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अनवर सादात ने चिकित्सकों, आशाओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में ऑपरेशन के लिए सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि सिजेरियन केस को रेफर नहीं किया जाए। बल्कि डिलीवरी अस्पताल में ही कराई जाए। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनवर सादात ने चिकित्सकों, आशाओं के साथ प्रसव को लेकर बैठक की। कहा कि एक माह में 110 नार्मल, 57 सिजेरियन डिलीवरी हुई हैं। इससे सिजेरियन का ग्राफ नीचे आया है। कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिलीवरी के लिए सुविधाएं दी जा रही हैं, इसलिए अधिक से अधिक सिजेरियन डिलीवरी की जाएं। स्टाफ समय से ओपीडी में रोगियों को परामर्श दें। उन्होंने रोगियों के तीमारदारों से कहा कि शिकायत है तो तुरंत स्वयं बताएं।

## एक नजर

### घायल छुट्टा गोवंश को नहीं मिल रहा उपचार हालत बिगड़ी

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्लाक बनियाखेड़ा के अंतर्गत गांव गंदुपुरा में दर्जनों की संख्या में छुट्टा गोवंशीय पशु जहां तहां विचरते रहते हैं और किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बचाव को किसानों ने कंटीले तारों की तारकशी कर रखी है। वहीं एक छुट्टा गाय गांव में घायल अवस्था में घूम रही है। उपचार नहीं मिलने से गाय की हालत खराब होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना कि पशु चिकित्सालय की एंबुलेंस को सूचना दी लेकिन छुट्टा गायों का इलाज करने को मना कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने गाय का उपचार कराने की मांग की है।

### सड़क पर पलटा ई रिक्शा, चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी चालक शाहिद बुधवार को बैटरी की मरम्मत कराने ई रिक्शा लेकर संभल आ रहा था। संभल हसनपुर मार्ग पर मुहल्ला देहली दरवाजा के पास शाहिद का नियंत्रण हटते ही अचानक से ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे शाहिद घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने सीधाकर ई रिक्शा के नीचे दबे शाहिद को बाहर निकाला और उपचार के लिए निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया।

### भाकियू शंकर के युवा जिलाध्यक्ष सहित तीन पदाधिकारी निष्कासित

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर चौधरी ने अधिकारियों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने व अपने पद का दुरुपयोग के आरोप में संभल विकासखंड क्षेत्र निवासी तीन पदाधिकारियों भाकियू शंकर युवा के जिलाध्यक्ष गांव चमरौआ निवासी कामेंद्र सिंह व जिला उपाध्यक्ष गांव सिंहपुरसानी निवासी जसवंत उर्फ मिंकू सिंह व चमरौआ निवासी कुलदीप शर्मा की अधिकारियों के साथ अमर्यादित भाषा व पद का दुरुपयोग करने के साथ साथ कार्यकर्ताओं से भेदभाव करने की शिकायतें मिल रही थी। इन तीनों को संगठन से निष्कासित कर दिया गया।

# ईंट भट्टे में रखी चोरी की पांच बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

## बोरी में बंद बर्तन भी मिले, अपराधियों में एक अमरोहा जिले का

**संवाददाता, संभल/असमोली**


बरामद बाइकों के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में असमोली मढ़न मार्ग पर बंद पड़े ईंट भट्टे के अंदर छिपाकर रखी गई चोरी की पांच बाइकें व प्लास्टिक की बोरी में बंद चोरी के बर्तन बरामद कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। चारों आए दिन थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

थाना क्षेत्र के गांव परियावली निवासी नदीम व असमोली निवासी सुबोध कुमार की बाइक चोरी होने के बाद पुलिस बाइक चोरों की तलाश में थी। बुधवार को पुलिस को मढ़न असमोली मार्ग पर गांव दुगावर के पास चार संदिग्ध लोगों के खड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने यहां खड़े गांव दुगावर निवासी पवन गोस्वामी, सतेंद्र उर्फ दुम्मा, भूरा और अमरोहा जिले के गांव हाफिजपुर निवासी संजू को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पवन गोस्वामी, सतेंद्र, भूरा व संजू ने बाइकें चोरी करने की बात कबूल की। बताया कि चोरी की बाइकों को पास में बंद पड़े ईंट भट्टे के अंदर छिपाकर रखा है। जिसके बाद पुलिस चारों को लेकर ईंट भट्टे पर पहुंची और निशानदेही पर पांच बाइक व प्लास्टिक की बोरी में बंद बर्तन बरामद कर लिए। पुलिस ने सतेंद्र उर्फ दुम्मा, पवन गोस्वामी, भूरा व संजू का चालान कर दिया।

थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि पांच बाइकों में से दो बाइकें व बर्तन चारों लोगों ने थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह से चोरी किया था। बाकी की तीन बाइकें दूसरी जगह से चोरी की हैं। चारों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जनपद बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव करियावैन निवासी सोहन पाल (28 वर्ष) पुत्र वीरपाल जुनावई में मिष्ठान भंडार पर काम करता था। चार दिन पहले सोहनपाल चंडीगढ़ गया था और बुधवार को वापस आया। सोहनपाल जुनावई में जिस दुकान पर काम करता था वहां के साथी कमल की बाइक लेकर गांव करियावैन जा रहा था। जैसे ही सोहनपाल बदायूं-मेरठ नेशनल हाईवे पर गांव फतेहपुर के पास पहुंचा तो पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सोहनपाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने सोहनपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तांत्रिक ने हवन कर जीजा-साली को किया बेहोश, 50 हजार लेकर भागा

**कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा**

**ठगी**

- हिचकी आने की बीमारी के चलते 15 दिन से जीजा के घर रह रही थी साली
- तांत्रिक ने पहले पानी पढ़कर दिया तो युवती हो गई ठीक, मामले में पुलिस को दी गई तहरीर

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में अंधविश्वास के चलते ठगी का मामला सामने आया है। तांत्रिक ने बीमारी ठीक करने का भरोसा दिलाकर घर में हवन कराते हुए जीजा-साली को बेहोश कर दिया और 50 हजार रुपये लेकर भाग गया। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र बादाम सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसके बेटे हरिओम की साली रिंकी पुत्री पप्पू निवासी गांव दूधमा थाना जरीफनगर करीब 15 दिन से उसके घर पर रह रही है। रिंकी को हिचकियां आती थीं। रिंकी को इधर-उधर से दवा दिलाई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ तो एक तांत्रिक से मुलाकात हुई। तांत्रिक ने रिंकी को पानी पढ़कर दे दिया तो उसकी तबीयत ठीक हो गई। इसके बाद तांत्रिक ने हवन करने की बात कही और गांव जहानपुर में उसके घर पर हवन का सामान लेकर आ गया। तांत्रिक ने हवन शुरू किया। उसने हरिओम व रिंकी बैठा लिया। तांत्रिक ने हरिओम से 50 हजार रुपये निकलवा कर हवन में रखवा लिए। कुछ देर हवन चला। जिसके बाद हरिओम और रिंकी बेहोश हो गए जबकि तांत्रिक 50 हजार रुपये लेकर भाग गया। प्रताप सिंह ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


घायल मोर को देखते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

## कुत्तों के हमले में घायल मोर वन विभाग को सौंपा

**संभल, अमृत विचारः** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में तीन दिन पहले कुत्तों के हमले से डरकर घर में घुसे घायल मोर का बुधवार को पशुपालन विभाग के डॉक्टर ने उपचार किया। मोर को वन विभाग की टीम को सौंप दिया गया।

पंवासा निवासी नरेश ने बताया कि सोमवार की शाम घायल अवस्था में मोर घर में घुस आया था। मोर इतना डरा हुआ था कि घर से बाहर नहीं निकल रहा था। मंगलवार को सूचना वन विभाग व पशुपालन विभाग को दी, लेकिन न तो उपचार करने के लिए डॉक्टर और न ही मोर को ले जाने के लिए वन विभाग की टीम आई। बुधवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मोर को लेकर पंवासा पशु चिकित्सालय आ गई।

## लिंटर डालते समय गिरा छत का ढूला, राजमिस्त्री सहित दो घायल

**संवाददाता, संभल**


गांव में गिरा मकान का लिंटर।

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में मकान का लिंटर डालते समय अचानक ढूला गिर जाने से मलबे में दबकर राजमिस्त्री सहित दो लोग घायल हो गए। मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने घायलों को मलबे से निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया।

थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर देव निवासी मुत्तलिब के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी राजमिस्त्री अमरसिंह व मजदूर देवेंद्र सहित अन्य मजदूर मशीन से छत का लिंटर डाल रहे थे। देवेंद्र व अमरसिंह लिंटर के मिक्सर को लकड़ी से समतल कर रहे थे। अचानक ढूले में लगी लकड़ी जमीन के अंदर धंसी तो ढूला व लिंटर के लिए लगाया गया लोहे का जाल नीचे की ओर गिरने लगा। देवेंद्र व अमरसिंह भी लिंटर के साथ नीचे गिरकर मलबे में दब गए। लिंटर गिरते ही भवन स्वामी व मजदूरों में हड़कंप मच गया। लिंटर गिरने की जानकारी होने पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर आ गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने मलबा हटाकर घायल देवेंद्र व अमर सिंह को बाहर निकाला। देवेंद्र व अमरसिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सभी के हितों को ध्यान में रखकर न्यायिक कार्य करेंगे : एसडीएम

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


संभल में एसडीएम न्यायिक का स्वागत करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की नवागत एसडीएम न्यायिक से परिचय वार्ता हुई। जिसमें एसडीएम न्यायिक ने कहा कि अधिवक्ताओं और वादकारियों के हितों को ध्यान में रखकर न्यायिक कार्य करेंगे।

पुरानी तहसील पर ई लाईब्रेरी कक्ष में हुई वार्ता में अधिवक्ताओं और एसडीएम न्यायिक आनंद कटारिया ने एक-दूसरे से परिचय किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि अपेक्षा है कि वह न्यायिक प्रक्रिया का पूर्णतः पालन करते हुए कार्य करेंगे। बार और बेंच के बीच सामंजस्य स्थापित कर शासन की मंशा के अनुरूप वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। एसडीएम न्यायिक ने कहा कि उनकी कार्यशैली से किसी का भी अहित नहीं होगा।

बार और बेंच के बीच सामंजस्य स्थापित कर कार्य करेंगे। इस दौरान चौधरी प्रकाशवीर सिंह, शरद चंद्र भारद्वाज, देवेंद्र पाल, मुस्तकीम अहमद, विजय गुप्ता, वसी हसन, सत्यवीर शर्मा, अफजाल अहमद, विनेश गोयल, राजीव भटनागर, जावेद हुसैन, मनीष आर्य, राजबहादुर सक्सेना, सुभाष त्यागी आदि रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने तथा संचालन सचिव डॉ.अमित कुमार उठवाल ने किया।

## सार संक्षेप

### एसडीएम न्यायिक से हुई परिचय वार्ता

**संभल, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट सीनियर बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी संभल के बार कक्ष में नवागत एसडीएम न्यायिक आनंद कटारिया से अधिवक्ताओं की परिचय वार्ता हुई। अध्यक्ष गय्यूर अहमद एडवोकेट ने कहा कि निष्पक्ष और ईमानदारी से साथ कार्य किया जाए। वादकारियों और जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। राजेंद्र सिंह सैनी एडवोकेट ने अधिवक्ताओं का एसडीएम न्यायिक से परिचय कराया। इस दौरान रामपाल सिंह, मुस्तहसिन रजा जैदी, सुधीर कुमार शर्मा, सऊदुल हसन, जावेद सलमानी, सरदार अहमद, सुहेल रजा जैदी आदि रहे।


बीडीसी सदस्य निर्वाचित होने पर खुशी मनाते समर्थक। ● अमृत विचार

### ओमकार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए बीडीसी सदस्य

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई विकासखंड के वार्ड नंबर 29 द्वितीय पर नाम वापसी के दिन सत्येंद्र सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके बाद ओमकार सिंह मीणा को निर्विरोध बीडीसी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य हुकुम सिंह मीणा की मौत हो जाने के बाद वार्ड नंबर 29 द्वितीय रिक्त हो गया था। उपचुनाव में इस वार्ड से ओमकार सिंह व सत्येंद्र सिंह ने अपने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए दावेदारी ठोकी थी। नाम वापसी के दिन सत्येंद्र सिंह ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश होकर अपना नामांकन पत्र वापस लेते हुए अपनी दावेदारी वापस ले ली। निर्वाचन अधिकारी ने ओमकार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। उन्हें बीडीसी सदस्य पर विजेता का प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजीव यादव आदि मौजूद रहे।

### दो बीडीसी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित, प्रधान पद के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** संभल जिले में उपचुनाव को लेकर चली प्रक्रिया के तहत बीडीसी सदस्यों के दो नामांकन पत्र वापस ले लिए गए तो बहजोई और असमोली में दो बीडीसी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए जबकि इससे पहले संभल और बनियाखेड़ा में बीडीसी सदस्य दो पदों पर सिर्फ दो ही नामांकन पत्र आने के कारण वहां भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ था। अब बनियाखेड़ा के जनेटा में ही प्रधान पद के छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान छह अगस्त को होगा।उपचुनाव प्रक्रिया को लेकर बुधवार को नाम वापसी का दिन रहा। असमोली में बीडीसी सदस्य के वार्ड 57 से दो नामांकन पात्र दाखिल हुए थे। जिनमें से मेहताब सिंह ने नाम वापस ले लिया तो निर्वाचन अधिकारी अंशुल कुमार ने अजय कुमार को निर्विरोध बीडीसी सदस्य निर्वाचित होने पर प्रमाण पत्र सौंपा। प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रामदयाल ने बताया कि बहजोई में भी बीडीसी सदस्य के दो में से एक नामांकन वापस हुआ तो वहां भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इससे पहले संभल में बीडीसी सदस्य के एक पद पर एक और बनियाखेड़ा में बीडीसी सदस्य पद पर एक ही नामांकन आया था तो वहां निर्विरोध निर्वाचन हुआ था। अब बनियाखेड़ा के जनेटा में प्रधान पद के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छह अगस्त को मतदान और आठ अगस्त को मतगणना कराई जाएगी।

### संसद में उठाया ताजियों की ऊंचाई घटाने का मामला


संसद की कार्रवाई के दौरान बोलते सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

**संभल, अमृत विचार :** संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने मोहर्रम पर प्रशासन द्वारा ताजियों की ऊंचाई कम कराकर परेशानी खड़ी करने का आरोप लगाते हुए मामला संसद में उठाया।जियाउर्रहमान बर्क ने संसद में यह मामला उठाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम पर लोगों को धमकाने व उन पर बेवजह कार्रवाई करने का काम किया। पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम पर ताजिये निकालने के काम में तरह-तरह की अड़चनें पैदा कीं। उन्होंने दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। सांसद ने कांवड़ यात्रा के दौरान मीट की दुकानों को बंद कराने का जिक्र करते हुए इसे गलत बताया।

# निजी स्कूलों में ज्यादा फीस वसूली के विरोध में निकाला जुलूस, दिया धरना

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



अपनी मांगों को लेकर जुलूस निकालते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलों में छात्रों के अभिभावकों से ज्यादा फीस वसूली समेत कई मुद्दों को लेकर जुलूस निकाला और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया। एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांगें उठाईं।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक राजीव कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मार्गों से होते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा कि प्रत्येक वर्ष निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के कोर्सों की अनुमानित शुल्क को बढ़ाकर छात्रों के अभिभावकों से ज्यादा पैसे की वसूली की जा रही है। गरीब लोगों को अपने बच्चों को पढ़ाना कठिन हो रहा है। इसकी जांच कराई जाए। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सभी वर्गों के गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का प्रबंध किया जाए और उचित छात्रवृत्ति की व्यवस्था होनी चाहिए।

संभल जिले में अंबेडकर पार्कों व ग्राम समाज की जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा किए अवैध कब्जों को हटवाने, उनके निर्माण व सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव पारित करने, गांवों में नालों, सड़कों और तालाबों की व्यवस्था कराने की मांग उठाई।

## शिक्षकों को कक्षा में एआई के प्रयोग की दी जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में शिक्षण कार्य में अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) का इस्तेमाल होगा। कक्षा में एआई का प्रयोग विषय पर सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में कार्यशाला हुई। जिसमें शिक्षकों को कक्षा में एआई का प्रयोग करने की जानकारी दी गई।

सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में हुई कार्यशाला में प्रबंधक अशोक गर्ग, प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यशाला के प्रमुख सतीश चंद्र गंगवार को स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित कया। जिसके बाद केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड देहरादून द्वारा नियुक्त सतीश चंद्र गंगवार ने विभिन्न विद्यालयों के 45 शिक्षकों को एआई के बारे में जानकारी दी। बताया कि कक्षा में एआई का प्रयोग किस तरह किया जाए।


बीएसए अलका शर्मा को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

# शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता,बहजोई**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से जुड़े पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

जिला संयोजक विकास यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर पहुंच गए। जहां उन्होंने बीएसए अलका शर्मा को ज्ञापन देते हुए कहा कि चयन वेतनमान प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर अति शीघ्र पूरा किया जाए। महिला शिक्षकों के मातृत्व एवं बाल्य देखभाल अवकाश समय से निर्धारित हो जिससे कि महिला शिक्षकों असुविधा का सामना न करना पड़े। दिव्यांग भत्ता संबंधित फाइल खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अग्रसारित होकर बीएसए कार्यालय में काफी समय तक लंबित हैं। विद्यालय निरीक्षण के दौरान यदि कोई कमी परिलक्षित होती है तब जल्दबाजी में कार्रवाई न की जाए। इस दौरान सुभाष चंद्र, नौरंगी लाल, हर प्रसाद पाल, पूनम सिंह, संदेश चौधरी, मनीष बेनीवाल, नवीन कुमार, कामेश्वर प्रसाद, गौरव परिहार आदि रहे।


नहर विभाग के अधिकारियों के सामने अपने तर्क रखते किसान। ● अमृत विचार

# कमेटी ने देखी पुल निर्माण की संभावनाएं

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- भाकियू असली की ओर से उठाई जा रही है मांग

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली की दो गांवों के संपर्क मार्ग पर पुल निर्माण को लेकर चल रही मांग रंग लाती दिख रही है। नहर विभाग के अधिकारियों से वार्ता के बाद गठित कमेटी ने मौके पर पहुंचकर पुल निर्माण की संभावनाओं को देखा। कमेटी अब अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपेगी।

भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले 11 जुलाई को किसानों ने गांव मूसापुर और अझरा के संपर्क मार्ग पर मध्य गंगा नहर निर्माण खंड 9 बुलंदशहर से पुल बनवाने के लिए संभल में मध्य गंगा नहर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। जिसे लेकर 15 जुलाई को किसानों और मध्य गंगा नहर विभाग के अधिकारियों से वार्ता हुई थी। जिसके बाद एक कमेटी का गठन हुआ। बुधवार को कमेटी में शामिल अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों से जानकारी हासिल करते हुए पुल निर्माण को लेकर जांच की। बताया गया कि कमेटी अब नहर विभाग के अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपेगी।

## नशा सुंघा कर चालक से ई-रिक्शा लूटने का प्रयास

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी' अमृत विचारः** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में सवारी बन कर बैठे दो लोगों ने चालक को नशा सुंघा कर ई-रिक्शा लूटने का प्रयास किया। चालक की सतर्कता से लूट की वारदात होने से बची। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जनपद रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव भुलासी निवासी राजेंद्र पुत्र भीकम सिंह ई-रिक्शा चला कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। रोजाना की तरह मंगलवार को भी वह ई-रिक्शा से थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में आया था। यहां दो युवक गांव छाबड़ा जाने की बात कह कर ई-रिक्शा में बैठ गए। जब चालक गांव धनुपुरा से होकर गुजर रहा था। तब ही पीछे बैठे युवकों ने चालक के मुंह पर अंगोछा डाल दिया। जिससे चालक को बेहोशी छाने लगी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए सड़क किनारे बैठे ग्रामीणों के पास ई-रिक्शा रोक दिया और ग्रामीणों को आपबीती बताई।


चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते डीआरएम। ● अमृत विचार

# डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- स्टेशन कायाकल्प के तहत हो रहे सौंदर्यीकरण के कार्य के बारे में ली जानकारी, दिए निर्देश

**अमृत विचारः** मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद (डीआरएम) ने बुधवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर कायाकल्प योजना के तहत हो रहे चंदौसी स्टेशन के सौंदर्यीकरण के कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं के लिए की गई अन्य व्यवस्थाएं देखीं और अधीनस्थों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार बुधवार को करीब 11.15 अपने स्पेशल ट्रेन से चन्दौसी पहुंचे। उनके आगमन की सूचना पर स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा समेत अन्य अधिकारी भी अलर्ट हो गए। सभी प्लेटफार्म से लेकर ट्रैक तक और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई थीं। वहीं डीआरएम ने स्टेशन पहुंच कर सबसे पहले सौंदर्यीकरण के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। अधीनस्थों से जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके बाद उन्होंने प्लेटफार्म पर व्यवस्थाएं देखीं। तत्पश्चात स्टेशन अधीक्षक कक्ष में संबन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की।

## सभासद ने उठाई श्मशान घाट के जीर्णोद्धार की मांग

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की वार्ड 32 की सभासद कुसुम सैनी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। कहा है कि हयातनगर में स्थित श्मशान घाट में लाडम सराय, हयातनगर और सरायतरीन के लोगों का अंतिम संस्कार होता है। श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जिस कारण हिंदू समाज के लोगों को अंतिम संस्कार करने में परेशानी होती है। वहां बैठने, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। सभासद ने श्मशान घाट का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण व चाहरदीवारी कराने की मांग की है। इस मामले में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने भी संस्तुति दी है।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

## नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम भूप किशोर (Bhoop Kishor) पुत्र श्री प्रेमपाल से बदलकर भूप किशोर गुप्ता (Bhoop Kishor Gupta) पुत्र श्री प्रेमपाल गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। भूप किशोर गुप्ता पुत्र श्री प्रेमपाल गुप्ता नि. लेखपाल कालौनी बबराला तह. गुन्नौर जिला सम्भल।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** फव्वारा चौक स्थित आदर्श नगर में बुधवार की सुबह अधेड़ की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अधेड़ नशे का आदी था। बुधवार की सुबह पांच बजे आदर्श नगर निवासी सतेंद्र कुमार 55 वर्ष पुत्र लल्ला बाबू की हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने परिजनों से जानकारी कर उपचार आरंभ किया। उपचार के बाद ही अधेड़ ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव घर ले गए। परिजनों ने बताया कि अधेड़ अक्सर नशा करके घर लौटता था।

### करंट की चपेट में आकर गाय ने दम तोड़ा

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी में बुधवार की दोपहर गांव की आबादी के निकट भूरे सिंह के खेत में लगे लोहे के विद्युत पोल में करंट उतर आया। इसी दौरान गांव के ही किसान हरप्रसाद यादव की गाय खेत में चर रही थी। चरते-चरते गाय हाईटेंशन लाइन के पोल के निकट पहुंच गई। जिससे करंट लगने से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। ये देख हरप्रसाद व आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने बिजली विभाग को फोन कर लाइन बंद कराई। घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### तार में करंट आने से दो पशुओं की मौत

**बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलाबई में गांव के उत्तर साइड में स्थित एक खेत किनारे लगे झटका मशीन के तार में बुधवार की सुबह 440 वोल्टेज का करंट उतर आया। जिससे बुधवार की सुबह करंट की चपेट में आकर गाय समेत दो दुधारु पशुओं की मौत हो गई। गांव के हरिशंकर पुत्र झाड़ू लाल ने बताया कि करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। हरिशंकर की आर्थिक स्थित सही नहीं है। ग्रामीणों ने पीड़ित को सरकारी आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।

# युवक ने मालगाड़ी के आगे कूद कर दी जान

## झाड़ियों से निकल कर ट्रैक पर कूदा 25 वर्षीय हरकेश, आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- चन्दौसी-बरेली ट्रैक पर थाना बनियाठेर के गांव बैरीखेड़ा के निकट हुई घटना
- पुलिस के पहुंचने पर हुई शिनाख्त शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बैरीखेड़ा के पास चन्दौसी-बरेली ट्रैक पर युवक ने मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। और मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

बुधवार की सुबह नौ बजे मालगाड़ी चन्दौसी से बरेली के लिए रवाना हुई। जब ट्रेन चन्दौसी से सिसरका रेलवे स्टेशन के बीच गांव बैरीखेड़ा के पास पहुंची तो झाड़ियों में से निकल कर एक युवक ट्रेन के आगे कूद गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट मुन्ना राजा ने घटना से चन्दौसी स्टेशन मास्टर को अवगत कराया। इसके बाद रेलवे की ओर से थाना बनियाठेर पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त हरकेश उर्फ मुन्ना 25 वर्ष पुत्र ब्रजराम निवासी गांव रहोली थाना कुढ़फतेहगढ़ के रूप में हुई।

घटना से मृतक के परिजनों को अवगत कराया गया। कुछ ही देर में परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए और शव के पास विलाप करने लगे। मृतक के भाई सिपाही लाल ने बताया कि उसका भाई हरकेश उर्फ मुन्ना बुधवार की सुबह घर से निकल आया था। उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं दे सके।

# संदिग्ध परिस्थिति में घर में मिला महिला का शव

संवाददाता, संभल/रजपुरा

- मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, पति ने की थी दूसरी शादी

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में मजदूर की पत्नी का शव बुधवार को घर के अंदर संदिग्ध परिस्थिति में जमीन पर पड़ा मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। तीन वर्ष पहले मजदूर ने ससुराल से महिला के साथ भागकर दूसरी शादी की थी।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कैल निवासी करन सिंह ने बेटी पूजा 30 वर्ष की शादी आठ वर्ष पहले रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव रजावली निवासी हरिओम से की थी। दंपति के तीन बच्चे हैं। तीन वर्ष पहले हरिओम ससुराल से प्रेम प्रसंग के चलते एक अन्य महिला को भगाकर ले गया था। जिसके बाद हरिओम ने महिला के साथ प्रेम विवाह किया था। दूसरी शादी का पूजा ने विरोध किया तो हरिओम दूसरी पत्नी के साथ जाकर दिल्ली रहने लगा। अक्सर वह पूजा के पास भी आता जाता रहता था। कुछ दिन पहले हरिओम दूसरी पत्नी को दिल्ली से गांव ले आया था। बुधवार को पूजा का शव घर में पड़ा हुआ था। हरिओम का कहना है कि वह पूजा को घर छोड़कर दूसरी पत्नी व अन्य परिजनों के साथ काम करने बाहर गया था। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शस्त्र मामले में दोषी को 10 दिन की सजा

**चन्दौसी/गुन्नौर, अमृत विचार:** न्यायालय जुडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर जनपद संभल की अदालत ने अवैध शस्त्र मामले के एक दोषी को जेल में बिताई अवधि 10 दिवस के कारावास व न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला थाना गुन्नौर क्षेत्र में 2020 का है। गुन्नौर थाना पुलिस ने रहीश पुत्र शहजाद निवासी मोहल्ला हीरापुर थाना गुन्नौर के खिलाफ 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। आरोपी के खिलाफ साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से एपीओ रामविलास ने दलीलें पेश कीं। बुधवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने रहीश को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि 10 दिवस के कारावास व न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में कोर्ट मोहर्रिर उप निरीक्षक बाबू सिंह का योगदान रहा है।

# तमंचा के बल पर महिला और परिवार को धमका रहे दबंग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कोतवाली पुलिस ने नहीं सुनी तो महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार
- पति दिल्ली में रहकर करता है मजदूरी का कार्य, महिला दो बेटे व छह बेटियों के साथ रहती है

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मण गंज पजाया अब्दुल कलाम स्कूल के पीछे महिला व उसका परिवार दबंगों से परेशान है। आरोप है कि दो भाई बेवजह महिला के घर में ताका-झांकी करते हैं और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हैं। उक्त लोग तमंचा लेकर आते हैं। पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। दबंग द्वारा तमंचा लहराने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

मोहल्ला लक्ष्मणगंज पजाया निवासी महिला मुन्नी पत्नी शाकिर ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पति दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। घर पर वह अपनी छह पुत्री व दो पुत्रों के साथ रहती है। परिवार का खर्चा चलाने को वह भी मजदूरी करती है। 21 जुलाई की शाम चार बजे महिला अपने काम पर गई थी। घर पर उसका एक पुत्र व पुत्रियां थी। तभी आरोपी अपने भाई के साथ महिला के घर आ गया और हाथ में तमंचा लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब महिला की पुत्रियों ने विरोध किया



वायरल वीडियो में हाथ में तमंचा लिए युवक।

तो आरोपी घर में पत्थर फेंकने के साथ जान से मारने की धमकी देने लगा। जिससे घर में मौजूद महिला की पुत्रियां व पुत्र काफी घबरा गए। शाम को महिला घर पहुंची तो घटना की जानकारी दी। महिला अपनी फरियाद लेकर कोतवाली पहुंची, मगर पुलिस ने महिला की कोई मदद नहीं की। आरोपी व उसके भाई से महिला का परिवार काफी डरा हुआ है। कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने शिकायती पत्र देकर एसपी से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# मौलागढ़ फीडर की रात में गुल रही बिजली, 15 हजार लोग प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रात 12 बजे से सुबह साढ़े आठ बजे तक बिजली गुल होने से इन्वर्टर भी दे गए धोखा
- परेशान हुए उपभोक्ता, नींद भी नहीं हो सकी पूरी, सुबह पेयजल संकट भी गहराया

**अमृत विचार:** मौलागढ़ विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिससे मंगलवार की रात 12 बजे पूरे उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। भीषण गर्मी में लोगों को रात जाग कर काटनी पड़ी। बुधवार की पेयजलापूर्ति की समस्या खड़ी हो गई। बुधवार सुबह आठ बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू होने से लोगों ने राहत महसूस की।

मंगलवार की रात साढ़े ग्यारह बजे तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई थी। जिसके कारण मौलागढ़ विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिससे पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, गांव मौलागढ़, बहजोई रोड, आवास विकास, आंशिक शक्ति नगर, प्रेम नगर आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे करीब 15 हजार लोगों की आबादी प्रभावित हो गई। आपूर्ति ठप होने पर लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हो गए।

विद्युत विभाग से जानकारी की गई तो बताया गया कि उपकेंद्र से जुड़ी हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। रात दो बजे बिजली आई और दो मिनट के बाद तुरंत चली गई। जिससे भीषण गर्मी में लोगों ने रात जाग कर काटी। बुधवार की सुबह बिजली गुल होने से पेयजलापूर्ति का संकट गहरा गया। इसके बाद सुबह आठ बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने राहत महसूस की।

# अंश निर्धारण की गड़बड़ी से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याएं उठाईं। एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने आनंद कुमार सिंह व वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीएम विनय कुमार मिश्र को सौंपे ज्ञापन में कहा कि संभल तहसील में किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण में गड़बड़ी हुई है। जिससे किसान परेशान हैं। ओवरलोडिंग के कारण बिजली व्यवस्था चौपट हो गई है। धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। बिजली विभाग चोरी छिपे मुकदमे दर्ज कराकर जुर्माने बना रहा है। ढंसौली व अख्तियारपुर के नौ किसानों के चोरों ने समरसेबल से मोटर चोरी कर ली। ईंट





एसडीएम विनय मिश्रा को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भाकियू अराजनैतिक ने उठाईं किसानों की समस्याएं, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डालकर समरसेबल खराब कर दिए। सिंहपुरसानी से असमोली तक सड़क खराब है। किसानों को गन्ना ले जाने में परेशानी होगी। यूरिया खाद प्राइवेट दुकानों पर 20 से 30 रुपये महंगा बेचा जा रहा है। सिंहपुरसानी बिजलीघर की ओसीबी खराब पड़ी है। किसानों के नलकूपों की क्षमता बढ़ाई गई लेकिन ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि नहीं हुई।

कहा कि समस्याओं का समाधान 30 जुलाई तक कराया जाए। अन्यथा किसान 31 जुलाई को एसडीएम कार्यालय पर धरना देंगे। इस दौरान पंकज त्यागी, विमल त्यागी, मूलचंद, राजेंद्र सिंह, अमरदीप, अमरपाल, राजकुमार सिंह, होराम सिंह आदि रहे।

## सार संक्षेप

### दूसरे धर्म की लड़की को खून देकर बचाई जान

**संभल, अमृत विचार :** संभल के एक युवक में अपने जन्म दिन पर जो किया वह सभी के लिए प्रेरणादायक है। युवक ने अपना खून देकर बीमारी से जूझ रही दूसरे धर्म की लड़की की जान बचाने का काम किया। नगर के मोहल्ला महमूद खां सराय निवासी राहुल कुमार को पीलिया से पीड़ित दूसरे समुदाय की लड़की के परिजनों ने अपनी परेशानी बताई तो राहुल ने अपने जन्मदिन के कार्यक्रम छोड़ बीमार लड़की को खून देने का इरादा किया। राहुल कुमार ने ब्लड बैंक जाकर रक्तदान कर लड़की के परिजनों को खून उपलब्ध कराया तो वह भावुक हो गये। राहुल कुमार ने कहा कि किसी की जान बचाने के लिए किसी द्वेष भावना के लोग एक-दूसरे का सहयोग करें। क्योंकि मानवता से बड़ी कोई सेवा ही नहीं है।



संभल में अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते राहुल कुमार।



जीके सिल्वर स्टोन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे। ● अमृत विचार

### पुस्तक वाचन प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्नों ने दिखाया उत्साह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को पुस्तक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक और दो के छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्नों ने बढ़चढ़ कर उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कक्षा एक के अंग्रेजी पुस्तक वाचन में अनामिका ने प्रथम, अध्यन ने द्वितीय व अभिनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में हिंदी के पुस्तक वाचन में सारांश, सिद्धि व रिद्धि तथा कक्षा दो के अंग्रेजी पुस्तक वाचन में काव्या, कृष्णा व वैभव और हिंदी के पुस्तक वाचन में मारिया, रामशा व शिवांश क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक मनोज गुप्ता, उप महा प्रबंधक योजना गुप्ता ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया। शलभ और शैलेन्द्र का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



हजरतनगर गढ़ी में कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### प्राकृतिक खेती करके आय बढ़ा सकते हैं किसान

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी में नमामि गंगे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन योजना अंतर्गत प्राकृतिक खेती को लेकर हुई कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला का मुख्य अतिथि मसामीउटा जापानी दूतावास की प्रथम सचिव एग्रीकल्चर एंड फूड एम्बेसी ऑफ जापान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने प्राकृतिक खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने जापान में लांच की गई रणनीति मिडोरी के बारे में बताया। अध्यक्षता कर रहे महानिदेशक एनएमसी जगमोहन गुप्ता ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के बारे में बताया। वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र जनपद संभल डॉ. महावीर सिंह ने प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत एवं बिजामित बनाने तथा प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी। रजपुरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ आशुतोष प्रताप सिंह ने किसानों को जैविक खेती व प्राकृतिक खेती से कम लागत एवं अधिक उत्पादन वाली फसलों की खेती करने की जानकारी दी। कहा कि नींबू की खेती को बंदर नुकसान नहीं पहुंचाते। किसानों वर्मी कंपोस्ट प्रयोग करने की सलाह दी। पशुओं के गोबर से आय बढ़ाने को प्रेरित किया। कार्यशाला में तमाम किसान मौजूद रहे। संचालन भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने किया।

### सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में राम कथा आरंभ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कागजी स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में पांच दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन ऋषिकेश से पधारे संत अयोध्या दास रामायणी ने श्री राम कथा का सुन्दर वर्णन करते हुए कहा कि कहते हैं हरि अनंत, हरि कथा अनंता है। सबसे पहले श्रीराम की कथा हनुमानजी ने लिखी थी। फिर महर्षि वाल्मीकि ने। वाल्मीकि राम के ही काल के ऋषि थे। उन्होंने राम और उनके जीवन को देखा था। वे ही अच्छी तरह जानते थे कि राम क्या और कौन हैं? लेकिन जब सवाल लिखने का आया, तब नारद मुनि ने उनकी सहायता की। रामायण के बाद राम से जुड़ी हजारों कथाएं प्रचलन में आईं और सभी में राम की कथा में थोड़े-बहुत रद्दोबदल के साथ ही कुछ रामायणों में ऐसे भी प्रसंग मिलते हैं। जिनका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में नहीं मिलता है। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



आईटीआई में रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# रोजगार मेले में 15 अभ्यर्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की गई। करियर काउंसलिंग के माध्यम से उपस्थित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी दी गई। मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड पंजाब की कंपनी के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में इंटरमीडिएट, स्नातक योग्यता के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कंपनी की प्रतिनिधि शिवानी सिंह ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 27 अभ्यर्थियों में से 15 का चयन कर लिया गया।

# पौन घंटे की झमाझम बारिश में सड़कों पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** लंबे समय बाद हुई झमाझम बारिश से शहर जलमग्न हो गया। सड़कों पर जलभराव से होकर गुजरने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा तो वहीं लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की।

मौसम में उमस बढ़ने से लोग हाल बेहाल हो गए। मंगलवार की रात 12 बजे के बाद बारिश हुई तो आधी रात तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। लेकिन बुधवार की सुबह धूप निकलने पर उमस और बढ़ गई। जिससे लोग पसीना-पसीना हो गए। शाम पांच बजे के बाद आसमान में उमड़ घुमड़ कर बादल छा गए और करीब पौन घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद बूंदाबांदी का सिलसिला चलता रहा। जिससे जनमानस ने उमस से राहत महसूस की। वहीं पौन घंटे की झमाझम बारिश से शहर जलमग्न हो गया। फव्वारा चौक से स्टेशन रोड, रामस्वरुप रोड, संभल गेट, एवन वाली गली, मोहल्ला कागजी आदि क्षेत्रों की सड़कों पर जलभराव हो गया। स्टेशन रोड पर घुटनों से ऊपर जलभराव होने से पैदल वालों को भी आवागमन में परेशानी हुई। वहीं दुपहिया व चौपहिया वाहनों चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। कई घंटे तक जलभराव रहा। वहीं बारिश होने पर लोगों के चेहरे खिले नजर आए। देर शाम तक बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा।



बुधवार की शाम हुई बारिश से फव्वारा चौक के निकट जलभराव से गुजरते लोग।

- जलभराव से होकर गुजरने में लोगों को हुई परेशानी

### उमस भरी गर्मी में बरसात से मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** जिले में मंगलवार देर रात से ऐसा मौसम बदला कि बरसात से लोगों को राहत मिली। हालांकि बुधवार को दिन में चिलचिलाती धूप की वजह से लोग पसीना- पसीना हुए। इस बीच बुधवार की शाम अचानक बादल बरस गए।

संभल समेत कई क्षेत्रों में झमाझम बरसात हुई तो बुधवार को सुबह मौसम सुहाना हो गया। लोगों ने राहत महसूस करते हुए कामकाज वाले स्थानों का रुख किया। समय बढ़ने पर चिलचिलाती धूप के बीच उमस बढ़ने पर लोग परेशान दिखाई दिए। पल भर के लिए भी माथे से पसीना टपकना बंद नहीं हुआ। उस वक्त लोग राहत के लिए तरसते रहे। जैसे ही शाम हुई तो फिर से मौसम ने करवट ली। आसमान में काले बादल छाने के साथ ही बरसात हुई। जिसके बाद ठंडी हवा चलने से लोगों को सुकून मिला।

# शॉर्टहैंड टाइपिंग की भर्तियों में स्किल टेस्ट बाद ही लिखित परीक्षा कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में शॉर्टहैंड टाइपिंग से होने वाली भर्तियों में स्किल टेस्ट पहले व लिखित परीक्षा बाद में कराए जाने की मांग को लेकर युवा अभ्यर्थियों ने रैली निकाली। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अभ्यर्थियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में सभी आयोगों, बोर्डों द्वारा शॉर्टहैंड टाइपिंग से होने वाली भर्तियों जैसे कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टेनो, क्लर्क पदों पर स्किल टेस्ट पहले व लिखित परीक्षा बाद में कराई जाए। क्योंकि इन पदों पर कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी फार्म भर देते हैं, जिनको शॉर्ट हैंड, टाइपिंग आती भी नहीं है। जिस कारण वह स्किल टेस्ट में सफल नहीं हो पाते हैं। जिससे पद खाली चले जाते हैं। बताया गया कि कई राज्यों में शॉर्ट हैंड, टाइपिंग से जुड़े पदों पर लिखित परीक्षा लेते ही नहीं हैं और स्किल टेस्ट पर ही उन पदों का चयन स्वच्छ व कम समय में पूर्ण होता है। लिखित परीक्षा में खामियों की वजह से भर्ती में विलंब होता है। जिससे अभ्यर्थियों की आयु निकल जाती है। जिससे शॉर्ट हैंड व टाइपिंग स्किल टेस्ट की तैयारी कर रहे योग्य अभ्यर्थी चयनित होने से रह जाते हैं। बुधवार को युवाओं ने रैली निकालकर अपना विरोध जताया और तहसील जाकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।





चन्दौसी में रैली निकालते हुए तहसील जाते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- युवाओं ने रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रतिक्रिया** युवा वर्ग भी रोजगार के अवसर मिलने को लेकर उत्साहित

# केंद्र सरकार के बजट से हर वर्ग में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश किया था। मुख्य रूप से गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके कल्याण के लिए बजट पेश किया है। बजट से सभी वर्ग उत्साहित हैं। युवा वर्ग भी रोजगार के अवसर मिलने को लेकर उत्साहित हैं। छोटे उद्यमियों के लिए उन्नति का बजट है। जिसको लेकर छोटे व्यापारी भी गदगद नजर आ रहे हैं।



बजट युवाओं, गरीब वर्ग एवं मध्य वर्ग को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। यह बजट सर्व समाज के लिए हितकर रहेगा एवं सबसे महत्वपूर्ण बात इस बजट में यह है कि यह बजट देश को विश्व गुरु बनाने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

**-डॉ. रवि कांत शर्मा,** प्रोफेसर



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार का बजट पेश किया है। जो सभी वर्गों के लिए हितकारी व कल्याणकारी है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बजट में मध्यम वर्गीय को भी ध्यान में रखा गया है।

**-हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी,** अधिवक्ता



केंद्र सरकार का ये बजट सर्व समाज के लिए हितकारी है। युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित करने वाला है। एमएसएमई लघु एवं सूक्ष्म उद्योग के लिए उद्यम प्रगति की ओर ले जाने वाला बजट है। मुद्रा लोन दस लाख से बीस लाख करने पर छोटे उद्यमियों को उन्नति के लिए है।

**-संतोष कुमार,** फाइनेंस एडवाइजर



प्रस्तुत बजट विशेष रूप से युवाओं, दिव्यांग छात्रों, मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इस बजट में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष महत्व दिया गया है, जो की हमारी आने वाली नस्लों के जीवन में प्रकाश पुंज का कार्य करेगा एवं इस बजट के दूरगामी परिणाम श्रेष्ठ होंगे।

**-इंजीनियर पवन शर्मा** चेयरमैन, राधा गोविंद ग्रुप आफ कालेज

## एक नजर

### नाले की सफाई के लिए अधिकारियों से गुहार

**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सोहत गढी निवासी राम सिंह ने उप जिलाधिकारी को पत्र सौंप कर बताया कि उसके गांव में नाले की ग्राम प्रधान ने सफाई नहीं कराई है। नाला जगह–जगह टूट गया है। नाला टूटा होने के कारण उसके खेत में बारिश का पानी चला गया, जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई। जिससे उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रधान से इसका समाधान कराने की मांग की है। लेकिन उसने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। आरोप लगाया कि प्रधान ने सफाई के लिए आए रुपयों को भी हड़प लिया है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नाले की सफाई करवाने के साथ कार्रवाई करने की मांग की है।

### इकलौते बेटे की छत के जाल से गिरकर मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** घर के इकलौते बेटे की छत के जाल से गिरकर मौत हो गई। नगर के मोहल्ला कोट के स्कूल वाली गली निवासी मरहूम



वकील का पुत्र आकिल आठ दिन पूर्व छत के जाल से नीचे गिर गया था। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उपचार करने के लिए उसे मेरठ ले गये थे। लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को आकिल की उपचार के दौरान मौत हो गई। आकिल के पिता वकील की दो साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतक इकलौता पुत्र था। आकिल की घर में एक छोटी बहन रह गई है। आकिल कक्षा 2 का छात्र था।

### दो हजार रुपये के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के बाद हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। मोहल्ला चौहानपुरी निवासी राकेश व गुड्डू के बीच दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर बीते कई दिन से विवाद चल रहा है। बुधवार सुबह भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर फिर से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर हुई मारपीट में राकेश व उसका चचेरा भाई रोहित एवं गुड्डू घायल हो गए। मामले में एक–दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दोनों ही पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है।

# खादर में गंगा तटबंध तक पहुंचा पानी, लोगों में दहशत

## खेतों में पानी भरने से फसलें बर्बाद होने की आशंका, पशुओं को भी नहीं मिल पा रहा चारा

**संवाददाता, रहरा**

**अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से गंगा में पानी छोड़े जाने के बाद गंगा के जलस्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव नानई, लिसडा, कसाईपुरा, विरामपुर बिहारीपुर आदि गांवों में तटबंध तक बुधवार को बाढ़ का पानी पहुंच जाने से क्षेत्र के लोग सहमे हैं।

गंगा तटबंध तक पानी पहुंचने से किसानों की मक्का, ज्वार ,बाजारा, उड़द , धान व देरी से बोई गई गन्ने की फसलें भी नष्ट होने की कगार पर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लगातार पानी बढ़ता रहा तो निचले इलाकों के खेतों में लबालब पानी भर जाने से फसलें पूरी तरह से तबाह भी हो सकती हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से बाढ़ से किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। एक तरफ जहां बाढ़ से किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ किसानों को खेतों पर जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले वर्ष भी बाढ़ के पानी आने से कटान के बाद करीब 1600 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई थीं। भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह का कहना है कि बाढ़ के पानी से नष्ट हुई किसानों की फसलों का किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए।



रहरा क्षेत्र में खेत में भरे पानी में डूबी फसल। ● अमृत विचार

**बूंदाबांदी के बाद फिर चिलचिलाती धूप व गर्मी से परेशान रहे लोग : अमरोहा :** मंगलवार की रात मौसम अचानक बदल गया। देर रात तेज बारिश के बाद बुधवार की सुबह भी हल्की बूंदाबांदी हुई। उसके बाद आसमान में बादल छाए रहे। लेकिन दोपहर में तेज धूप व भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गए। अब लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद है। पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी से क्षेत्र के लोग परेशान थे। अधिकतम तापमान भी 35 डिग्री तक पहुंच रहा था। लेकिन मंगलवार को दिनभर तेज धूप के बाद रात के समय मौसम अचानक से बदल गया और तेज बारिश हुई। बारिश के बाद भी आसमान बादलों से घिरा रहा। कई इलाकों में तेज बारिश हुई तो कहीं हल्की बूंदाबांदी से लोगों ने राहत की सांस ली। बुधवार की सुबह फिर मौसम सुहावना बना रहा। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। दोपहर बाद धूप निकल आई। भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गए। मौसम में कभी बारिश तो कभी धूप अब लोगों को बीमार कर रही है। बदलते मौसम के चलते लोग बीमारियों से घिर रहे हैं। अधिकतम तापमान भी बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रिकार्ड किया गया। जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में बारिश होगी।

### बारिश के बाद धूप ने बढ़ाई उमस

**बुरावली, अमृत विचार :** मौसम के बार–बार करवट लेने से उमस बढ़ गई है। न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र में बुधवार को फिर से मौसम ने करवट ली। सुबह चार बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। ठंडी हवा चली जिससे मौसम सुहाना हो गया, लेकिन ऐसा लोगों को कुछ देर के लिए ही ठंडक महसूस हुआ। वहीं सुबह करीब सात बजे सूर्य देव के दर्शन हुए तेज धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। उमस के कारण लोग पंखे कूलर के सामने बैठे रहे। इसके बाद भी लोग पसीने से तरबतर रहे। शाम में करीब साढ़े पांच बजे से काले मेघा फिर से बरसने लगे। धीमी गति से बूंदाबांदी होती रही। शाम में बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

### रिमझिम बारिश एवं हवा से मौसम हुआ सुहाना

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार सुबह हुई बारिश एवं हवा चलने से मौसम सुहाना हो गया। जिससे नगरवासियों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं, दोपहर बाद तेज धूप निकलने से लोगों को फिर गर्मी का सामना करना पड़ा। कई दिनों से नगरवासी भीषण गर्मी से परेशान हो रहे थे, वहीं बुधवार की सुबह हवा के साथ पड़ी बारिश ने नगर वासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

### अवैध वसूली के लिए धमकाने का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। आरोप है कि वीडियो में जिस युवक की पिटाई हो रही है। वह मेडिकल स्टोर संचालक को धमकाकर अवैध वसूली करने की कोशिश कर रहा था।

वीडियो सैदनगली क्षेत्र का बताया जा रहा है। मंगलवार शाम हसनपुर निवासी युवक मेडिकल स्टोर पर पहुंचा। आरोप है कि युवक ने मेडिकल स्टोर संचालक से कहा कि तुम एक्सपायरी डेट की दवा बेच रहे हो। धमकी दी अगर उसे पैसे नहीं दिए तो वह इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से कर देगा। स्टोर संचालक ने कई साथियों को मौके पर बुला लिया और युवक की पिटाई की। इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। उधर, पीड़ित युवक का कहना है कि उसने झोलाछाप के खिलाफ खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद उन्होंने उसे मिलने के लिए बुलाया था। जब वह वहां पहुंचा तो साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला जानकारी में है। जांच कर जो भी दोषी पाया जाएगा कार्रवाई की जाएगी।

# नदी की खोदाई के नाम पर खनन की जांच शुरू

- जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन अधिकारी ने की कार्रवाई
- गंगा एक्सप्रेस वे के नीचे से दो डंपर जब्त किए

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बगद नदी की खोदाई के नाम पर कुछ लोगों द्वारा अवैध खनन करने के मामले की जांच प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है। जिला अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार शाम हसनपुर एसडीएम मौके पर पहुंचीं और जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार की।

ज्ञात हो कि शासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में बगद नदी की खोदाई का कार्य कराया जा रहा था। क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा मौके का फायदा उठाते हुए नदी की खोदाई के नाम पर अवैध रेत के खनन का कार्य होने लगा। अवैध खनन के आरोपी रात में डंपर में रेत भरकर बालू की आपूर्ति करने लगे, अगर कभी कोई जिम्मेदार अधिकारी उनसे इस विषय में पूछता था, तो वह बगद नदी की खोदाई से निकले रेत को डंप करने की बात कह देते थे। सोमवार रात किसी ने जिलाधिकारी से पूरे मामले में शिकायत की थी, शिकायत मिलते ही जिला खनन अधिकारी मनीष यादव को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निर्देश मिलते ही जिला खनन अधिकारी मनीष यादव ने छापा मारकर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे से दो डंपर जब्त कर लिए, उन्हें पता चला की रेत रहरा थाना क्षेत्र के गांव तरौली के पास अवैध खनन कर आपूर्ति किया जा रहा है। इस दौरान अवैध खनन में लगे अन्य डंपर व जेसीबी मशीन को लेकर चालक फरार हो गए, जबकि एक पोकलेन मशीन पकड़ी गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र का बड़ा खनन माफिया धंधे में शामिल है, उसे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है।

मामले में जिला खनन अधिकारी मनीष यादव की तहरीर पर हसनपुर कोतवाली में दो नामजद एवं डंपर के दो चालक सहित रहरा थाने में पोकलेन मशीन के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं जिला अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार शाम हसनपुर एसडीएम सुनीता कुमारी भी तरौली के जंगल में पहुंचीं और मौका मुआयना कर जांच की। एसडीएम ने बताया कि पूरे मामले की जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है और जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### अवैध खनन में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बुरावली, अमृत विचार :** अवैध खनन के मामले में जिला खनन अधिकारी मनीष यादव की तहरीर पर हसनपुर व रहरा थाने में तीन अज्ञात सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सचिन पुत्र कुंवरपाल निवासी पतेई भूड़, सुनील पुत्र भैंसरी थाना रहरा व दो ट्रक स्वामी अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी ओर थाना रहरा में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि बगद नदी के जीर्णोद्धार के लिए चार माह से खोदाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमें गांव के प्रधान व आम जनता से खोदाई के लिए अपील भी की गई थी। जगह–जगह बगद नदी की खोदाई का कार्य किया जा रहा है। मिट्टी की खुदाई होने पर कहीं–कहीं पर बालू भी निकल रहा है। खनन माफिया ने कइ जगहों पर अवैध खनन करना शुरू कर दिया। ग्राम तरौली बगद नदी से बिना अनुमति के चोरी से कुल 3257 घन मीटर साधारण बालू का अवैध खनन किया जा रहा था। रहरा प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि जिला खनन अधिकारी मनीष यादव की तहरीर पर रहरा थाने में एक अज्ञात व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# दुकानों में निर्माण के विरोध में प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** शहर में मस्जिद की वक्फ दुकानों में अवैध निर्माण हो रहा है। स्थानीय लोगों ने तहसील पहुंचकर अवैध निर्माण करा रहे दुकानदारों के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम ने विनियमित क्षेत्र विभाग के जेई व प्रभारी निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच करते हुए रिपोर्ट तलब की है। फिलहाल निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बसावन गंज का है। यहां स्थित बड़ी मस्जिद की मुख्य बाजार में चौराहे से सटी हुई कुछ दुकानें भी हैं। संपत्ति सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में दर्ज है।

मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले स्थानीय लोगों के मुताबिक संपत्ति की देखरेख के लिए वक्फ बोर्ड से नियुक्त मुतवल्ली की तबियत खराब चल रही है जो इलाज के लिए इस वक्त दिल्ली गए हुए हैं। मुतवल्ली की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार बिना अनुमति वक्फ दुकानों की छतों पर भी अवैध तरीके से निर्माण करा रहे हैं। बुधवार को भी दुकानों में जारी अवैध निर्माण को देख लोगों का गुस्सा भड़क गया।

पहले दुकानदारों के साथ नोकझोंक हुई और जमकर हंगामा किया और बाद में तहसील पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह ने विनियमित क्षेत्र विभाग के जेई व प्रभारी निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच के आदेश करते हुए रिपोर्ट तलब की।

इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में फहाद, मुजाहिद अली, शहजाद, मोहम्मद सुहैल, मोहम्मद अमान, अब्दुल्लाह, कदीर, औरंगजेब, हाफिज फहीम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



तहसील परिसर में प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते रामडोल कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जर्जर तार बदलवाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** रामडोल शोभायात्रा को लेकर श्री धार्मिक रामडोल शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी अधीक्षण अभियंता से मिले। उन्होंने बिजली के जर्जर तारों को बदलवाने व लटके तारों को खींचवाने की मांग की और अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य एवं एतिहासिक रामडोल शोभायात्रा 27 अगस्त को निकाली जाएगी। इस बार 117वीं रामडोल शोभायात्रा शहर में निकलेगी। बुधवार को व्यवस्थाओं को लेकर श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शोभायात्रा के मार्ग में नीचे लटक रहे बिजली के तारों को ऊंचा कराने व जर्जर बिजली के पोल को दुरुस्त कराने की मांग की गई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा, महामंत्री पंकज जिंदल, विवेक शर्मा, दीपक बंसल, राज शर्मा, मनु शर्मा, नमन जैन, यश गोयल, सौरभ भारद्वाज उपस्थित रहे।

### तिगरी में गंगा का 40 सेमी. घटा जलस्तर

**गजरौला, अमृत विचार :** बुधवार को तिगरी में गंगा का जलस्तर 199.70 मीटर रहा, जो कि मंगलवार को 200.10 मीटर था। जबकि बिजनौर बैराज से 45933 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

जलस्तर में कमी आने से तिगरी व आसपास के खेतों में भरे पानी में भी उतार आया है, हालांकि पानी भरा है। इस कारण किसानों को पशुओं के लिये चारा काटने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई दिनों से बाढ़ का पानी भरा होने के कारण फसलों के गलने की संभावना भी बढ़ गई है। हालांकि अभी पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते आने वाले दिनों में जलस्तर बढ़ने की काफी संभावना है। पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदियों में होने वाले जल की अधिकता को हरिद्वार व बैराज से डाउन स्ट्रीम में डिस्चार्ज किया जाता है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत सात पर रिपोर्ट

**संवाददाता, डिडौली**

**अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के अनुसार ससुराल वालों ने मायके में जाकर गाली गलौज एवं मारपीट की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर डिडौली पुलिस ने सास, ससुर, ननद, ननदोई एवं पति सहित सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र की ग्राम बुढ़नपुर निवासी एकता पुत्री सुरेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि पीड़िता की शादी 16 मई को गजरौला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानपुर निवासी कृष्ण सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह के साथ हुई थी। शादी में पीड़िता के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार खूब दान दहेज दिया था। लेकिन पीड़िता के ससुराल वाले दान दहेज से खुश नहीं थे। पीड़िता को कम दहेज का ताना देकर आए दिन मारपीट गाली गलौज एवं मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। पीड़िता ने अपने सास एवं ससुर से शिकायत की तो पीड़िता के ससुराल वालों ने पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। दो जुलाई को पीड़िता अपने मायके में थी। इस दौरान शाम को लगभग छह बजे पीड़िता की सास, ससुर, ननद, ननदोई एवं पति मायके में आए एवं पीड़िता के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। इन लोगों ने पीड़िता के पेट में लात मारी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। वह दो माह की गर्भवती थी। जिसे टीएमयू में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था

### चार साल की मासूम से दुष्कर्म का प्रयास

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में खेल रही चार साल की मासूम को उठाकर तीन युवक पानी की टंकी के पास ले गए। जहां युवकों ने मासूम से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। खोजबीन करते हुए मौके पर पहुंची मां को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि पूरा मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां चार वर्षीय मासूम मोहल्ले में ही बच्चों के साथ खेल रही थी। गांव के ही तीन युवक मासूम को उठाकर गांव में स्थित पानी की टंकी के पास ले गए। जहां वह मासूम के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान बच्ची की खोजबीन करते हुए मासूम की मां मौके पर पहुंच गई। जिसे देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके बाद मासूम के माता–पिता बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# होटल संचालक व स्वामी पर आठ दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** छापेमारी के बाद होटल सील करने के आठ दिन बाद भी राजनीतिक संरक्षण के चलते होटल संचालक एवं स्वामी पर कोई कार्रवाई न होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन है। ग्रामवासियों का कहना है कि वह जल्द जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज कराएंगे।

17 जुलाई को एसडीएम सुनीता कुमारी एवं सीओ दीप कुमार पंत ने पुलिस बल के साथ ग्राम शाहपुर कलां स्थित दो होटलों में छापा मारा था। छापेमारी के दौरान यूनिक गेस्ट हाउस से अधिकारियों ने आठ जोड़े बरामद किए थे। 17 जुलाई की शाम यूनिक गेस्ट हाउस को सील कर दिया गया था। होटल सील होने के बाद क्षेत्र वासियों को उम्मीद थी कि होटल संचालक पर सख्त कार्रवाई होगी। लेकिन कई दिन बाद भी कार्रवाई न होने पर 20 जुलाई को ग्राम शाहपुर कलां के पंचायत भवन में क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों की बैठक हुई और उसमें पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग गई थी। लेकिन आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस व प्रशासन द्वारा होटल संचालक एवं मलिक के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। वहीं, ग्राम प्रधान मीनू रानी का कहना है कि पता नहीं क्यों प्रशासन इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा। जल्द रणनीति बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर पूरी घटना से अवगत कराया जाएगा। वहीं, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

# एबीएसए ने निजी विद्यालय की छुट्टी कराकर बंद रखने को कहा, प्रबंधक को दिया नोटिस

- स्कूल के बराबर में खेत के मालिक ने की थी शिकायत

> स्कूल से संबंधित शिकायत मिली थी। मैंने स्कूल जाकर निरीक्षण नहीं किया। – आरती गुप्ता, एबीएसए

**संवाददाता, रहरा**

**अमृत विचार :** गांव बरतौरा स्थित निजी विद्यालय में एबीएसए ने पहुंचकर बच्चों की छुट्टी करा दी। साथ ही स्कूल प्रबंधक से कुछ दिन स्कूल बंद करने को कहा। विद्यालय के बगल के खेत मालिक की शिकायत पर एबीएसए स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचीं थी। बच्चों की छुट्टी कराने का यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

गंगेश्वरी क्षेत्र में शिक्षा विभाग में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। अभी दो दिन पहले क्षेत्र के हैदलपुर स्थित संविलियन विद्यालय में एक सहायक अध्यापक का कमरे में बेंच पर सोते हुए वीडियो वायरल हुआ था। मामला जब जिलाधिकारी के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से बीएसए को जांच के आदेश दे दिए। बीएसए ने जांच के बाद विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया तथा खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी आरती गुप्ता व स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार को नोटिस जारी कर दिया। मंगलवार को फिर खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी आरती गुप्ता के एक निजी विद्यालय के औचक निरीक्षण का मामला सामने आया। सूत्रों के मुताबिक गंगेश्वरी के गांव लिसडा निवासी व्यक्ति ने पड़ोस के गांव बरतौरा में चल रहे एक निजी विद्यालय आरएस पब्लिक स्कूल प्रबंधन के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि जिस भूमि पर प्रबंधक द्वारा विद्यालय का भवन बनाया गया है। उसके बरामद में उसका खेत है तथा विद्यालय के भवन में उसकी कुछ जमीन निकल रही है। शिकायत के बाद आनन-फानन में एबीएसए टीम के साथ विद्यालय पहुंच गईं तथा विद्यालय प्रबंधक रियासत से तत्काल बच्चों की छुट्टी करने को कहा। साथ ही विद्यालय प्रबंधक को नोटिस थमा कहा कि अगले दो दिन तक आपको विद्यालय नहीं खोलना है। क्षेत्र में चर्चा है कि क्या शिक्षा विभाग की कमान संभालने वाली अधिकारी को राजस्व विभाग की जिम्मेदारी भी मिल गई है। जबकि विद्यालय प्रबंधक रियासत ने बताया कि मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी उनके विद्यालय में आई थीं तथा बच्चों की छुट्टी करने के बाद उन्हें नोटिस थमा गईं।

# केंद्रीय बजट से सेवानिवृत्त कर्मी निराश, संशोधन की मांग की

**अमरोहा, अमृत विचार :** केंद्रीय बजट को सेवानिवृत कर्मचारी एसोसिएशन के अनूप सिंह पैसल अध्यक्ष, शिवेन्द्र सिंह चिकारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शिशुपाल सिंह मंत्री पेंशनर्स एशोसिएशन ने वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए बेहद निराशाजनक बताया।

उन्होंने बताया कि इसमें वरिष्ठ नागरिकों की कोरोना काल में बंद की गई रेल यात्रा में छूट को बहाल नहीं किया गया है। न ही पेंशनर्स के कोरोना काल में रोकी गई 18 माह महंगाई राहत की देने की कोई बात की गई है, इसी तरह पेंशन राशिकरण की कटौती 15 वर्ष तक के स्थान पर 10 वर्ष करने की मांग मानी गई है। इसी तरह पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा नहीं की गई। आठवां वेतन आयोग गठन के बारे में कोई घोषणा नहीं है। इसलिए बजट से वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत कर्मचारियों को निराशा मिली है। संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की कि सरकार बजट में संशोधन कर वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत कर्मचारियों की विसंगतियों पर सकारात्मक सोच के साथ परिवर्तन हो।

### किसानों के लिए दिखावा

**बुरावली, अमृत विचार :** केंद्रीय बजट 2024–25 को लेकर भाकियू शंकर के जिला उपाध्यक्ष अनुज नागर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अधिक लागत और सरकारी खरीद के कारण किसान कर्ज से जूझ रहे हैं।



बजट में किसानों का कर्ज माफ को लेकर प्रावधान नहीं है। इस बजट से आम लोगो को कोई फायदा नहीं होगा। किसान सम्मान निधि नहीं बढ़ाई गई। मुफ्त बिजली और कृषि के उपकारणों पर जीएसटी कम करना चाहिए।

# दूसरे दिन भी लेखपालों का धरना जारी

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव नगलियां मेव में लेखपाल को बंधक बनाकर पीटने का मामला शांत नहीं हो रहा है। इसके विरोध में लेखपालों का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा।

बुधवार को दूसरे दिन भी लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों का तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। यहां लेखपाल को बंधक बनाकर पीटने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी व लेखपाल के साथी तरेश राणा पर हुई कार्रवाई को वापस लेने की मांग की गई। लेखपालों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी लेखपाल को पीटने के आरोपी खुले घूम रहे हैं। जिससे लेखपाल संघ में रोष है। मंगलवार को भी बार एसोसिएशन ने लेखपाल संघ की समस्त मांगों का समर्थन किया था। लेखपाल तरेश राणा पर हुई निलंबन की कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। लेखपालों का आरोप है कि तीन दिन पूर्व लेखपाल तरेश राणा को बंधक बनाकर पीटा था। बंधक बनाकर पीटने के नामजद आरोपी खुले घूम रहे हैं, तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि लेखपाल को निलंबित किया गया हैं। जिससे लेखपाल संघ में रोष व्याप्त है। लेखपालों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी व लेखपाल पर हुई निलंबन की कार्रवाई वापस होने तक धरना जारी रहेगा। लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि गांव नगलियां मेव में लेखपाल को बंधक बनाकर पीटने के नामजद आरोपी खुले घूम रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी व लेखपाल पर हुई निलंबन की कार्रवाई वापस होने तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान विकास यादव, अनुज सैनी, विमल शर्मा, अमित वर्मा, अमित कुमार, मुजम्मिल खान, आदर्श मंगट आदि मौजूद रहे।



तहसील में धरने पर बैठे लेखपाल। ● अमृत विचार

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुई अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



**डॉ. विकास प्रधान**
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

> कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

> आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48 .21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश



**रघोत्तम शुक्ला**
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैः आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है, जिसमें वृद्ध न हों'।

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों, पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?" और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे, किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी, जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी, वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किश्त भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं, घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है, वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुजुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता



**डॉ. हेमंत कुमार झा**
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते, जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे "किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है, लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी, जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान, जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते, आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं, जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं, जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए, जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला



**अजय तिवारी**
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार



**नवेद शिकोह**
वरिष्ठ पत्रकार

> यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध



**डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार, दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है, लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है, तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है, क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा, उसके जीवन में सुख चैन होगा, लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

## एक नजर

### नवविवाहिता को छोड़ पति प्रेमिका के साथ फरार

**अमरोहा, अमृत विचार :** शादी के एक महीने बाद ही बाद ही युवक पत्नी को छोड़कर प्रेमिका को लेक फरार हो गया। नवविवाहिता ने इसका विरोध जताया तो ससुराल पक्ष ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। दरअसल यहां स्थित गांव निवासी ने अपनी बेटी की शादी 19 जून को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव निवासी कृष्णा के साथ की थी। बताया जा रहा है कि शादी के एक महीने बाद ही पति काम करने के बहाने दिल्ली निकल गया। इसके बाद वहां से वह अपनी प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। जब इसकी भनक पत्नी को लगी तो उसने विरोध किया। इसके बाद ससुराल पक्ष ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। नवविवाहिता तब से लेकर मायके में है। आरोप है कि ससुराल वालों ने दो लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर मारपीट की गई। मारपीट से विवाहिता का गर्भपात हो गया। परेशान होकर पीड़िता एसपी के पास पहुंची और शिकायती पत्र सौंपा। पुलिस ने पति सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में पति सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# शिकायतों का निस्तारण न करने पर डीएम ने दिए वेतन रोकने के निर्देश

## 12 विभागों ने आईजीआरएस की शिकायतों का नहीं किया था निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने आईजीआरएस पर की गई शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने विभागों द्वारा अपलोड की निस्तारण आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी दिखाते फटकार लगाई। साथ ही डिफाल्टर संदर्भ वाले विभागों का स्पष्टीकरण मांगने, वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के डिफाल्टर सन्दर्भ, लंबित शिकायतों व निस्तारण आख्या अपलोड किए जाने को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले विभागों के डिफॉल्टर संदर्भों की विभाग वार जानकारी ली। जिसमें अधिशासी अभियंता विद्युत, पूर्ति निरीक्षक हसनपुर, खंड विकास अधिकारी जोया, पुलिस चिकित्सा, बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों के कुल 12 संदर्भ डिफाल्टर पाए गए। डिफॉल्टर संदर्भों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई। खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर व गंगेश्वरी का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अधिशासी अभियंता जल निगम के डिफाल्टर संदर्भों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि यदि तीन दिन के अंदर निस्तारण नहीं हुआ तो प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की जाएगी। इसी प्रकार अधिशासी अभियंता विद्युत अमरोहा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कहा कि यदि कल तक निस्तारण नहीं हो जाता है तो वेतन रोका जाएगा। पूर्ति निरीक्षक हसनपुर के डिफाल्टर संदर्भों के संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई और स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर अपलोड की गई निस्तारण आख्या को प्राथमिकता के साथ जांच की। निस्तारण आख्या के गुणवत्ता पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर संबंधित को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने की कहा कि आईजीआरएस में किया गया निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। यदि निस्तारण की गुणवत्ता सही नहीं है तो शिकायतों का निस्तारण नहीं माना जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी हसनपुर, नौगांवा, अमरोहा व अन्य अधिकारी रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के गांव पंडित नगला निवासी हरि सिंह व उसका साथी अमन उर्फ मन्नू (22) के साथ मंगलवार देर रात बाइक से बृजघाट गंगा से जल भरने जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर गजरौला के निकट पीछे से तेजगति के साथ आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अमन की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने अमन के शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


हसनपुर में पौधरोपण करते सीओ और किसान। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने किसानों के साथ किया पौधरोपण

**हसनपुर, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाकियू शंकर के पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में एसडीएम एवं सीओ भी मौजूद रहे। भाकियू शंकर के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर के विकास खंड परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान में एसडीएम सुनीता कुमारी एवं सीओ दीप कुमार पंत भी रहे। भाकियू शंकर मनोज दास ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप अभियान चलाकर 150 पौधे हसनपुर क्षेत्र में लगाए गए हैं। इस मौके पर देवेंद्र सैनी, धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, नेतराम सिंह, अतीक अहमद, सीताराम, सुनील कुमार, डॉ. योगेंद्र सिंह, शेर सिंह राणा, रीना रानी, ज्योति, नीतू रानी, सुमन,दीपिका आदि मौजूद रही।


गजरौला में आग बुझाने के तरीके सीखती महिला। ● अमृत विचार

### छात्रों-अभिभावकों को बताए आग बुझाने के तरीके

**गजरौला, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय खुंगावली में जुबिलेंट फाउण्डेशन एवं अग्निशमन विभाग के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं व स्टाफ और अभिभावकों को आग बुझाने के उपायों के बारे में बताया गया। अग्निशमन विभाग के उपनिरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि आग बड़ी है और तेजी से फैल रही है तो घटना की जानकारी तुरंत 112 पर दें। वहीं उन्होंने आग बुझाने के प्रारम्भिक उपायों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, पूजा रवि, चंदन सिंह, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, मोनू, बृजनंदन, विमला, राजवती, हेम सिंह व लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

### कॉलेज में छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन


छात्रा को स्मार्टफोन देते मुख्य अतिथि।

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री देवी सिंह पीजी कॉलेज गजरस्थल में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। बुधवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत श्री देवी सिंह पीजी कॉलेज गजस्थल में बीए, बीएससी के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विवेक सिंह, विधानसभा सहसंयोजक भाजपा प्रत्यक्ष शर्मा आदि रहे। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक अंकित यादव, सुरेंद्र सिंह, अमित त्यागी,धीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के प्रयास में ननदोई व देवर पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला ने दहेज के लिए ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। कहा कि उसके विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने ननदोई व देवर पर दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप लगाया। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र का है। क्षेत्र के गांव निवासी किसान ने बेटी की शादी दो साल पहले संभल जिले के एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल में महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। मायके से 10 लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। भाई ने ससुराल वालों को तीन लाख रुपये दे दिए लेकिन इसके बाद भी उत्पीड़न कम नहीं हुआ। 20 जुलाई की सुबह ससुराल वालों ने महिला से मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। देवर और ननदोई ने उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मामले में फैसले के लिए जुटी पंचायत में ससुराल वालों ने महिला और उसके भाइयों को डांटकर भगा दिया। अब तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

### आईटीआई कैशोपुर में रोजगार मेला आज

**अमरोहा, अमृत विचार :** आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांव कैशोपुर में एक दिनी रोजगार मेला लगेगा। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के आधार पर विभिन्न पदों के लिए चयन होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जिला सेवायोजन विभाग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमरोहा के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैशोपुर में सुबह 10 बजे से एक दिनी रोजगार मेला लगेगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित अधिष्ठानों/कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर 18 वर्ष से 30 वर्ष की आयु वाले विभिन्न व्यवसायों छात्रों को साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं।

## अमरोहा पुलिस डाटा फीडिंग में प्रदेश में तीसरे नंबर पर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह।

**अमृत विचार :** सीसीटीएनएस में जारी की गई मासिक रैंकिंग में डाटा फीडिंग में अमरोहा पुलिस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रदेश में अमरोहा जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिस पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर प्रभारी सीसीटीएनएस शेर सिंह को प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि सीसीटीएनएस पोर्टल पर निर्धारित कार्यों को तय सीमा के अंदर पूर्ण किए जाने, तय समय से अधिक से अधिक डाटा फीडिंग व डाटा सिंक की कार्रवाई के लिए जनपदीय सीसीटीएनएस को-ऑर्डिनेटर को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। एनसीआरबी द्वारा राज्य स्तर पर सीसीटीएनएस पोर्टल पर किये जा रहे कार्यों के परफॉर्मेंस के आधार पर सभी जनपदों की मासिक रैंकिंग की जाती है। पोर्टल पर किये जा रहे कार्य प्रदर्शन की समीक्षा कर रैंकिंग की जाती है। उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा लेने के लिए कहा।

### मुकदमा वापस न लेने पर दुष्कर्म में फंसाने की धमकी

**हसनपुर, अमृत विचार :** मुकदमा वापस न लेने पर कुछ लोगों ने पीड़ित को दुष्कर्म में फर्जी फंसाने की धमकी दी है। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

गांव सतैडा निवासी दीपक भाटी पुत्र धर्मवीर सिंह का कहना है कि उसका मोहल्ला कायस्थान निवासी व्यक्ति से रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था, जिस पर दीपक भाटी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला न्यायालय में है। 20 जुलाई को ग्राम मटेना निवासी युवक का उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाला उसे उसका कहना है कि उसे दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की वह युवक धमकी दे रहा है। दीपक भाटी ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि यदि उसके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसका जिम्मेदार आरोपी युवक होगा। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच करनी शुरू कर दी है।

## लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से मिलेगी सफलता

संवाददाता, आदमपुर

**कार्यक्रम**
- शम्भू इंटर कालेज में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह
- कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मानित किया

**अमृत विचार :** बुधवार को शम्भू इंटर कालेज आदमपुर में विलेज डेवलपमेन्ट एजूकेशन आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हाईस्कूल व इंटर की कक्षाओं में टॉपर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एवं लेखक डॉ. टीपी. सिंह ने कहा कि मेधावी छात्र पहले अपना लक्ष्य तय करें, फिर प्रकृति ने जो ताकत आपको दी है, उसे प्राप्त करने में लगा दो। बिना लक्ष्य तय किए सफलता हासिल करना मुश्किल है। डॉ. टीपी सिंहने कहा कि मेधावियों को रचनात्मक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने कैरियर को चुनना चाहिए। सरकारी नौकरियों के सीमित होने के चलते व्यापार के क्षेत्र में भी स्वरोजगार को तैयार करने की कोशिश करें। कालेज के प्रबन्धक मुदित गुप्ता ने कहा कि छात्र-छात्राएं प्रतिस्पर्धा के दौर में स्वयं को तैयार करके आगे बढ़ें। एसएसआई रामप्रकाश ने कहा कि छात्र-छात्राएं मोबाइल, मोटर साइकिल से दूरी बनाने की कोशिश करें। कैरियर पर अपना पूरा ध्यान लगाएं। कार्यक्रम का संचालन निषिक चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में भीमराज, गुरमीत,देवेंद्र राणा, डॉ. सुरजीत आदि लोग उपस्थित रहे।


गजरौला में बिजलीघर पर क्रमिक अनशन करते किसान। ● अमृत विचार

## किसानों का बिजली घर पर 10वें दिन भी अनशन जारी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों का बिजलीघरों पर क्रमिक अनशन बुधवार को 10वें दिन भी जारी रहा।

गंगदासपुर बिजलीघर पर सौवीर सिंह, दौलतपुर नहरी बिजलीघर पर हेम सिंह, जोजखेड़ा बिजलीघर पर हर्ष चौधरी, मलेशिया बिजलीघर पर ख्यालीराम त्यागी, कौराला बिजलीघर पर मुकेश कुमार, डींगरा बिजलीघर पर जोगेंद्र सिंह आर्य, चुचैलां खुर्द बिजलीघर पर राजीव कुमार, काफूरपुर बिजलीघर पर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में क्रमिक अनशन किया।

संगठन के मंडल प्रभारी राजवीर सिंह ने कहा कि गन्ना विभाग किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। मार्च माह का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान अब तक भी नहीं हुआ है। गन्ना विभाग पर किसानों का करोडों रुपये का भुगतान बकाया है। कहा कि किसान प्रत्येक गन्ना समिति से अपने ब्याज का विवरण लेना चाहता है, जिसे मिल व अधिकारियों की मिलीभगत के चलते उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

# दूसरे सोमवार को लेकर तैयारियों में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


पुलिस कर्मियों को निर्देश देते प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को हुए हादसों के बाद कांवड़ियों के लिए सुरक्षित रूट देना किसी चुनौती से कम नहीं है। अब दूसरे सोमवार को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। जगह-जगह पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। हाईवे पर कांवड़ियों के लिए सुरक्षित लेन पर भी पुलिस नई व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही है।

सावन के पहले सोमवार रात को नेशनल हाईवे पर बाइकें टकरा जाने से तीन कांवड़ियों की मौत हो गई थी। जबकि कई कांवड़िये घायल हुए थे। करीब 25 से अधिक कांवड़ियों चोट लगी थी। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रूट डायवर्जन के बाद भी इस तरह की घटना होना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती से कम नहीं है। वहीं सोमवार के बाद मंगलवार से नेशनल हाईवे पर प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन खोलने पर वाहन हाईवे पर दोनों सड़कों पर सरपट दौड़ने लगे। पुलिस ने डायवर्जन खुलने के बाद राहत की सांस ली। कावंड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर दिल्ली-लनखनऊ नेशनल हाईवे पर शनिवार, रविवार व सोमवार को वाहनों का रूट डायवर्ट किए जाने का प्लान चल रहा है। जबकि

- सावन के पहले सोमवार को सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की हुई थी मौत

भारी वाहनों को सावन माह के लिए डायवर्ट करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों ने दिए हैं। पड़ोसी जनपद के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से पहले सोमवार से पहले रविवार शाम

### हाईवे पर जाम से बचने की कोशिश

पहले सोमवार को शाम तक मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर केवल कांवड़ियों के जत्थे और उनके ही वाहन चले। इसके बाद रात को भारी वाहन नेशनल हाईवे पर आए तो बुरी तरह जाम लग गया। सभी अधिकारी इस बात की भी तैयारी में लगे हैं कि इस बार सोमवार रात को हाईवे पर जाम न लगे।

रूट डायवर्जन के बाद भी भारी वाहन नेशनल हाईवे पर दिखाई दिए। जिसके चलते हाईवे पर भीषण जाम लग गया। करीब 15 किलोमीटर लंबे जाम पर पुलिस ने रविवार की देर रात काबू किया। सोमवार की सुबह फिर से जाम के हालात बनने लगे थे। वहीं इस बार भी ऐसे हालात न हों, इसको लेकर पुलिस प्रशासन पहले से ही सतर्क है। रूट डायवर्जन के बाद हाईवे जाम न लगे इसके पुलिस ने मैप तैयार कर लिया है।

## एसएसपी ऑफिस से दरोगा बोल रहा हूं, पैसे नहीं दिए तो कर दूंगा एनकाउंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसएसपी ऑफिस का दरोगा बताकर एक महिला से ठगी की कोशिश की गई। ठग ने महिला को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए चार हजार रुपये मांगे। उसने किसी युवक को एसएसपी बताकर महिला की बात भी करा दी। जब महिला ने पैसे देने से इन्कार किया तो उसने एनकाउंटर करने की धमकी दी। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने मोबाइल नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी निवासी शिवानी उर्फ सीमा ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका विवाद पड़ोसी चमन और उसके परिजनों से हुआ था। चमन ने उनके साथ मारपीट की थी तो उन्होंने थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया था। 11 जुलाई को सुबह 8:15 बजे दो नंबरों से उनके मोबाइल नंबर पर कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह एसएसपी कार्यालय से दरोगा बोल रहा है। चमन की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी, लेकिन इसमें सरकारी खर्चा चार हजार रुपये आएगा और खर्चा ऑनलाइन भेज दो। सीमा ने शक होने पर पैसे देने से इन्कार कर दिया। इस पर फोन करने वाला भड़क गया और गालीगलौज की। आरोपी ने एन्काउंटर करने और जेल भेजने की धमकी दी। वह आए दिन फोन करके धमकी दे रहा है।

### ट्रू कॉलर में दिख रहा राकेश एसएसपी ऑफिस

ट्रू कॉलर पर 95 से शुरू होने वाले नंबर पर राकेश एसएसपी ऑफिस और 96 से शुरू होने वाले नंबर पर स्कूल लिख कर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच साइबर सेल को सौंपी है। पुलिस का मानना है कि पैसे मांगने वाले आरोपी को पता है कि चमन और शिवानी के बीच विवाद हुआ है और शिवानी ने थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया है। आशंका है कि पैसे मांगने वाला आरोपी शिवानी और चमन के आसपास का ही रहने वाला है। इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कंपोजिट विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर झकड़ी स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए विज्ञान से संबंधित मॉडल रखे गए थे।

विज्ञान प्रदर्शनी का हसनपुर खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से गणित एवं विज्ञान से संबंधित सवाल पूछे। विद्यालय के बच्चों के प्रदर्शन को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय स्टाफ की सराहना की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्या सुमन रानी, अशोक कुमार, सुभाष चंद्र, रविंद्र कुमार, सिराजुद्दीन, दानिश, भारत, रेशू गुप्ता, किरण चौहान, सरोज शर्मा मौजूद रहे।

## ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने सराफ का नकदी भरा बैग लूटा

संवाददाता, बरेली/कैंट

**अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र के कांधरपुर में अंगूठी देखने के बहाने चार बदमाशों ने सराफ का नकदी और जेवर से भरा बैग लूट लिया। बदमाशों की मौके पर बाइक छूट गई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को फरीदपुर के बदमाशों पर शक है। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

प्रेमशंकर ने बताया कि कांधरपुर में आर्य समाज मंदिर के पास उनकी प्रेम ज्वैलर्स नाम से सराफा की दुकान है। वह मंगलवार रात 8:45 बजे दुकान बंद करने जा रहे थे कि तभी एक बाइक से चार युवक आए और सोने की अंगूठी दिखाने को कहा। उन्होंने अंगूठी दिखाई और 14 हजार रुपये कीमत बताई। इस पर बदमाशों ने चांदी की अंगूठी दिखाने को कहा। वह लॉकर से अंगूठी निकालने लगे। इसी बीच आरोपी उनका बैग लेकर भागने लगे। उन्होंने पीछा किया तो आरोपी बाइक छोड़कर भाग गए। उन्होंने बताया कि बैग में 70 हजार रुपये और 40 हजार रुपये के जेवर थे। कैंट इंस्पेक्टर जेएन पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इंस्पेक्टर जेएन पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**फरीदपुर के एक व्यक्ति के नाम पर है बाइक :** पुलिस ने बाइक का नंबर चेक किया तो पता चला कि बाइक फरीदपुर के व्यक्ति की है। कैंट पुलिस आरोपियों के घर तक पहुंची, लेकिन कोई नहीं मिला।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# कर कम किए जाने से रियल एस्टेट को होगा लाभ

## वित्त मंत्री बोलीं- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्सेशन के 20 से कम कर 12.5% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आम बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्शेशन के 20 प्रतिशत से कम कर 12.5 प्रतिशत किये जाने से सभी मामले में रियल एस्टेट लाभ में ही रहेगा। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, लेकिन अब इसके बगैर 12.5 प्रतिशत कर लगेगा। आम तौर पर रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है।

महंगाई का इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत होता है जो संपत्ति को रखने की अवधि पर निर्भर करता है। इसलिए इस तरह के अधिकांश मामलों में करदाताओं को कर की बचत ही होगी। उन्होंने कहा कि नई कर दर से अधिकांश मामलों में लाभ होगा। इस मामले में यदि संपत्ति को पांच वर्ष रखा जाता है और संपत्ति पर रिटर्न में 1.7 गुना की बढ़ोतरी होगी



- रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है

तो इस मामले में नयी व्यवस्था लाभकारी है। यदि संपत्ति को 10 वर्ष रखा जाता है और रिटर्न 2.4 गुना होता है तब भी इससे करदाता को लाभ होगा। जब संपत्ति पर 9 से 11 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलेगा तब नयी कर में करदाता को नुकसान होगा हालांकि रियल एस्टेट में ऐसा होना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सरलीकरण का लाभ करदाताओं को ही होता है क्योंकि इससे अनुपालन का भार कम होता है और रिकार्ड रखने की जरूरत समाप्त हो जाती है। सीतारमण ने कहा कि नयी व्यक्तिगत कर प्रणाली भी सभी के लिए लाभकारी है। इसमें कम कर देने के बाद जो बचत होगी उसका उपयोग करदाता अपने जरूरत के अनुसार कर सकेगा।

### एलटीसीजी में कमी से करदाताओं को होगी पर्याप्त कर बचत

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) की दर में कटौती से करदाताओं को पर्याप्त कर बचत होने की उम्मीद है। बजट में दीर्घावधि तक रखी गई आवास संपत्तियों की बिक्री से अर्जित पूंजीगत लाभ पर कर की दरें कम कर दी गई हैं, लेकिन करदाताओं को मिलने वाला इंडेक्सेशन लाभ हटाया गया है। इंडेक्सेशन लाभों से तात्पर्य पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सम्पति के मूल्य से मुद्रास्फीति को समायोजित करने की व्यवस्था समाप्त करना है। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, नाममात्र अचल संपत्ति रिटर्न आम तौर पर 12-16 प्रतिशत प्रति वर्ष के आसपास है, जो मुद्रास्फीति से बहुत अधिक है।मुद्रास्फीति के लिए इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत के आसपास है, जो संपत्ति को कितने समय के लिए पास रखा गया इस पर निर्भर करता है।

### इंडेक्सेशन लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को घटाया है और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए नकारात्मक बताया है। प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि इंडेक्सेशन के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

# बजट कृषि के निगमीकरण को देगा बढ़ावा : एसकेएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बजट कृषि के निगमीकरण को बढ़ावा देगा। एसकेएम ने आरोप लगाया कि यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला है। इन कानूनों को लगभग दो साल पहले निरस्त कर दिया गया था।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में किसानों की स्थिति में सुधार के लिए कोई प्रावधान नहीं है और वे विरोध में बजट की प्रतियां जलाएंगे। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। यह पिछले साल जैसा ही है। बिहार को वित्तीय पैकेज दिए गए हैं, कृषि क्षेत्र की अनदेखी हुई है और राज्य में मजबूत मंडी प्रणाली बनाने के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा के आशीष मित्तल ने कहा कि बजट में प्राकृतिक खेती से जुड़ी घोषणा से उत्पादन में गिरावट आ सकती है। वे एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। जय किसान आंदोलन के नेता अविक साहा ने कहा कि यह बजट कृषि कानूनों के प्रावधानों को पिछले दरवाजे से प्रवेश देने की कोशिश कर रहा है। बजट में किसान अदृश्य हैं। एसकेएम ने कहा कि बजट किसानों और श्रमिकों की कीमत पर कृषि के निगमीकरण की ओर ले जाएगा और राज्य सरकारों के अधिकारों को छीन लेगा, जो संविधान के संघीय चरित्र की मूल अवधारणा का उल्लंघन है।

## एक नजर

### मजबूत हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच ताजा सौदों की लिवाली किये जाने से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 363 रुपये की तेजी के साथ 68,873 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 363 रुपये यानी 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 68,873 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 10,851 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली के कारण सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,465.20 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें : दाल चना :** 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1085 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 825
**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,000 |
| चांदी आभूषण | 87,500 |

# चौथे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

- बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से निफ्टी भी 65.55 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35% की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27% गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व के शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### स्मॉलकैप 1.91% और मिडकैप 0.68% चढ़ा

बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.91 प्रतिशत और मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली नुकसान दर्ज किया गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,975.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत उछलकर 81.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बजट पेश किए जाने के साथ वायदा एवं विकल्प सौदों पर एसटीटी को बढ़ाने का प्रस्ताव रखने के बाद सेंसेक्स 1,277.76 अंक यानी 1.58 प्रतिशत तक टूट गया था। बाद में यह काफी हद तक भरपाई करने में सफल रहा था।

# एंजल कर : निवेश पर कर नहीं होना चाहिए : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार्टअप के लिए एंजल कर को हटाना एक लंबित मुद्दा था, क्योंकि यह कर देश में आने वाले निवेश पर लगाया जाता था और इस तरह के विदेशी निवेश पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप परिवेश को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने कहा कि यह कारोबार सुगमता का मुद्दा होने के साथ कर का मुद्दा भी था।



अंततः यह आय पर नहीं बल्कि निवेश पर कर था और निवेश पर कर नहीं लगना चाहिए, यही मूल विचार है। एंजल कर (30% से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई राशि पर लगाती है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना के तहत सीमा में वृद्धि, औपचारिक क्षेत्रों में नए प्रवेशकों को 15,000 रुपये तक महीने का वेतन देना, नए विनिर्माण कर्मचारियों के लिए 4 साल तक ईपीएफओ अंशदान और परिधान उद्योग को बढ़ाने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।



# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंडिया गठबंधन ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया

भाजपा ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए की कई घोषणाओं के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश क्रमशः सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राजग सरकार के प्रमुख घटक हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्ष अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहस है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।

### ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा तो जनता सत्तारूढ़ दल को चुनावों में दंडित करती रहेगी। चिदंबरम ने कहा कि वह बजट में घोषित ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं इसका हश्र भी प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के जुमले जैसा नहीं हो जाए। आम बजट 2024-25 और जम्मू कश्मीर के बजट पर चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को पढ़ने का अवसर निकाला। वित्त मंत्री ने कांग्रेस घोषणापत्र की पृष्ठ संख्या 11, 30 एवं 31 से अच्छे विचारों को लिया।

### खरगे बोले- फिर से ठोस सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1991 के केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की जरूरत है जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खरगे ने एक्स पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 उदारीकरण बजट के रूप में महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के युग की शुरुआत की थी।

# नीतीश कुमार के फिर बिगड़े बोल अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो

पटना, एजेंसी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान को लेकर एक बार फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम है या नफरत? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में बुधवार को राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों



विधानसभा सत्र को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़के बिहार के सीएम
- आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विपक्ष का हंगामा

को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं।

मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। राजद ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है कि मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ। 2005 के बाद हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। बोल रही हो, फालतू बात.. इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। महिला विधायक से इस तरह मुखातिब होने का विपक्षी सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अरे क्या हुआ? सुनोगे नहीं, हम तो सुनाएंगे और अगर नहीं सुनिएगा तो यह आपकी गलती है।

## एक नजर

### कंगना के लोकसभा मंडी से चुनावी जीत को चुनौती

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में बुधवार को मंडी लोकसभा क्षेत्र के एक निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन पत्र अस्वीकृति पर याचिका दायर कर इस सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत की चुनावी जीत को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के मुताबिक याचिका पर अदालत की ओर से नोटिस जारी किया गया है और प्रतिवादी भाजपा सांसद को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। याचिका में प्रदेश के किन्नौर जिले के निवासी निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी के नामांकन की अस्वीकृति को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि मानदंड पूरा करने के बावजूद चुनाव से पहले उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।

### टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### खालिद की जमानत पर कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत पर बुधवार को पुलिस का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा।

### जिम मालिक की हत्या में दो महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में जिम मालिक सुमित चौधरी की 10 जुलाई को चाकू घोंपकर हत्या हुई थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार को मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में करतार सिंह (33), हुसैन अली (20), शायना (36) और आशु (38) है। सभी आरोपी भजनपुरा निवासी हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश होने का संदेह है, हालांकि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ।

# मोबाइल पर निर्देश देकर चिकित्सक ने दाई से कराया सुरक्षित प्रसव

सिवनी (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में बाढ़ की स्थिति होने से जोरावाड़ी गांव नहीं पहुंच सकी महिला चिकित्सक, महिला ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

महिला का सुरक्षित प्रसव कराने के लिए महिला चिकित्सक ने मोबाइल फोन पर दाई को निर्देश देकर सुरक्षित प्रसव कराया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भरने से महिला चिकित्सक गांव तक नहीं पहुंच सकी तो पा उन्होंने प्रसव कराने के लिए फोन पर ही दाई को निर्देश दिए।

अधिकारी ने बताया कि जोरावाड़ी गांव में बाढ़ जैसी स्थिति थी जब रवीना उइके को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन जलजमाव होने से जिला अस्पताल नहीं जा सके। उइके की जानकारी के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसम के साथ टीम गांव रवाना हुई, लेकिन मार्ग जलमग्न होने से टीम का गांव पहुंचना असंभव होगा तो डॉ. सिरसम ने उइके के पति को फोनकर प्रशिक्षित दाई को बुलाने के लिए कहा। सिरसम ने दाई रेशना वंशकार को फोन पर दिए निर्देशों का पालन करने को कहा ताकि उच्च जोखिम वाली महिला का प्रसव हो सके। दाई ने निर्देशों का पालन करते हुए जुड़वा बच्चों का सुरक्षित जन्म कराया। जल स्तर कम पर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# न्यायाधिकरणों को ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत लाने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- मामले के संबंध में आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं

उच्चतम न्यायालय ने न्यायाधिकरणों को ई-अदालत योजना के अंतर्गत लाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई से इनकार कर दिया। ई- अदालत योजना का लक्ष्य पूरे देश की अदालतों में डिजिटल अवसंरचना का उन्नयन करना है।

याचिका में कहा गया था कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण जैसी अर्ध न्यायिक समितियों को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। एनजेडीजी ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत आता है जो देश की न्यायपालिका के कम्प्यूटरीकरण पर राष्ट्रीय नीति तैयार करने से संबंधित है। इसकी निगरानी और वित्तपोषण विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा किया जाता है। एनजेडीजी पोर्टल अदालतों ने शुरू किए हैं। यह लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डेटा का राष्ट्रीय कोष है।

प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं। एनजेडीसी ई-अदालत योजना का हिस्सा है। यह जिला, उच्च और उच्चतम न्यायालय को देखता है और यह न्यायाधिकरणों को बिल्कुल नहीं देखता। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना की रूपरेखा में अतिक्रमण नहीं कर सकती।सात हजार करोड़ रुपये अदालतों के लिए आवंटित किए गए हैं न कि न्यायाधिकरणों के लिए।

# मणिपुर में महिलाओं ने निकाली रैली तीन मौतों की न्यायिक जांच की मांग

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के कुकी और हमार समुदाय के दो महिला संगठनों ने बुधवार को रैली निकाली और असम पुलिस के साथ मुठभेड़ में हमार समुदाय के तीन पुरुषों के मारे जाने की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

कुकी विमिन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार विमिन यूनियन द्वारा आयोजित रैली में शामिल महिलाओं ने मुओलवाइफेई मैदान से शांति मैदान स्थित स्मृति दीवार तक मार्च निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि कछार जिले में 17 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, मारे गए लोगों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया था। दोनों संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिए ज्ञापन में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को सामने लाया जा सके।

# कानून का पता न होना तोड़ने का बहाना नहीं होता

मुंबई, एजेंसी

प्रतिबंधित सामग्री घोषित रसायन का बिना प्रमाणपत्र के निर्यात करने पर दवा कंपनी के निदेशक के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से बंबई हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होना उसे तोड़ने का बहाना नहीं होता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि इस अनभिज्ञता को बचाव के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो कानून प्रवर्तन मशीनरी ठप्प पड़ जाएगी। विवालविता फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी के निदेशक अजय मेलवानी



- दवा कंपनी के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से हाईकोर्ट का इनकार

ने हाईकोर्ट से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज की प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था। अपनी अर्जी में आरोपी ने दावा करते हुए मामले को रद करने का अनुरोध किया कि 2018 में जारी अधिसूचना में संबंधित रसायन प्रतिबंधित सामग्री की सूची में नहीं था, इसलिए उनकी कंपनी को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसके निर्यात से पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने यह अर्जी रद कर दी और यह कहते हुए मामला रद करने से इनकार कर दिया कि यह स्थापित कानूनी रुख है कि कानून की जानकारी नहीं होना किसी आपराधिक आरोप के सिलसिले में बचाव नहीं हो सकता है।

# राज्यपाल मानहानि मामले में ममता ने आदेश पर रोक का किया अनुरोध

**कोलकाता।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील ने न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी की पीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। पीठ ने कहा कि मामले पर गुरुवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील दलीलें देंगें।

# फैसला हटाने के होंगे गंभीर प्रभाव : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट आपराधिक मामलों में एक व्यक्ति के बरी होने के बाद मामले से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक मंचों से हटाने के उसके अधिकार से संबंधित याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमत हुआ। यह मुद्दा आरोपी के उस अधिकार से संबंधित है, जिसमें सार्वजनिक मंचों से उसके नाम वाले फैसलों को हटाने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने कहा कि फैसला हटाने के गंभीर प्रभाव होंगे।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस



- बरी होने के बाद फैसला सार्वजनिक मंच से हटाने की याचिका पर सुनवाई करेगा कोर्ट

फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें उसने विधि पोर्टल को वेबसाइट से उस निर्णय को हटाने के लिए कहा था कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी बरी हो गया है। सीजेआई ने कहा कि फैसले सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा होते हैं और अदालतों की ओर से उन्हें हटाने के आदेश का गंभीर असर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि यह मानते हुए कि कोई व्यक्ति बरी हो गया है, हाईकोर्ट उसे (विधि पोर्टल को) फैसला वापस लेने का निर्देश कैसे दे सकता है? एक बार फैसला सुनाने के बाद, यह सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के खिलाफ इंडिया कानून पोर्टल द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने पोर्टल को वेबसाइट से फैसला हटाने के लिए कहा था। कोर्ट ने कार्तिक थ्योडोर की याचिका पर यह फैसला दिया था।

# दफ्तर में घुसकर सचिव पर तानी रिवॉल्वर, धमकाया

## नोटिस के बाद भी धनराशि नहीं जमा कर रहा था आवंटी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को आवंटी बताए जा रहे एक युवक ने सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह के कक्ष में घुस कर उन पर रिवॉल्वर तान दी और जमकर अभद्रता की। कक्ष में तेज आवाजें सुन दौड़े प्राधिकरण कर्मियों ने आरोपी को दबोच प्राधिकरण सचिव को किसी तरह सुरक्षित किया। कैंट पुलिस आरोपी पंकज उपाध्याय को थाने ले आई है। सचिव ने केस दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। घटनाक्रम को लेकर प्राधिकरण कर्मियों में तीखा आक्रोश है।

जनकपुरी निवासी पंकज उपाध्याय को गुप्तारघाट में प्राधिकरण द्वारा एक दुकान आवंटित की गई है। जिसकी करीब 55 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि उसे प्राधिकरण कोष में जमा करनी थी। धनराशि जमा न करने पर प्राधिकरण द्वारा उसे कई नोटिस जारी किये गये। इसी बीच वह हाईकोर्ट चला गया। हाईकोर्ट की ओर से उपाध्यक्ष को प्रकरण निस्तारण के आदेश दिए गए। बार-बार नोटिस से खफा होकर पंकज उपाध्याय बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे प्राधिकरण कार्यालय पहुंच गया। वहां सचिव से मुलाकात के लिए पर्ची भेजने के बाद कुछ देर तक गलियारे में टहलता रहा। बुलावे पर भीतर जाते ही सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह से भिड़ गया और ऊंची आवाज में अपशब्द कहने लगा। सचिव सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माना तो उसे ऑफिस से चले जाने के लिए कहा। इस पर वो तैश में आ गया और कमर में खुसी रिवॉल्वर निकाल कर तान दी। सचिव ने बताया कि उन्होंने उसका हाथ पकड़ लिया। कैंट थाना पुलिस को सूचना दी गई। कैंट थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज आदि हासिल करने के बाद आरोपी को कैंट थाने ले गये।

### आरोपी अक्सर ऑफिस आकर बनाता था दबाव

सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी प्राधिकरण द्वारा जनकपुरी में विकसित की जा रही एलआईजी कॉलोनी में भी एक फ्लैट के लिए दबाव बना रहा था। जबकि उसे बताया जा रहा था कि आवंटन नीलामी प्रक्रिया के तहत होगा। उन्होंने बताया कि नोटिस और फ्लैट को लेकर आरोपी अक्सर आफिस आकर दबाव बनाता था।



- अयोध्या विकास प्राधिकरण में हुई घटना

# राहुल गांधी कल कोर्ट में होंगे हाजिर

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 26 जुलाई की तारीख नियत की है। इस मामले में कोर्ट ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक बयानबाजी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल की जमानत पहले ही हो चुकी है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गई सूचना के अनुसार राहुल कोर्ट में पेश होने के लिए शुक्रवार को जिले में आएंगे।

# नौ करोड़ के राख घोटाले में कई कर्मचारी जांच की जद में

संवाददाता, रायबरेली

- ऊंचाहार की दो एजेंसियों के बीच विरुद्ध प्रारंभिक जांच शुरू

**अमृत विचार :** एनटीपीसी में राख निस्तारण में हुए नौ करोड़ के खेल में एनटीपीसी के दो अधिकारियों अरविंद कुमार राय और त्वरित बंगाल के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है, किंतु इसमें कुछ अन्य कर्मचारी और निजी एजेंसी भी जांच की जद में है। जिसमें ऊंचाहार की दो एजेंसियों अमर इंटर प्राइजेज और द्विवेदी रोड लाइंस के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो सकती है।

ऊंचाहार की जिन दो एजेंसियों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच शुरू हुई है, इन एजेंसियों ने एनटीपीसी से राख उठाकर सड़क निर्माण में एनएचएआई को आपूर्ति की थी। इन एजेंसियों ने न सिर्फ एनटीपीसी को चूना लगाया है, अपितु अधिक लोड भरकर परिवहन नियमों को भी तोड़ा गया है। इनके काले कारनामों का साक्ष्य एनटीपीसी द्वारा लगाए गए तौल करने वाले धर्म कांटे में दर्ज है। अधिकतम 55 टन भार लोड करने के नियम को दरकिनार करके 65 टन तक राख लोड किया गया है। यहीं नहीं इन एजेंसियों ने राख की आपूर्ति डेढ़ से ढाई सौ किमी की दूरी करने का क्लेम एनटीपीसी से किया है, जिसका वाहन भाड़ा भी एनटीपीसी से हासिल किया है। इसमें सबसे बड़ा खेल यह हुआ कि जिस टैंकर ने एनटीपीसी के ऐश पांड से राख लोड की। वहीं करीब 500 किमी की दूरी मात्र चार घंटे में तय करके वापस लौट आया और दूसरी बार लोडिंग की है।

यह सारा खेल एनटीपीसी के अभिलेखों में प्रमाण के रूप के पकड़ा गया है। पूरे मामले की जांच कर रही विजिलेंस ने दोनों एजेंसियों के वाहन भाड़े के अभिलेखों को कब्जे में लिया है। उसके बाद अब इन एजेंसियों के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने की कवायद शुरू हुई है। जिसके बाद राख का काम करने वाली एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### दो हजार चिकित्सक बन गए विशेषज्ञ डॉक्टर



**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर हो गई, उच्च न्यायालय (लखनऊ बेंच) के एक आदेश से विभाग की समस्या का समाधान हो गया। वर्तमान में सेवारत करीब दो हजार डिप्लोमाधारी डॉक्टर विभागीय रिकार्ड में विशेषज्ञ हो गए हैं। जन सामान्य को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए बीते कई दशक से राज्य सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टरों को विभिन्न विषयों में डिप्लोमा करने भेजा जाता था। प्रदेश के आठ मेडिकल कॉलेजों में संसाधन बढ़ने के साथ ही डिप्लोमा लेने वालों की संख्या में भी इजाफा होने लगा। नतीजतन हर साल पीएमएसएच के 150-200 एमबीबीएस डॉक्टर दो वर्षीय डिप्लोमा मिलने लगा था। तकनीकी रूप से दिक्कत पंजीकरण को लेकर आ गई, तत्कालीन मेडिकल काउसिंल ऑफ इंडिया (नेशनल मेडिकल कमीशन) द्वारा मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीट नहीं बढ़ाई गई, लिहाजा मेडिकल कॉलेजों के पास प्रति डिप्लोमा जितनी अधिकृत सीटें होती थी, उतने ही डॉक्टरों को उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी में बतौर विशेषज्ञ पंजीकृत किया जाता था।

### पूर्व विधायक के खिलाफ जमानतीय वारंट

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सपा पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने कोर्ट में हाजिर न होने पर उनके खिलाफ जमानतीय वारंट जारी कर 8 अगस्त को तलब किया है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया 20 फरवरी 2022 को केएनआईटी कस्बा में मंदिर के पास बिना अनुमति जनसभा करने के आरोप में तत्कालीन दरोगा मुकेश कुमार ने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सपा पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### यूएई में फंसे उप्र के दो नागरिकों को भारत लाने की पहल

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूएई में फंसे उप्र. के दो नागरिकों को सकुशल भारत लाने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पहल की है। दोनों में एक मऊ तो दूसरा नागरिक कानपुर देहात से है। कैबिनेट मंत्री ने उनकी सहायता के लिए पीएमओ से सम्पर्क कर उनकी सुरक्षा और प्रत्यर्पण के आग्रह किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान यूएई स्थित भारतीय काउंसलेट को दिए गए निर्देश उसने वहां फंसे दोनों भारतीयों से मुलाकात की। एके शर्मा ने बताया कि मऊ जिले के रहने वाले विशाल सिंह पुत्र संजय सिंह और कानपुर देहात ज़िले की सर्वेश कुमारी पत्नी मनोज यादव नौकरी के लिए यूएई गए थे। लेकिन उनके एजेंटों एवं संभावित नियोक्ता द्वारा धोखा दिया गया। उनके नियोक्ता ने दोनों नागरिकों पर दबाव डालकर उनसे ऋण के कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनके नाम पर स्वयं ऋण प्राप्त कर लिया। इस कारण यह लोग दुबई में कानूनी एवं आर्थिक मामलों के केस में फंस गए और उनको कोई नौकरी भी नहीं मिली।

### 140 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त पेट्रोलिंग करते हुए दो तस्करों को पकड़ा है। उनके पास से 70 लाख मूल्य की 140 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसे सीज कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास एसएसबी और पुलिस के जवान गश्त कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रात पौने नौ बजे गश्त के दौरान भूरे उर्फ जियाउल हक निवासी मुकाम निबिया हुसैनपुर और सिराज निवासी सलारगंज निकट पानी टंकी थाना दरगाह शरीफ बहराइच को गिरफ्तार किया गया। जिनकी तलाशी से भूरे उर्फ जियाउल हक उपरोक्त के पास से 75 ग्राम व अभियुक्त सिराज उपरोक्त के पास से 65 ग्राम कुल 140 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। जिस पर थाने लाकर दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बरामद स्मैक को पुलिस ने सीज कर दिया।

# पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन को मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को आरओ-एआरओ और पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए उसे जमानत दे दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी की एकलपीठ ने प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में 2 मार्च को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार द्वारा दर्ज मामले में राजीव को राहत देते हुए पारित किया। इससे पहले राजीव नयन को मेरठ, नोएडा और कौशांबी में दर्ज मामलों में भी हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। कौशांबी पुलिस ने आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन सहित 23 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। कौशांबी पुलिस ने मंझनपुर, कोखराज व प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मुकदमों को आधार बनाकर गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की है। इस कारण राजीव अभी जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। इन दिनों वह मेरठ जेल में बंद है।

मालूम हो कि 11 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कई शहरों में आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा आयोजित कराई थी, जिसका पेपर राजीव ने प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी सुशील रघुवंशी से 10 लाख में लिया था और इससे उसने लगभग एक करोड़ रुपए कमाए। इस मामले में अब तक करीब 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जो अलग-अलग जेलों में बंद हैं। राजीव का नाम अब तक कुल चार भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में सामने आया है। रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2019 में राजीव भोपाल के ही तरुणेश अजारिया से मिला। तरुणेश पैसा लेकर भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक करवाने का काम करता था।

# भड़काऊ भाषण मामले में आजम खान की याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा विधायक आजम खान द्वारा फिरोजाबाद में वर्ष 2007 में भड़काऊ भाषण देने पर दर्ज मामले में दाखिल आवेदन को नए सिरे से दाखिल करने की स्वतंत्रता के साथ वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया। दरअसल सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि वर्तमान आवेदन पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर याची के अधिवक्ता के वकालतनामे के बिना दाखिल किया गया है। अतः यह स्वीकार्य योग्य नहीं है, इसे खारिज किया जाना चाहिए। इस पर याची के अधिवक्ता ने कोर्ट से बेहतर विवरण और उचित राहत देते हुए नए सिरे से आवेदन दाखिल करने की अनुमति मांगी थी।



# आपदा, भगदड़ से बचाव को एसओपी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने प्रदेश के समस्त जिलों को जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने भीड़ जनित आपदा एवं भगदड़ से बचाव को लेकर आयोजनों में भीड़ प्रबंधन व पुलिस व्यवस्थापन के लिए (एसओपी) स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। उन्होंने किसी भी प्रकार के आयोजनों के समय, आयोजक, प्रशासन, पुलिस, अस्पताल, अग्निशम, सिविल डिफेंस आदि की क्या-क्या भूमिकाएं होंगी के बारे में बताया। भविष्य में होने वाले आयोजनों में इसी एसओपी के आधार माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी भीड़ जनित आपदा के दृष्टिगत एक एकीकृत प्रणाली विकसित करते हुए डीएम, सीएमओ, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों तथा स्थानीय पुलिस के स्तर पर नियमित रूप से उक्त प्रणाली को विकसित व अपडेट किये जाने के लिए लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों को सम्मिलित करते हुए नियमित पूर्वाभ्यास। स्थानीय परिस्थितियों का समावेश करते हुए उक्त योजना को नियमित रूप से प्रतिवर्ष अपडेट किया जाए। जिले की पुलिस लाइन में विशेष आयोजनों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा सुव्यवस्थित यातायात संचरण के दृष्टिगत आवश्यक संसाधनों व उपकरणों की नियमित देखरेख व कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। जिला स्तर पर समस्त राजकीय व निजी अस्पतालों को चिन्हित कर लिया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय मजिस्ट्रेट व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जाना जरूरी है। अनुमतिकर्ता अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस द्वारा यह पूर्णरूप से सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है तथा उस स्थल पर आगन्तुकों का सुरक्षित आवागमन सम्भव है। समस्त संबंधित विभागों यथा- नोडल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सुरक्षा एजेन्सी, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग, एयरपोर्ट सुरक्षा से संबंधित समस्त एजेंसी तथा प्रोटोकॉल और जिला प्रशासन से समन्वय रखा जाए। कार्यक्रम धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, खेल आदि किस प्रकार का है, इसकी विस्तृत जानकारी कर आगन्तुकों की संख्या का पूर्वानुमान भी रखा जाए।

## अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अलीगढ़ मंडल भेजा गया

# 10 आईएएस व कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- शिव प्रसाद बने अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के प्रबंध निदेशक

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने 10 आईएएस व आधा दर्जन से अधिक पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। आईएएस शिव प्रसाद को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पद पर तैनात थे। यहां रहे राधे श्याम को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

अभी तक प्रतीक्षारत रही प्रेरणा सिंह को एसीईओ ग्रेटर नोयडा बनाया गया है। अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल डा कंचन शरण को अपर आयुक्त आगरा मंडल के पद पर भेजा गया है। अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल भेजा गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल शीलधर सिंह यादव को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बनाया गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल रणविजय यादव को विशेष सचिव सिंचाई के पद पर भेजा गया है। फिरोजाबाद की सीडीओ दीक्षा जैन को सीडीओ कानपुर, कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव रहे शत्रुघन वैश्य को फिरोजाबाद का सीडीओ बनाया गया है। कानपुर के सीडीओ सुधीर कुमार को कानपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है। पीसीएस अधिकारियों में सिटी मजिस्ट्रेट लखनऊ सिद्दार्थ को कानपुर में एडीएम एफआर के पद पर भेजा गया है। गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन गौतमबुद्धनगर बनाया गया है। एसडीएम बुलंदशहर विमल किशोर गुप्ता को मेरठ में एडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। एसडीएम बुलंदशहर लवी त्रिपाठी को एसडीएम हापुड़ बनाया गया है। एसडीएम बहराइच पंकज दीक्षित को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है। सहायक निदेशक स्थानीय निकाय शालिनी सिंह को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है। एडीएम न्यायिक रायबरेली राजेश कुमार यादव-प्रथम को एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा बनाया गया है। एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा विशाल कुमार यादव को एडीएम रायबरेली बनाया गया है।

### सिद्दार्थ बने छठे राज्य वित्त आयोग के सचिव

वित्त विभाग के अपर निदेशक सिद्दार्थ श्रीवास्तव को छठे राज्य वित्त आयोग का सचिव बनाया गया है। सचिव की नियुक्ति के बाद आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि अब वित्त आयोग अपना कामकाज शुरू कर सकेगा। तीन साल के लिए गठित यह आयोग पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों को राज्य सरकार के राजस्व से मिलने वाली हिस्सेदारी तय करेगा। आयोग इन दोनों संस्थाओं के संसाधन बढ़ाने के लिए सुझाव भी देगा। मालूम हो कि शासन ने अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार इस आयोग का अध्यक्ष और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार और आलोक दीक्षित को आयोग का सदस्य पहले ही बना चुकी है।

# थानों में बने जर्जर भवन होंगे ध्वस्त बनेंगे नए आवास

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के कई थानों में बने आवासों के जर्जर हो जाने के कारण उसे ध्वस्त करने और नए आवासों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय से आए प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए शासन ने स्वीकृति भी दे दी है। बतादें कि औरेया के थाना बिधूना में महिला आवास जर्जर हो गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के थाना मुगलपुरा थाने में बने कर्मचारियों के आवास, यहीं के कोतवाली परिसर में बने कर्मचारियों के आवास, मथुरा के थाना नौहझील में आवास एवं बैरिक, लखनऊ के बंथरा में टाइप सी-1, सी-2, सी-3, सी-4, सी-5 आवास, मथुरा के मोगर्रा थाना परिसर में जर्जर आवासों के ध्वस्तीकरण और नए आवास के निर्माण की संस्तुति कर दी गई है।

## वर्ग पहेली-141

**बाएं से दाएं**

1. 1. प्रतिमान युक्त 2. प्रतिमान के रूप में होने वाला 3. सामान्य से हट कर विशेष प्रकार की आकृति वाला।
6. नारी की स्वतंत्रता
7. दही मथने की लकड़ी की मथानी।
8. एक पक्षी, सिरोही या किलंहटी नामक चिड़िया।
9. 1. पार करने या जाने की क्रिया या भाव 2. व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन 3. तृप्ति; संतोष 4. उत्तीर्ण होना, परीक्षा या जांच में खरा उतरना 5. बादल 6. अध्ययन, पढ़ना 7. आगे बढ़ना 8. पूरा करना।
11. 1. पत्र, चिट्ठी 2. रेखा

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुल, वंश, नस्ल, कौम 2. व्यक्तित्व 4. अस्तित्व 5. शरीर।
3. 1. किसी क्षेत्र को नगरीय सुविधाओं से युक्त करने की क्रिया।
4. 1. सन्मार्ग पर चलने अथवा उस दिशा में प्रेरित करने वाला, आध्यात्मिक गुरु 2. गुरु की कृपा से बना ज्ञानी अथवा निपुण।
5. वीरों को जन्म देने वाली माता, वीर-माता, वीर-जननी।
8. 1. अगरचे, यद्यपि 2. हालांकि।
10. खंडित, विभक्त, कटा हुआ।



### वर्ग पहेली -140 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ए | क | ता | | | 2 ज़ |
| कां | | | 3 अ | मी | न |
| श | | | सं | | ख़ा |
| | 4 ए | कां | ग | | |
| | ट | | ति | | 5 बि |
| | ल | | | 6 मे | वा |
| 7 फु | स | ला | ऊ | | ई |

## सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | 4 | | | | 5 |
| 4 | | | 7 | 2 | 9 | | 1 | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 5 | 2 | | 4 | 6 | | |
| | | 2 | | 7 | | | 9 | |
| | | | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | | 4 | 3 | 7 | | | 6 |
| 6 | | | | 5 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 26 जुलाई 01.58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपको व्यर्थ बहसबाजी से बचना चाहिए। इसके कारण आपसे प्रियजन नाराज हो सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में सावधानी रखें। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष** – आज प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क बनने वाले हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ भी अवश्य उठाएंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के काम में वृद्धि होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पैरों में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है। महिलाओं को कुछ थकान महसूस होगी। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह** – आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। आपको तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या** – आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपने परिजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

**तुला** – आज वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों के भविष्य को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ बाधाओं के साथ सफलता मिलेगी। छोटी बातों पर अनावश्यक उलझने से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

**धनु** – आज आकस्मिक धन हानि हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से आपको बचना चाहिए। आप कुछ परेशान से रहेंगे। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** – आज व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। लेनदेन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी पदोन्नति को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी वक्तव्य शैली से लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। अधिकारियों के सामने अपनी योग्यता का परिचय देंगे। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज किसी पर ज्यादा निर्भरता होना उचित नहीं है। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। व्यवसाय में व्यय होने के योग बन रहे हैं। रुके हुए मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 16.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- धड़कन – सुबह : 10.48
- जख्मी सिपाही – रात : 07.00

&pictures
- एक विवाह ऐसा भी – सुबह : 11.20
- गो गोआ गॉन – रात : 08.00

SONY PIX
- जस्टिस लीग – सुबह : 11.18
- गॉडजिला – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- सिंबा – दोपहर : 12.18
- अखंडा – रात : 08.00

colors CINEPLEX
- बू – सुबह : 11.12
- खतरनाक खिलाड़ी – शाम : 05.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति – सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

एक नजर


बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

## मुख्यमंत्री धामी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों को श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

## यूट्यूबर को प्रैंक वीडियो शूट करना पड़ा भारी

**नैनीताल,अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र में एक यूट्यूबर के प्रैंक वीडियो शूट करने पर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पुलिस को बीच बचाव करना पड़ा। बुधवार की शाम मल्लीताल बोट स्टैंड में एक युवक रास्ते में मोबाइल रख प्रैंक शूट कर रहा था। देर तक शूट करने के दौरान नाव चालकों व राहगीरों ने युवक के शूट करने पर आपत्ति जताई। जब युवक की ओर से दोबारा प्रैंक शूट किया तो राहगीरों ने दूसरी जगह शूट करने की बात कही, लेकिन इस बात पर यूट्यूबर युवक भड़क गया। क्षेत्र में हंगामे के बाद लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद नाव चालकों व राहगीरों ने युवक पर हाथापाई का भी आरोप लगाया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में यूट्यूबर व नाव चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

## रोडवेज बस में बिना टिकट 10 यात्री पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली रीजन के प्रवर्तन दल ने खटीमा में मंगलवार रात मथुरा डिपो की बस में चेकिंग कर 10 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा। बस में 40 यात्री सवार थे। टीम ने मुख्यालय रिपोर्ट भेजी है ।बरेली रीजन के प्रवर्तन दल के प्रभारी सहायक यातायात निरीक्षक रवि प्रकाश मंगलवार की रात रोडवेज बसों की चेकिंग कर रहे थे।

# नकली नोट से कोल्ड ड्रिंक्स खरीदते पकड़े गए

## 6400 रुपये के नकली नोट बरामद, दिल्ली से 30 प्रतिशत में लाकर दुकानों पर चलाते थे नकली करंसी

संवाददाता, म्याऊं (बदायूं)

**अमृत विचार :** थाना अलापुर पुलिस ने दिल्ली से नकली नोट लाकर बदायूं के बाजार में चलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6400 रुपये के नकली नोट बरामद हुए। जिसमें 27 नोट 200, 2 नोट 500 के थे। वह दिल्ली के युवक से 30 प्रतिशत में रुपये लाकर दुकानों पर चलाते थे।

एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि कार सवार एक युवक थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बिचपुरी के पास एक खोखे पर पहुंचा था। उसने दो सौ रुपये का नोट देकर कोल्ड ड्रिंक खरीदी। खोखा संचालक पप्पू दक्ष को नोट निकली लगा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। म्याऊं चौकी इंचार्ज राकेश सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। युवक की तलाशी ली उसके पास से तीन और नकली नोट बरामद हुए। युवक को चौकी लाया गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की।


पुलिस की गिरफ्त में दिल्ली से लाकर बाजार में नकली नोट चलाने के आरोपी।

- 6400 रुपये के नकली नोट बरामद
- पुलिस की पूछताछ में उगला राज, उत्तराखंड का युवक भी शामिल

युवक ने अपने दो अन्य साथियों के नाम बताए। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ने टीम बनाकर घेराबंदी की और गौतरा तिराहे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने अपने नाम उसावां थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा निवासी मनोज पुत्र गजेंद्र सिंह, अलापुर के मोहल्ला बजरिया के वार्ड तीन निवासी अभय गुप्ता और इसी मोहल्ले के गोविंद उर्फ गौरव गुप्ता पुत्र मदनलाल बताया। उनके पास से नकली नोट के अलावा 1250 के असली नोट भी मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिन पहले अपने साथी गांव बझेड़ा निवासी रोबिन पुत्र जसवीर के साथ दिल्ली गए थे। उन्हें वहां हरिद्वार का भगत जी उर्फ नेता जी नाम का युवक मिला। उसने 30 हजार रुपये असली नोट के बदले एक लाख रुपये के नकली नोट दिए। चारों लोगों ने एक लाख रुपये आपस में बांट लिए। अपने-अपने हिस्से के नकली नोट चलाते रहे। पुलिस ने आरोपी मनोज, अभय गुप्ता, गोविंद उर्फ गौरव गुप्ता, रोबिन, भगत जी उर्फ नेता जी के खिलाफ जाली मुद्रा की तस्करी करने समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ चौकी इंचार्ज राकेश चौहान व लोकेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबिल रामबाबू, कांस्टेबिल गोपाल त्यागी व शहंशाह खान रहे।

> जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले तीन युवकों को पकड़ा गया है। वह दिल्ली में एक युवक को 30 हजार रुपये देकर एक लाख के नकली नोट लाए थे। आरोपियों की तलाशी लेने पर 6400 रुपये के जाली नोट भी बरामद हुए। बाकी के नोट वह बाजार में खर्च कर चुके हैं। उनके दो और साथियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। बाजार में कहां-कहां नकली करेंसी चलाई गई इसकी जानकारी की जा रही है।
>
> **- अमित किशोर श्रीवास्तव,** एसपी सिटी

# पुलिस को देखकर नाबालिग ने लगा दी गोमती में छलांग

संवाददाता, बागेश्वर

- बागनाथ मन्दिर से एक व्यक्ति के खोए मोबाइल के बारे में पुलिस करने गई थी पूछताछ
- मौके पर जुटी लोगों की भीड़, युवक ने नदी में छलांग लगाकर नाबालिग को बचाया

**अमृत विचार:** यहां एक किशोर ने चोरी हुए मोबाइल के बारे में पूछताछ के लिए पहुंची पुलिस के पसीने छुड़ा दिए। किशोर ने पुलिस को मोबाइल की जानकारी देने की बात कहकर पहले तो इधर-उधर दौड़ाया और बाद में चकमा देकर उफनाई गोमती नदी की ओर दौड़ लगा दी। पुलिस उसके पीछे दौड़ी और किशोर को समझाने की कोशिश की लेकिन आनक उसने उफनाई गोमती नदी छलांग लगा दी। इससे पुलिस कर्मियों के होश फाख्ता हो गए। नाबालिग तैरते हुए नदी के बीच एक चट्टान पर बैठ गया।

इस पर पुलिस के साथ ही मौके पर जमा भीड़ ने किशोर को काफी समझाया लेकिन वह नहीं माना और चट्टान पर ही बैठा रहा। इस दौरान पुलिस के जवान भी बेहद परेशान और घबराए रहे। कुछ देर बाद किशोर ने कपड़े उतारे और फिर से नदी में कूद गया और तैरकर उफनाई सरयू नदी की ओर जाने लगा। इस पर मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ ही अन्य लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते किशोर सरयू की तेज लहरों के बीच पहुंच गया। तभी किशोर की जान को खतरा देख मौके पर मौजूद एक युवक ने जान जोखिम में डाल नदी में छलांग लगा दी और नदी के बीच पहुंचकर उक्त नाबालिक को किनारे ले आया। इस पर पुलिस के साथ ही मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल बुधवार सुबह बागनाथ मन्दिर से किसी व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया था। मोबाइल ढूंढने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की।

## स्नातक में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के आवेदन का आज अंतिम दिन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण गुरुवार तक होंगे। इसके बाद 26 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रथम चरण के छूटे हुए और द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों की मेरिट जारी कर प्रवेश किए जाएंगे। गुरुवार तक पहली चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश होंगे। अब तक एक लाख से अधिक छात्रों के प्रवेश हो चुके हैं ।स्नातक में प्रवेश के लिए 10 मई से पंजीकरण शुरू हुए थे। प्रथम चरण में 9 जून तक पंजीकरण हुए थे लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया गया था और 11 से 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने के निर्देश दिए गए थे। वहीं दूसरे चरण में 25 जुलाई तक पंजीकरण होंगे और फिर मेरिट जारी कर प्रवेश होंगे।

# कांवड़ यात्रा: हाईवे पर दो अगस्त तक प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन

संवाददाता, काशीपुर

- ऊधमसिंह नगर और यूपी की पुलिस ने गहन मंथन किया

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था समेत शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर जनपद ऊधमसिंह नगर और यूपी के जनपद रामपुर, मुरादाबाद जिलों के पुलिस अधिकारियों ने गहन मंथन किया और कांवड़ को सकुशल संपन्न कराने के लिए रोडमैप तैयार किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समन्वय बैठक में दो अगस्त तक संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद रखने पर सहमति बनी। वहीं 27 जुलाई से दो अगस्त तक खनन वाहनों पर पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है।

बुधवार को काशीपुर-दिल्ली मार्ग पर आगामी दो अगस्त तक भारी वाहनों का आवागमन बाधित रहेगा। उनके लिए डायवर्ट रूट प्लान भी जारी किया गया। यात्रा के दौरान एनएच और काशीपुर-दिल्ली मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने और यात्रा मार्ग पर मीट, मछली व शराब की दुकानें बंद रखी जाएगी। इस दौरान यात्रा मार्ग पर एलटी लाइन के पोलों पर झूलते बिजली तारों को सही कराने, झुके पेड़ों को हटाने, कांवड़ यात्रियों की वीडियोग्राफी कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि यात्रा के दौरान अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए और शरारती तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। यात्रा मार्गों पर एंबुलेंस और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी है।

वहीं काशीपुर क्षेत्र का भारी वाहनों को दिल्ली रूट के लिए बाजपुर के दोराहा होते हुए स्वार, रामपुर के लिए भेजा जाएगा। वही कांवड़ मार्ग पर यात्रा तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही 27 जुलाई से दो अगस्त तक खनन वाहनों पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

## चेक बाउंस केस में आरोपी को तीन माह की सजा

**काशीपुर,अमृत विचार:** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और दो लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

महुआखेड़ागंज स्थित एनएक्ससी कंपनी कीटनाशक दवा का कारोबार करती है। वर्ष 2022 में ग्राम गंगेरू जिला शामली निवासी गोविंदा ने उसकी कंपनी से 1.68 लाख रुपये की दवाइयां खरीदी थीं। रकम के भुगतान की एवज में उसने कंपनी को इसी राशि का चेक दिया था। कंपनी के डायरेक्टर बैनेट मैसी ने यह चेक अपने खाते में लगाया तो चेक बाउंस हो गया। जिस पर मैसी ने अपने अधिवक्ता रहमत अली खां के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी गोविंदा को 138 एनआई एक्ट के तहत दोषी पाया। द्वितीय एसीजे चेतन सिंह गौतम की अदालत ने आरोपी गोविंदा को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है।

# युवक का अश्लील वीडियो बनाकर कराया धर्म परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों ने बेटी से कराया निकाह, 22 लाख रुपये भी हड़पे
- एडीजी के आदेश पर थाना किला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** अश्लील वीडियो बनाकर एक युवक का ब्लैकमेल और धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करा दिया गया। युवक के पिता ने जेवर समेत करीब 22 लाख रुपये की ठगी का भी आरोप लगाया है। एडीजी के आदेश पर थाना किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिता ने बेटे को तलाश करने की भी मांग की है।

किला के केलाबाग निवासी प्रेमशंकर शर्मा ने बताया कि उनका बेटा गौरव एक दूरभाष कंपनी में काम करता था। 2 जनवरी 2023 को सुबह 9:30 बजे उनका बेटा ड्यूटी पर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। वह घर से सात लाख रुपये नकद और बेटी की शादी के लिए रखे आठ लाख रुपये के जेवर साथ ले गया था। उन्हें पता चला कि गौरव प्रेमनगर के मौलानगर के एक समुदाय विशेष के परिवार के संपर्क में है। परिवार इस समय इज्जतनगर के परतापुर चौधरी में रहता है। बेटे को बंधन से मुक्त कराने के लिए उन्होंने 10 जनवरी 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि आरोपी, उसकी पत्नी, दो बेटे, बेटी और एक अन्य ने मिलकर गौरव का अश्लील वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल करके गौरव से 14 लाख रुपये और आठ लाख रुपये के जेवर हड़प लिए। प्रेमशंकर का आरोप है कि उनके बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर आरोपियों ने उसका जबरन निकाह करा दिया है। शिकायत करने पर आरोपी गौरव से झूठी शिकायतें करा रहे हैं।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके सरकारी आवास पर मुरादाबाद मंडल से आए विधायकों ने शिष्टाचार भेंट की।

# समस्याएं न सुनी जाए, तो हमें बताएं : योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुरादाबाद मंडल के विधायकों ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारियों के स्तर पर अगर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं न सुनीं जायं, तो सीधे उन्हें बताएं। लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सरकारी आवास पर आये मुरादाबाद व बरेली मंडल के विधायकों के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्हें यह भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ायें और लोगों की समस्याओं को सुनने व उसके निस्तारण कराने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि जनता में अपनी पकड़ मजबूत करें। लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी कमी रह गई हो, उसे दूर करें, ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका फायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने विधायकों से चुनाव के दौरान उन्हें मिले वोट के बारे में भी जानकारी ली।

वोट प्रतिशत में कमी व कारणों पर चर्चा की। कई विधायकों ने विपक्षी दलों की ओर से संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने जैसी बयानबाजी को निराशाजनक प्रदर्शन का कारण बताया। उनका कहना था कि इसी कारण से वोट प्रतिशत में कमी आई है।

# ग्राम पंचायत को आदर्श बनाने का काम कराएं :जिलाधिकारी

संवाददाता,बहजोई

- स्वच्छ भारत अभियान के तहत कराये जा रहे कार्य की समीक्षा की

**अमृत विचार:**जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत कराये जा रहे कार्य की समीक्षा की। जिसमें डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय ने विभिन्न बिंदुओं के बारे में डीएम को जानकारी दी।

अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य को लेकर डीएम ने कहा कि जो अंत्येष्टि स्थल अभी निर्माणाधीन हैं उनका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। ग्राम पंचायत में बन रहे जन सेवा केंद्र एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि खिड़की व दरवाजे पर छज्जा नहीं है उसको भी लगवाया जाए। पंचायत स्तर पर पंचायत सहायकों की स्थिति के डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में 82 पद रिक्त हैं। जिनको लेकर डीएम ने कहा कि पत्राचार करते हुए रिक्त पदों पर यथाशीघ्र पारदर्शी तरीके से पंचायत सहायकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। जो पंचायत सहायक कार्य सही से नहीं कर रहे हैं उनको चेतावनी जारी की जाए। जिससे ग्राम स्तर पर अच्छा कार्य हो सके। **रात्रि में 9 से 10 बजे तक खोले पुस्तकालय :** डीएम ने कहा कि पुस्तकालय में एनसीआरटी की पुस्तक होनी चाहिए। छात्र-छात्राओं को बैठने की व्यवस्था अलग-अलग की जाए। ग्राम पंचायत में पिंक पुस्तकालय भी बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय रात्रि के समय 9 से 10 बजे तक खुले।

## युवक को दी जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला में दबंग ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक राजेश को जान से मारने की धमकी दी है। युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर आरोपियों की गिरफतारी की मांग की है।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिंटेन्डेन्ट) मो. 7521001987


अंतरजनपदीय खेल

महिला वर्ग में बदायूं, पीलीभीत, बरेली, संभल, अमरोहा का रहा दबदबा

# मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर के खिलाड़ी छाए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुलिस परेड ग्राउंड में अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता शुरू

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस विभाग की अंतरजनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पॉवर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली और फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। एसपी देहात राम मोहन सिंह ने भार उठाया। खिलाड़ियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता तीन दिन चलेंगी। खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से बेहतर करने के लिए अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा, सीओ उझानी शक्ति सिंह मौजूद रहे।

पॉवर लिफ्टिंग की पुरुषों की 59 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता में बदायूं के रोहित को पहला, हरीश को दूसरा, महिला के 63 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर की पुष्पा चाहर को पहला, मुरादाबाद की अमरीन को दूसरा और पुरुषों के 66 किग्रा वर्ग में बिजनौर के पवन शर्मा को पहला बरेली के सिद्धार्थ बालियान को दूसरा स्थान मिला। पुरुषों के 74 किग्रा वर्ग में बरेली के कटार भाटी को पहला, शाहजहांपुर के निसार हुसैन को दूसरा, 83 किग्रा वर्ग में बिजनौर के शुभम मलिक को पहला, अमरोहा के कपिल चौधरी को दूसरा स्थान मिला। 93 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर के भारत पवार ने पहला, बदायूं के पवन कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद 105 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता हुई। जिसमें पीलीभीत के सुमित पहले स्थान पर रहे। जियाउर्रहमान को दूसरा स्थान मिला। 120 किग्रा वर्ग में अमरोहा के परमजीत पहले, शहाजहांपुर के गौरव गौतम दूसरे, 120 किग्रा से ऊपर के वर्ग में रामपुर के विनय पहले, जगमोहन दूसरे नंबर पर रहे। महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में बिजनौर की रजनी पहले, मुरादाबाद की पूजा दूसरे, 52 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर की संगीता पहले, बदायूं की नूतन दूसरे, 57 किग्रा वर्ग में मुरादाबाद की संगीता पहले, बदायूं की निकिता दूसरे स्थान पर रहीं। जिसके बाद 69 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता हुई। जिसमें पीलीभीत की उर्वशी पहले, बरेली की रंजना दूसरे, 76 किग्रा वर्ग में मुरादाबाद की मधु कश्यप पहले, बदायूं की पायल कोयड़ दूसरे और 84 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर की साक्षी पहले व मुरादाबाद की रमा यादव दूसरे स्थान पर रहीं। 26 जुलाई को प्रतियोगिताओं का समापन होगा।


भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## लेनदेन में पूर्व प्रधान की पत्नी की पीटकर हत्या

**बरेली/अलीगंज, अमृत विचार :** थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव गैनी में पैसों के लिए पूर्व प्रधान का बड़े भाई से विवाद हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बुजुर्ग पत्नी को भी जमकर पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बड़े भाई समेत चार आरोपियों पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव गैनी निवासी पूर्व प्रधान एवं अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात 9 बजे उनका बड़े भाई सतीश चंद्र शर्मा से पैसों को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान सतीश के बेटा शरद शर्मा ने उनके साथ मारपीट की। उनके सिर और पैर में चोट आई है। विवाद बढ़ता देख उनकी पत्नी पूनम शर्मा (68) बीच बचाव करने लगीं। आरोप है कि शरद शर्मा, उसकी पत्नी प्राची, सतीश शर्मा और उसकी पत्नी कमला ने मारपीट की, जिससे पूनम गंभीर रूप से घायल हो गईं। पूनम को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



● हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा- नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

# अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी



अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

## 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024 ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।




ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

शीतकालीन ओलंपिक



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

# टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



● सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी शृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। जयसूर्या ने खुलासा किया कि श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों के लंका प्रीमियर (एलपीएल) लीग से जुड़ा होने के बावजूद भरूचा के साथ छह दिन के शिविर का आयोजन किया गया। हमने एलपीएल के तुरंत बाद सत्र शुरू किया। अधिकतर खिलाड़ी एलपीएल में खेल रहे थे इसलिए वे क्रिकेट में व्यस्त थे और हम चाहते थे कि वे अधिक से अधिक क्रिकेट खेलें। हम राजस्थान रॉयल्स से जुबिन को लाए और हमने लगभग छह दिन उनके साथ काम किया। एलपीएल में खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े। मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों ने सीख लिया है कि आप (प्रबंधन) अभ्यास और तकनीक के मामले में उनसे क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा तैयारी अच्छी थी और टी-20 शुरू होने से पहले कैंडी में हमारे पास दो दिन और हैं।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## सबसे यादगार पल फेडरर से मिलना : शरत कमल

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल के लिए ओलंपिक खेलों में सबसे यादगार पल महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर से मिलना रहा।

शरत ने पहली बार 2004 में ओलंपिक खेलों में भाग लिया था और तब पहली बार उन्हें फेडरर से मिलने का मौका मिला था। इस 42 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम इस बार पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाई है। शरत ने 2004 की यादों को ताजा करते हुए अल्टीमेट टेबल टेनिस से कहा एक दिन मैं लंच करने के लिए जा रहा था तभी मुझे एक व्यक्ति टेनिस बैग लिए हुए आते दिखा। जब मैं अपनी प्लेट लेने के लिए गया तब मुझे एहसास हुआ कि यह तो रोजर फेडरर है। मैं बहुत खुश था और मैंने उनके जितना संभव हो उतना करीब जाने का प्रयास किया। हम एक ही टेबल पर खाना खा रहे थे। तभी एक और व्यक्ति आया। उन्होंने हाथ मिलाया। मैंने उसे दिखा। वह एंडी रॉडिक था।

# टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

● टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

# मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी



मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। पहले ही ओवर में जहांआरा आलम ने ए एच हाशिम (शून्य) को आउट कर मलेशिया को पहला झटका दिया। इसके बाद आई हंटर को (20), तीसरे विकेट के रूप में वान जुलिया (11) को ऋतु मोनी ने बोल्ड किया। कप्तान वी दुरइसिंगम (8), आइना नजवा (4), ए अलिसा (1), एम आई इस्माइल (15) और एस मनिवन्नन (8) रन बनाकर आउट हुई। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर और मुर्शीदा खातून की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए (65) रन जोड़े। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। बांग्लादेश को दूसरा विकेट 17वें ओवर में मुर्शीदा खातून के रूप में गिरा। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। कप्तान निगार सुल्ताना 37 गेंदों में (62) और रुमाना अहमद (6) रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश ने दो विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## टीम का सफलता सूत्र, एक बार में एक मैच पर ध्यान देना : दीप्ति

**दाम्बुला।** सीनियर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने कहा कि महिला टी-20 एशिया कप में भारतीय टीम का सफलता का सूत्र एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना है, क्योंकि जब टीम पिछली बार यहां खेली थी तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई विशेष बदलाव नहीं आया है।



भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में मंगलवार को नेपाल को 82 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में शेफाली वर्मा ने 48 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी जबकि दीप्ति ने 13 रन देकर 3 विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 178 रन बनाए और इसके बाद नेपाल को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 98 रन पर रोक दिया था। दीप्ति ने मैच के बाद कहा हम पहले मैच से ही प्रत्येक मैच और प्रत्येक परिस्थिति को लेकर काफी आश्वस्त हैं। अब हमारी निगाह सेमीफाइनल पर है। भारतीय टीम इससे पहले जून 2022 में यहां खेली थी और दीप्ति ने कहा कि तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आया है। कुछ भी नहीं बदला है। हमने इसे सरल बनाए रखा है और हमारा ध्यान केवल अगले मैच पर केंद्रित रहता है। मैं पिछली बार भी यहां खेली थी और तब से कोई बदलाव नहीं आया है।

बॉलीवुड हलचल

# पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडननेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।

# सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## बौछारें



मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

### न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन शत प्रतिशत कारगर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक एक दवा ने महिलाओं में 100 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई है तथा इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है।



साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली लेनकापाविर को अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज द्वारा 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (रोग निरोधक) दवा के रूप में विकसित किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अध्ययन, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में किशोरवय लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल करते हुए चरण-3 का परीक्षण है।

बयान के अनुसार इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (प्रीईपी) लेनकापाविर ने शून्य (एचआईवी) संक्रमण और 100 प्रतिशत प्रभावशीलता प्रदर्शित की। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव (बॉडी फ्लूइड) से फैलता है। उपचार न किए जाने पर, संक्रमण वर्षों में एड्स या 'एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम' में बदल सकता है। उद्देश्य 1 परीक्षण में, 5,338 प्रतिभागियों को, जो शुरू में एचआईवी-नेगेटिव थे, तीन समूहों में विभाजित किया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए।

### शानदार परिणाम मिलेंगे : बेकर

केपटाउन विश्वविद्यालय के डेसमंड टूटू एचआईवी सेंटर की निदेशक और अध्ययन की प्रथम लेखक लिंडा-गेल बेकर ने एक बयान में कहा ये शानदार परिणाम दर्शाते हैं कि प्रीईपी के लिए दो बार वार्षिक लेनकापाविर, यदि स्वीकृत हो जाता है, तो एक अत्यधिक प्रभावी, वहनीय और विवेकपूर्ण विकल्प प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से प्रीईपी के उपयोग और दृढ़ता में सुधार कर सकता है, जिससे हमें वैश्विक स्तर पर सिसजेंडर महिलाओं में एचआईवी को कम करने में मदद मिल सकती है। सिसजेंडर वह शब्द है जो किसी व्यक्ति की लैंगिक पहचान को दर्शाता है, न कि उसकी यौन अभिरुचि को।

### इंजेक्शन लगने की जगह पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई

अध्ययन के लेखकों ने लिखा साल में दो बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ। लेनकापाविर समूह के लगभग 70 प्रतिशत प्रतिभागियों में सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन-स्थल पर होने वाली प्रतिक्रियाएं थीं। हालांकि, बयान के अनुसार इंजेक्शन-स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है।

### माल्विनास द्वीप के पास नाव पलटी, 8 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** माल्विनास द्वीप समूह के पास सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे अंग्रेजी में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह कहते हैं। इस द्वीप पर अर्जेंटीना अपना दावा करता है लेकिन यह ब्रिटेन द्वारा शासित है। यह जानकारी अर्जेंटीना और स्पेनिश मीडिया ने दी। अर्जेंटीना के दैनिक समाचारपत्र ला नासियोन ने कहा कि सोमवार को मछली पकड़ने वाली नौका टूथफिश की तलाश में माल्विनास द्वीप के पास नौकायन कर रही थी, तभी उसका पतवार टूट गया और वह डूब गया।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के प्रयास हुए तेज

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से कहा- सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होगी मुलाकात



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अब्बास के पत्र के जवाब में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा।

**अपने कार्यकाल के दौरान शांति और स्थिरता कायम की थी :** उन्होंने कहा मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी, यहां तक कि ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे और हम पुनः शांति कायम करेंगे। जैसा कि मैंने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य विश्व नेताओं के साथ की गई चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के माध्यम से शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि इन भयानक घातक युद्धों और हिंसक संघर्षों को समाप्त किया जाना चाहिए। लाखों लोग मर रहे हैं और कमला हैरिस किसी भी तरह से इसे रोकने में सक्षम नहीं हैं।

### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। हालांकि, वह नेतन्याहू द्वारा संबोधित किए जाने वाले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता नहीं कर पाएंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। उपराष्ट्रपति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए 24 जुलाई को इंडियानापोलिस जा रही हैं और वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कांग्रेस के संयुक्त सत्र के पहले से निर्धारित संबोधन में भाग नहीं ले पाएंगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें। नेतन्याहू का अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। यह अमेरिकी संसद में नेतन्याहू का चौथा संबोधन है, जो किसी भी विदेशी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस में सबसे अधिक बार दिया जाने वाला संबोधन होगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता आम तौर पर उपराष्ट्रपति करते हैं। अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस संबोधन में भाग न लेने के लिए हैरिस की आलोचना की है। डेमोक्रेटिक की ओर राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले सप्ताह में हैरिस इजराइली प्रधानमंत्री की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी विदेश नीति में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा विभाजनकारी मुद्दे का सामना करेंगी।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश

**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

**ढाका, एजेंसी**

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा से लगभग देश में 200 लोगों की हो चुकी है मौत



बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।

### आरक्षित कोटा घटाकर पांच प्रतिशत किया

देशव्यापी हिंसा के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। बीडी न्यूज 24 न्यूज पोर्टल ने खबर दी है कि देश में मोबाइल इंटरनेट अब भी बंद है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित कोटा घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, अब 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता आधारित होंगी।

# इमरान ने नहीं कराया पोलीग्राफ टेस्ट

**लाहौर, एजेंसी**

- 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम परीक्षण करने पहुंची थी जेल
- पिछले साल हुए अप्रत्याशित उपद्रव के कारण जेल में हैं बंद



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है।

12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और फोटोग्रेमेट्री परीक्षण करने थे।

### बोले- पिछली जांच पूरी होने के बाद देंगे समय

इमरान खान ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी जांच की जा रही है और पिछली जांच के पूरा हो जाने के बाद ही वह पुलिस को समय देंगे। डॉन अखबार की खबर है कि पुलिस अधिकारियों ने उससे 9 मई के उपद्रव के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछताछ की। इस उपद्रव के दौरान लाहौर कोर कमांडर के आवास, सैन्य प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। इस अखबार के मुताबिक जेल से लौटने के बाद, पुलिस टीम और पीएफएसए विशेषज्ञों ने लाहौर के डीआईजी (जांच) जीशान असगर को खान के असहयोग के बारे में बताया।

## पोत पर घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

**पेरिस, एजेंसी**

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

**बीजिंग, एजेंसी**

- चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन जारी

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी।

हांगकांग मीडिया के अनुसार यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई। सीएएस ने कहा कि 2020 में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से युक्त एक जलयोजित खनिज पाया है।

### भारत के चंद्रयान 1 ने खोजी थी ऑक्सीजन

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है।

## एससीओ देशों ने पहला संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसमें आतंकवादी समूहों के उन्मूलन जैसे विशेष अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चीन के जनसूचना मंत्रालय ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में हाल ही में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास इंटरैक्शन-2024 आयोजित किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि यह अभ्यास पहली बार आयोजित किया गया और इसमें एससीओ के सभी सदस्य देशों की संबंधित एजेंसियों ने हिस्सा लिया।

## खगोल विज्ञान

### नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।

### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।